
बाबा महाकाल का अभिषेक


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 24 दिसंबर 2025



Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### अब मुलताई का नाम होगा मुलतापी,सीएम की घोषणा




**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ताप्ती उदगम स्थल मुलताई शहर का नाम बदलकर 'मुलतापी' करने की महत्वपूर्ण घोषणा भी की। सूर्यपुत्री मां ताप्ती की महिमा को रेखांकित करते हुए सीएम यादव ने जिलेवासियों की पुरानी मांग को पूरा किया। इसके लिए राज्य सरकार जल्द ही केंद्र सरकार को औपचारिक प्रस्ताव भेजेगी। इसके बाद नाम बदल जाएगा।

### सोना 1.36 लाख के पार चांदी भी ऑलटाइम हाई पर



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर रहे। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोना 2,313 रुपए बढ़कर 1,36,283 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 3,273 रुपए बढ़कर 2,11,000 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। ▸▸ पढ़ें पेज 05 भी

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने रखी नींव

# देश का 'पहला' पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज बनेगा धार में

**प्रदेश के दो जनजातीय बाहुल्य जिले धार और बैतूल में मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन**

*स्वामी विवेकानंद शिक्षा धाम फाउंडेशन के साथ हुए अनुबंध के तहत 25 एकड़ भूमि पर 260 करोड़ रुपए की लागत से धार का मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार होगा*


जेपी नड्डा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

धार में पब्लिक प्राइवेट प्रार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर देश के पहले मेडिकल कॉलेज की नींव मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने रखी। पीपीपी मोड पर स्वामी विवेकानंद शिक्षा धाम फाउंडेशन के साथ हुए अनुबंध के तहत 25 एकड़ भूमि पर 260 करोड़ रुपए की लागत से धार का मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जेपी नड्डा ने रिमोट का बटन दबाकर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया। पीजी कॉलेज मैदान धार में शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर रहा है। प्रदेश के दो जनजातीय बाहुल्य जिले धार और बैतूल में मंगलवार को मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन हो रहा है। यह पीपीपी मोड पर बनने वाला देश का पहला ▸▸ शेष पेज 4 पर

*इसी वर्ष अगस्त माह में पीपीपी मॉडल पर बैतूल, कटनी, धार और पन्ना में चार नए चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए थे*



रिमोट का बटन दबाकर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास

### मध्यप्रदेश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश को दिया एक नेतृत्वः नड्डा

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि धार में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन देश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। मप्र ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश को एक नेतृत्व दिया है। राज्य में नवाचारी सोच और जन सहभागिता के साथ देश में पीपीपी मोड के आधार पर पहला मेडिकल कॉलेज शुरू किया जा रहा है। मप्र ने इस मामले में देश का नेतृत्व किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी



### वर्ष 2002-03 में थे सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में वर्ष 2002-03 तक मात्र पांच मेडिकल कॉलेज थे। अब प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 33 हो चुकी है। राज्य में पिछले दो सालों में छह शासकीय मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए। इनमें आदिवासी अंचल ▸▸ शेष पेज 4 पर

### धार को मां नर्मदा और ऋषि दाधीच का आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार को ऋषि दाधीच और मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त है। यह जनसंघ के आदिपुरुष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे की जन्मस्थली भी है। प्रधानमंत्री ने अपने 75वें जन्मदिवस पर धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन किया था।

### एमबीबीएस की वर्ष 2030 में 75 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्यः नड्डा

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि देश में 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज और 51 हजार एमबीबीएस सीटें थी, आज 819 मेडिकल कॉलेज और एमबीबीएस के लिए 1 लाख 29 हजार सीटें हैं। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2030 से पहले 75 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। नड्डा ने विवेकानंद नॉलेज फाउंडेशन की पदाधिकारी सुनीता कपूर और श्रुति कपूर को पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आरंभ करने पर बधाई दी।

**इंदौर पुलिस पर साइबर अटैक**

## ई-चालान की फर्जी लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक


फाइल फोटो

***विभिन्न थानों में तैनात करीब एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी बने शिकार***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

शहर के विभिन्न थानों में तैनात करीब एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन एक फर्जी ई-चालान एपीके फाइल के जरिए हैक कर लिए गए हैं। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

इस साइबर हमले का मुख्य असर आजाद नगर, लसूडिया और चंदन नगर थानों में पदस्थ कर्मियों पर देखा गया है। चंदन नगर थाने सहित अन्य क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से एडवाइजरी जारी कर दी गई है ताकि अन्य कर्मचारी इस जाल में न फंसें। साइबर ठगों ने एक बेहद शातिर तरीका अपनाया है। पुलिसकर्मियों के वॉट्सएप पर ई-चालान के नाम से एक एपीके (एंड्रॉयड अप्लीकेशन पैकेज) फाइल भेजी ▸▸ शेष पेज 4 पर







# क्रिसमस पर्व के चलते आकर्षक रोशनी से जगमगाने लगे चर्च, कल गिरजाघरों में होंगी विशेष प्रार्थनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में क्रिसमस का उत्साह नजर आने लगा है। अब इस पर्व को लेकर सिर्फ दो दिन ही बचे हैं, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। राजधानी के गिरजाघर आकर्षक रोशनी से जगमगाने लगे हैं। तो वहीं घर-घर कैरोल सिंगिंग का दौर चल रहा है। इसके अलावा जगह-जगह लोग सांताक्लॉज की ड्रेस पहनकर बच्चों को टॉफियां और खिलौने बांट रहे हैं। बाजारों में भी गिफ्ट आइटम से लेकर लाइटिंग, खिलौने, क्रिसमस ट्री आदि की खरीदारी बढ़ गई है। साथ ही विशेष प्रार्थना की जाएगी। क्रिसमस पर्व के



लिए अब दो दिन रह गया है। प्रभु यीशु के आगमन के इस आखिरी सप्ताह में श्रद्धालु प्रभु यीशु की आराधना में लीन है। शहर के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना की जा रही। साथ ही प्रभु यीशु के जन्म का संदेश देने के लिए झांकियां भी तैयार की जा रही है। कैथोलिक और प्रोटेस्टंट चर्चों की टीमें शहर की कॉलोनियों में घर-घर पहुंचकर कैरोत गीत गा रही हैं। यह सिलसिला रात्रि तक चल रहा है। कैथोलिक चर्चों में बुधवार देर रात से ही क्रिसमस पर्व मनाने की शुरुआत हो जाती है, जो मध्यरात्रि के बाद तक रहती है। इसी प्रकार राजधानी के चर्चों में 25 दिसंबर को क्रिसमस के आयोजन किए जाएंगे। गोविन्दपुरा चर्च के फादर रेवरेन्ड अनिल मार्टिन ने बताया कि कैरोल सिंगिंग के द्वारा प्रभु यीशु मसीहा का विश्व को दिए मानवता का संदेश दिया जा रहा है।

# सिख समाज के लोग निकाल रहे शहादत को समर्पित जागृति यात्रा

शहीदी गुरमत समागम का आयोजन 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरु गोविंद सिंह के चार साहबजादे और माता गुजरी बाई की शहादत की याद में हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा नानकसर में शहीदी गुरमत समागम का आयोजन 26 दिसंबर को किया जाएगा। इस दौरान गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादे की शहादत पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा जागृति यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा करमवीर नगर गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर पंजाबी बाग गुरुद्वारा पहुंची। कमेटी के अध्यक्ष परमवीर सिंह वजीर ने बताया कि 28 दिसंबर तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी। यह पैदल यात्रा शहर के सभी 21 गुरुद्वारों में पहुंचेगी। गुरुद्वारों में मत्था टेक अरदास की जाएगी। यात्रा का उद्देश्य चार साहिबजादे के जीवन का इतिहास के बारे में बताना है और हिंदी में पुस्तक छाप कर सभी को बांटी जा रही है।

## टीटी नगर गुरुद्वारा से होगा प्रारंभ

यात्रा टीटी नगर गुरुद्वारा से 10 नंबर व साकेत नगर गुरुद्वारा निकाली गई। 24 को पुल बोगदा ऐशबाग गुरुद्वारा से जहांगीराबाद होकर प्रभात चौराहा के पास गुरुद्वारा, 25 को संत नगर से गांधी नगर गुरुद्वारा, 27 को बाउली साहेब रामनगर से शाहाजहांनाबाद, टीला जमालपुरा गुरुद्वारा, 28 को यात्रा टेकरी गुरुद्वारा से हमीदिया रोड नानकसर गुरुद्वारा पहुंचेगी।

### बच्चे संभालेंगे व्यवस्था

गुरु गोविंद सिंह का जन्मोत्सव स्त्री सत्संग द्वारा 11 जनवरी 2026 को मनाया जाएगा। इसमें महिलाएं सारी जिम्मेदारियां निभाएंगी। इससे पहले 5 जनवरी को मुख्य आयोजन हमीदिया गुरुद्वारा में होगा। गुरु गोविंद सिंह के चार साहबजादे और माता गुजरी बाई की शहादत की याद में हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा नानकसर में शहीदी गुरमत समागम का आयोजन 26 दिसंबर को किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अतिथि शिक्षक 31 जनवरी को करेंगे प्रदेशव्यापी आंदोलन

**भोपाल।** भविष्य सुरक्षित करने सहित लंबे समय से विभिन्न मांगो के पूरा नहीं होने से नाराज अतिथि शिक्षक एक बार फिर प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी कर रहे है। भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में अतिथि शिक्षक समन्वय समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 25 दिसंबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक सभी संभागों में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 31 जनवरी को राजधानी भोपाल में सरकार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन का आरोप है कि सरकार ने वादों को पूरा नहीं किया। अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के संस्थापक पी.डी. खैरवार के निर्देशानुसार भोपाल में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में अध्यक्ष सुनील परिहार सहित सभी पदाधिकारियों ने आंदोलन की रूपरेखा तय की।

### बांग्लादेश में युवक की हत्या को लेकर विहिप का प्रदर्शन

**भोपाल।** बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपु चंद्रदास की भीड़ द्वारा की गई निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा राजधानी में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान डीबी मॉल के सामने जमकर विरोध प्रदर्शन के साथ ही डीबी मॉल, बोर्ड ऑफिस चौराहे से होकर ज्योति टॉकीज तक रैली भी निकाली गई। विहिप बजरंग दल ने कहा कि बांग्लादेश में गुरुवार रात जघन्य घटना को अंजाम दिया गया। स्वयं को धर्मनिरपेक्ष बताने वाली शक्तियां, अंतरराष्ट्रीय मीडिया के कुछ वर्ग और विश्वभर के मानवाधिकार मंच इस मुद्दे पर पूरी तरह मौन क्यों हैं। विहिप का मानना है की यह बांग्लादेश में कानून के शासन के जानबूझकर हुए पतन तथा राज्य की गंभीर जिम्मेदारी से पलायन को दर्शाता है। यह स्थिति पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय का यह दायित्व है कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाए।

### सफाइकर्मी के पदों पर भर्ती किए कम्प्यूटर ऑपरेटर

**भोपाल।** जेपी अस्पताल में परिसर पर बनाई गई नई बिल्डिंग की साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मी की भर्ती की जगह कम्प्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती एवं उनकी तीन माह से सैलरी नहीं मिलने का मामला अब मप्र मानव अधिकार आयोग तक पहुंचा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि जय प्रकाश अस्पताल परिसर में नई बिल्डिंग को शुरू किया जाना है, ऐसे में उक्त बिल्डिंग की साफ-सफाई के लिये आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाईकर्मियों की भर्ती करना था, लेकिन उनकी जगह कम्प्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती कर ली है।

## केवी स्टेशन पर बन रही है साईकिल पार्किंग, आम लोग फुटपाथ से वाहन चढ़ाने और उतारने को मजबूर, एमपी नगर में ऊबड़-खाबड़ रिक्त भूमि पर पार्किंग

# मेट्रो संचालन में दिखीं खामियां, स्टेशनों के एंट्रेंस-एग्जिट पर ही चल रहा काम, पार्किंग को लेकर बढ़ी परेशानियां

कई जगह पर आम लोगों के वाहनों की कतार, मेट्रो प्रशासन का तर्क- तीन स्थान पार्किंग के लिए चिन्हित किए हैं, अन्य जगह भी देखे जा रहे हैं विकल्प



बोर्ड ऑफिस स्टेशन का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में भले ही मेट्रो का संचालन शुरू हो गया हो, लेकिन आम लोगों की सुविधा से जुड़े बाहरी काम अब भी अधूरे हैं। एंट्री और एग्जिट पर अभी निर्माण कार्य चल रहा है। सबसे बडी समस्या अब पार्किंग की सामने आ रही है। लोग अपने वाहन सुरक्षित खड़े करने के लिए पार्किंग की तलाश करने को मजबूर हैं। हालात यह हैं कि नो-पार्किंग जोन, दिव्यांग पार्किंग को ही लोगों ने पार्किंग ली है। जबकि केवी-1 स्टेशन पर तो किसी भी वाहन के लिए पार्किंग है ही नहीं। यहां तैनात कर्मचारी फुटपाथ से दुपहिया वाहन चढ़ाकर स्टेशन के पीछे मामूली खाली जगह पर वाहनों को खड़ा करवा रहे हैं जबकि नजदीक की कच्ची भूमि पर चार पहिया वाहन खड़े हो रहे हैं। पार्किंग की समस्या सामने आने के बाद अब मेट्रो प्रशासन पार्किंग के लिए योजना बना रहा है। हरिभूमि की टीम ने एमपी नगर, केवी-1 और सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के बाहर आम लोगों की सुविधाओं को देखा तो बेहद कमियां मिलीं।

## यह देखिए किस स्टेशन के बाहर क्या दिक्कत और कमियां

### बोर्ड ऑफिस चौराहाः एंट्री पर चल रहा था फिनिशिंग का काम

यहां एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर रंगाई-पुताई के अलावा एस्केलेटर के पास टाइल्स लगाने के अधूरे काम को पूरा किया जा रहा था। जबकि पार्किंग के नाम पर कच्ची भूमि को पार्किंग को रूप दिया गया है जहां कुछ वाहन खड़े थे। यहां एक बड़ी खामी यह भी नजर आई कि पहली मंजिल पर लगे टाइल्स में गेप भी नजर आया जो हादसे का भी कारण बन सकता है। नो-पार्किंग में वाहनों की कतार लगी थी।

### केवी-1 मेट्रो स्टेशनः कोई पार्किंग नहीं, साइकिल पार्किंग बन रही है

यहां न तो दुपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है न चार पहिया। यहां इक्का-दुक्का जो लोग दुपहिया वाहन से आ भी रहे हैं तो उनके वाहन भवन के पीछे खाली भूमि पर खड़े करवाए जा रहे थे। जहां तक पहुंचने के लिए फुटपाथ से होकर गुजरना पड़ता है। यहां भी साइकिल पार्किंग स्थल बनाने का काम चल रहा था जबकि चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है ही नहीं।

### सुभाष नगर मेट्रो स्टेशनः रिजर्व स्थान पर खड़े हो रहे वाहन

यहां किसी तरह की पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। लोग अपने वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग तलाशते नजर आए। दिव्यांग पार्किंग स्थल पर लोग अपने वाहन खड़े कर रहे हैं जबकि नो-पार्किंग को पार्किंग जोन बना दिया है। जबकि रोड के दूसरी तरफ स्टेशन के नीचे बडा अधूरा निर्माण कार्य चल रहा है। यहां रोड बनाने का काम जरूर पूरा हो गया है, लेकिन उसे आम लोगों के लिए अभी नहीं खोला गया है।

» 15 साल तक इनका पूरा रखरखाव भी एल्सटॉम करेगा

» अब तक भोपाल के लिए 9 और इंदौर के लिए 19 मेट्रो ट्रेनें दी जा चुकी हैं



सुभाष नगर मेट्रो पार्किंग का दृश्य।

» मेट्रो में 144 लोग बैठकर और 981 लोग खड़े होकर कर सकते हैं यात्रा

» आगरा-कानपुर मेट्रो प्रोजेक्ट में भी एल्सटॉम ने सफलतापूर्वक काम किया है

## एल्सटॉम कंपनी ने तैयार की हैं 52 आधुनिक मोविया मेट्रो ट्रेनें, 27 ट्रेनें भोपाल के लिए और 25 ट्रेनें इंदौर के लिए

भोपाल में शुरू हुई आधुनिक मेट्रो ट्रेन एल्सटॉम ने गुजरात के सवली स्थित अपने आधुनिक कारखाने में तैयार की हैं। यह ऑर्डर मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) की ओर से दिया गया था। कंपनी ने 52 आधुनिक मोविया मेट्रो ट्रेनें बनाई हैं। इनमें 27 भोपाल के लिए और 25 इंदौर के लिए हैं। एल्सटॉम की इस विश्वस्तरीय मेट्रो ट्रेन में आधुनिक सीबीटीसी सिग्नलिंग सिस्टम लगा है। यह ट्रेनें 80 किमी प्रति घंटे की गति तक चल सकती हैं। यह पूरी तरह भारत में बनी है और इनके रखरखाव की पूरी व्यवस्था भी है। यह मेट्रो सभी के लिए सुविधाजनक, कम बिजली खर्च करने वाली और आरामदायक है, जिससे भोपाल के करीब 34 लाख लोगों को फायदा मिलेगा। एल्सटॉम कंपनी ने 22 दिसंबर से भोपाल में पहली मेट्रो सेवा शुरू



सुभाष नगर स्टेशन का दृश्य।

कर दी है। मेट्रो ट्रेन एल्सटॉम की बनाई हुई आधुनिक और शानदार मेट्रो ट्रेनों में से है। इन नई मोविया मेट्रो ट्रेनों में नया और सुरक्षित सीबीटीसी सिग्नल सिस्टम भी लगा है, जिससे लोगों को सुरक्षित और आरामदायक सफर मिलेगा।

### रिकॉर्ड समय में बनी आधुनिक मेट्रो ट्रेनें

जून 2022 में एल्सटॉम को 387 मिलियन यूरो का बड़ा ठेका मिला। जिसके तहत कंपनी को 52 आधुनिक मोविया मेट्रो ट्रेनें डिजाइन करने, बनाने, सप्लाई करने, लगाने, जांच करने और चालू करने की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही 15 साल तक इनका पूरा रखरखाव भी एल्सटॉम करेगा। सिर्फ ट्रेनें ही नहीं, इस ऑर्डर में एल्सटॉम का आधुनिक सीबीटीसी सिग्नलिंग सिस्टम, ट्रेन कंट्रोल सिस्टम और टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम भी शामिल हैं। जिनका 7 साल तक रखरखाव किया जाएगा। यह भारत में एल्सटॉम का इस तरह का दूसरा संयुक्त ऑर्डर है। इससे पहले आगरा-कानपुर मेट्रो प्रोजेक्ट में भी एल्सटॉम ने सफलतापूर्वक काम किया है। काम शुरू होने की अनुमति मिलने के सिर्फ 145 महीने में भोपाल के लिए पहली मेट्रो ट्रेन तैयार कर दी गई। यह ट्रेन अगस्त 2023 में दी गई और दूसरी ट्रेन सिर्फ 15 दिनों के अंदर सितंबर 2023 में मिल गई थी।

# सत्य साईं कॉलेज में 'केक्स एंड बेकिंग' प्रशिक्षण का आयोजन



सत्य साईं कॉलेज में प्रशिक्षण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय, भोपाल के गृह विज्ञान विभाग द्वारा मंगलवार को एक रोजगारोन्मुखी कार्यशाला 'केक्स एंड बेकिंग' का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को विशेष अवसरों पर बनाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के केक व बेकिंग द्वारा बनाए जाने वाले विभिन्न व्यंजनों के गुर सिखाए गए। कला संकाय प्रमुख व गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मालती जोशी ने बेकरी इकाई आरंभ करने के लिए आवश्यक उपकरणों की जानकारी देने के साथ ही छात्राओं के समक्ष प्रस्तुति देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया तथा सही तापमान पर बेक करना, आइसिंग करना इत्यादि सिखाया।

# मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से गणित सप्ताह का भाभा विवि में समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा समर्थित एवं उत्प्रेरित राष्ट्रीय गणित सप्ताह–2025 का समापन भाभा विश्वविद्यालय के अंतर्गत आरकेडीएफ कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथियों डॉ. संदीप कुमार मल्होत्रा, प्रोफेसर (गणित), शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज, भोपाल तथा डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, प्रोफेसर (गणित), अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल





गणित सप्ताह का आयोजन।

की गरिमामयी उपस्थिति में सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अपने उद्बोधन में डॉ. संदीप कुमार मल्होत्रा ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन संघर्षों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गणित को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने वैदिक गणित के विभिन्न सूत्रों को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाकर छात्रों को गणित के प्रति रुचि विकसित करने का संदेश दिया।

# सैम कॉलेज में एनएसएस उन्मुखीकरण कार्यक्रम, विशेषज्ञों ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित सैम कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीयसेवा योजना ईकाई द्वारा सत्र 2025-26 के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ से कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अनंत कुमार सक्सेना एवं मुक्त इकाई कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह परिहार उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य से सभी का उत्साहवर्धन और मार्गदर्शन किया। सैम ग्लोबल विवि की कुलाधिपति



प्राचार्य डॉ. नीतू वाजपेई ने स्वागत उद्बोधन और प्रो. आयशा खान ने प्रस्तुत किया वार्षिक प्रतिवेदन।

ई. प्रीति सलूजा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सराहना की। प्राचार्य डॉ. नीतू बाजपेई द्वारा स्वागत उद्बोधन और कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आयशा खान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## 'हम हैं धरती के दूत' के माध्यम से संदेश पहुंचाना मकसद

# वन विहार में अनुभूति शिविर का आयोजन, बाघ के संरक्षण को लेकर छात्रों को किया जागरुक

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में द्वितीय शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अनुभूति कराकर उनके संरक्षण के लिए जागरुक करना एवं सहभागिता के लिए प्रेरित करने के लिए मंगलवार को प्रशिक्षण सह जागरुकता शिविर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में द्वितीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को वन विभाग एवं विभागीय कार्यों, उत्तरदायित्वों एवं चुनौतियों से अवगत कराया गया। दरअसल मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से पिछले वर्षों की थीमों "मैं भी बाघ एवं हम" है बदलाव को जोड़ते हुए नई थीम 'हम हैं धरती के दूत' के माध्यम से संदेश पहुंचाने के उद्देश्य के तहत यह कैंप का आयोजन किया गया। इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नवीन कन्या तुलसी नगर, भोपाल के 126 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया।

अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर के रूप में एके खरे, सेवा निवृत उप वन संरक्षक मौजूद थे। इस दौरान संचालक वन विहार विजय कुमार, सहायक संचालक वन विहार डॉ. रूही हक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान छात्रों को अनुभूति बुक, अनुभूति बैग, केप, हर्बल किट, बटन वडी, पेन, वन विहार के ब्रोशर के साथ-साथ जलीय पक्षी, स्थलीय पक्षी, तितली प्रजाति, गिद्ध कुंजी के ब्रोशर भी प्रदान किये गए।

## एबीवीपी का देहरादून और मध्य भारत का डबरा में हुआ अधिवेशन

# देश भर में चलेगा छात्रावास सर्वेक्षण और परिसर चलो अभियान, वंदेमातरम की वर्षगांठ मनाएगी अभाविप

शिक्षा, राष्ट्र एवं समाज से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने राजधानी स्थित कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान राष्ट्रीय अधिवेशन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। चर्चा के दौरान बताया कि एबीवीपी का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन 28 से 30 नवंबर 2025 तक देहरादून (उत्तराखंड) के परेड ग्राउंड स्थित भगवान बिरसा मुंडा नगर में संपन्न हुआ। इसके बाद अभाविप का मध्य भारत प्रांत का 58वां अधिवेशन 14 से 16 दिसंबर 2025 तक डबरा के गुरु तेगबहादुर नगर में हुआ। दोनों अधिवेशनों में शिक्षा,





अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री सोलंकी, प्रान्त मंत्री चतुर्वेदी सहित अन्य पदाधिकारी।

राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना से जुड़े विषयों पर प्रस्ताव पारित करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा आगामी कार्ययोजना तैयार की गई। एबीवीपी पूरे देश में छात्रावास सर्वेक्षण और परिसर चलो अभियान चलाएगा।

### राष्ट्रीय अधिवेशन में चार प्रस्ताव पारित

अभाविप के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन में कुल 5 प्रस्ताव पारित किए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से पर्याप्त वित्तीय आवंटन सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों को एक संरचना के अंतर्गत लाने की आवश्यकता, बांग्लादेशी घुसपैठः राष्ट्रीय सुरक्षा एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चुनौती, मानवीय क्रियाकलापों से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं के निवारण के लिए समाज की भूमिका आदि सुझाव प्रस्तुत किए गए। साथ ही विभाजनकारी ताकतों के विरुद्ध संगठित समाज ही समाधान विषयक कुल चार प्रस्तावों को प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझावों के अनुसार संशोधन कर पारित किया गया।

भोपाल, बुधवार 24 दिसंबर 2025 ■ पौष मास शुक्ल पक्ष-04 ■ वर्ष : 12, अंक : 264 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 26 न्यून. 12 haribhoomi.com





# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


सागर के नेशनल हाइवे-44 से गुजरा विशाल पाषाण शिवलिंग

# 33 फीट ऊंचा व 180 टन का विशाल शिवलिंग, जयकारों से गूंज उठा नेशनल हाइवे, 110 पहियों के ट्राला से जा रहा चंपारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

### चंपारण में विश्वस्तरीय विराट रामायण मंदिर की स्थापना होगी

धर्म और आस्था का अद्भुत दृश्य उस समय देखने को मिला जब विश्व का सबसे विशालकाय शिवलिंग सागर जिले के देवरी क्षेत्र से गुजरा।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम से बिहार के चंपारण तक की जा रही इस ऐतिहासिक यात्रा को देखने के लिए नेशनल हाईवे-44 पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। पत्थर से निर्मित यह शिवलिंग इतना भव्य है कि इसे ले जाने के लिए 110 पहियों वाले विशेष ट्राले का उपयोग किया जा रहा है। इस शिवलिंग की विशालता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी ऊंचाई 33 फीट और गोलाई भी 33 फीट है। चालक दल के सदस्य



आलोक सिंह ने 'हरिभूमि' को बताया कि एकल पाषाण से निर्मित इस शिवलिंग का वजन लगभग 180 टन है। शिवलिंग को चेन्नई में आकार दिया गया है। शिवलिंग लेकर बिहार के चंपारण जा रहे लोगों का कहना है कि चंपारण पहुंचने में उन्हें करीब 20 दिन का वक्त लगेगा।

### मंदिर का शिखर 270 फीट ऊंचा होगा

शिवलिंग लेकर जा रहे चालक दल के सदस्य आलोक ने बताया कि हम लोग 21 नवंबर को महाबलीपुरम से चले थे। चंपारण में विश्वस्तरीय विराट रामायण मंदिर की स्थापना होगी। 120 एकड़ क्षेत्रफल वाली इस महत्वकांक्षी परियोजना में ये पाषाण शिवलिंग भी स्थापित किया जाना है। जिस मंदिर में इस शिवलिंग की स्थापना होगी, उस मंदिर का शिखर 270 फीट ऊंचा होगा।

---

सुबह 8.54 बजे एलवीएम-एम6 रॉकेट का होगा प्रक्षेपण

## इसरो आज लॉन्च करेगा ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह


लांचिंग की तैयारी

- स्मार्टफोन को उच्च गति वाली सेल्युलर ब्रॉडबैंड सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया
- पृथ्वी की निम्न कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया जाने वाला अब तक सबसे भारी पेलोड होगा

एजेंसी ⏭ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि अमेरिका के एक नए पीढ़ी के संचार उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम-एम6 रॉकेट के प्रक्षेपण के लिए 24 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार को यहां शुरू हो गई। एक समर्पित वाणिज्यिक मिशन के तहत इसरो बुधवार को सुबह 8.54 बजे इस अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण पैड से भारी सामान को ले जाने वाले अपने प्रक्षेपण यान एलवीएम3-एम6 के जरिए 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' का प्रक्षेपण करेगा। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि 6,100 किलोग्राम वजनी यह संचार उपग्रह एलवीएम3 के प्रक्षेपण इतिहास में पृथ्वी की निम्न कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया जाने वाला अब तक सबसे भारी पेलोड होगा।

### वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना

इससे पहले सबसे भारी पेलोड एलवीएम3-एम5 संचार उपग्रह-03 था, जिसका वजन करीब 4,400 किलोग्राम था और जिसे इसरो ने दो नवंबर को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था। बुधवार का यह मिशन 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' (एनएसआईएल) और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए वाणिज्यिक समझौते के तहत संचालित किया जा रहा है। एनएसआईएल, इसरो की वाणिज्यिक इकाई है। यह ऐतिहासिक मिशन अगली पीढ़ी का ⏩ शेष पेज 4 पर

---

## खबर संक्षेप

### निलंबित जज को जमानत देने वाले जज का ट्रांसफर



**इंदौर।** आईएएस संतोष वर्मा से जुड़े फर्जी फैसला मामले में नया मोड़ आ गया है। इस प्रकरण के आरोपी विजेंद्र सिंह रावत (निलंबित जज) और नीतू चौहान (टाइपिस्ट) को जमानत देने वाले सेशन जज प्रकाश कसेर का अचानक तबादला कर दिया गया है।

### इटारसी की ऑर्डनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने की धमकी



**इटारसी।** देश के डिफेंस सेक्टर में बड़ी भूमिका निभाने वाली इटारसी ऑर्डनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। फैक्ट्री के आधिकारिक ईमेल पर एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ था, जिसके बाद हड़कंप मच गया।

### दीप्ति शर्मा टी 20 में बनी नंबर-1 बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा टी20 फॉर्मेट की नई नंबर वन गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति मंगलवार को पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं। ⏩ पढ़ें पेज 11 भी

### छिंदवाड़ा में एक साथ जन्मे 4 बच्चों की मौत



**छिंदवाड़ा।** जिले के जुन्नारदेव में एक साथ जन्मे चार बच्चों ने कुछ ही घंटों के भीतर दम तोड़ दिया। जन्म लेने वालों में तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल था। डॉक्टरों के अनुसार, यह एक 'सुपर प्रीमैच्योर' केस था, जिससे बचाया नहीं जा सका।

---

कुल 5 करोड़ 74 लाख मतदाताओं को एसआईआर के फार्म दिए गए थे, उनमें से 90 फीसदी से ज्यादा फार्म आए

चुनाव आयोग ने मप्र के मतदाताओं का एसआईआर ड्राफ्ट किया जारी

# 42 लाख 74 हजार मतदाताओं के नाम कटे इनमें से 8,65,831 मतदाता 'नो-मैपिंग' में



*दावा आपत्ति का चरण 22 जनवरी से चलेगा। कोई भी मतदाता कभी भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकता है। उसे फार्म-6 भरकर देने के साथ ही आपैचारिकता पूरी करना होगी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग ने मप्र का मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का ड्राफ्ट मंगलवार को जारी कर दिया। प्रदेश में कुल 42 लाख 74 हजार 160 मतदाता कम हो गए हैं।

27 अक्टूबर की मतदाता सूची में 5,74,06,143 मतदाता थे, किंतु एसआईआर के बाद महज पौने दो महीने में यह घटकर 5,31,31,983 हो गए हैं। इनमें से 8,65,831 मतदाता नो-मैपिंग में आए हैं। इन सभी को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी को 7 दिन के अंदर अपना दावा प्रस्तुत करना होगा। तय समय पर दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत करने ⏩ शेष पेज 4 पर

- हटाए गए मतदाताओं में से 19.19 लाख पुरुष और 23.64 लाख महिलाएं
- सभी को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरु हो गई


मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा जानकारी देते हुए

**सभी को 7 दिन के अंदर अपना दावा प्रस्तुत करना होगा**

**तय समय पर दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत करने को कहा गया**

### 55 जिलों में विशेष अभियान चलाया गया

मप्र के सीईओ संजीव कुमार झा ने बताया कि एसआईआर के लिए सभी 55 जिलों में अभियान चलाया गया। कुल 230 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों साथ 532 सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एआरओ) तथा 65,014 मतदान केंद्रों पर तैनात बीएलओ के प्रयासों से परिणाम हासिल हुआ है। इसके साथ ही ⏩ शेष पेज 4 पर ⏩ पढ़ें पेज 03 भी

### 8 लाख 46 हजार 184 मतदाताओं की मृत्यु

मप्र में मंगलवार को जारी ड्राफ्ट के अनुसार 5,31,31,983 मतदाता हैं। कुल पांच करोड़ 74 लाख मतदाताओं को एसआईआर के फार्म दिए गए थे। उनमें से 90 फीसदी से ज्यादा एसआईआर के फार्म आ चुके हैं। कुल 42 लाख 74 हजार 160 मतदाताओं का एसआईआर जमा नहीं हुआ है। इसमें 8 लाख 46 हजार 184 मतदाताओं की मृत्यु ⏩ शेष पेज 4 पर

### अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा

सीईओ झा से साफ कर दिया कि जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है, उन्हें नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगे जाएंगे। इनका नाम अंतिम प्रकाशन मे जोड़ा जाएगा। यह प्रक्रिया 22 जनवरी से 14 फरवरी तक चलेगी। अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। हटाए गए मतदाताओं में से 19.19 लाख पुरुष और 23.64 लाख महिलाएं हैं।

### इंदौर में सबसे अधिक मतदाता अनुपस्थित पाए गए

एब्सेंट यानी अनुपस्थित मतदाताओं में सबसे अधिक इंदौर में पाए गए हैं। यहां से बड़ी संख्या में मतदाता अपने निर्धारित पतों पर नहीं मिले। इनकी कुल संख्या 1,75,424 है। दूसरे नंबर पर राजधानी भोपाल ⏩ शेष पेज 4 पर

---

राहुल गांधी के जर्मनी दौरे का वीडियो जारी

## ईडी-सीबीआई विपक्ष के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहे

भाजपा बोली- राहुल गांधी की कांग्रेस अराजकता चाहती है


राहुल गांधी

एजेंसी ⏭ बर्लिन

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर भारतीय संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राहुल ने कहा कि भाजपा संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देती है।

राहुल 17 से 19 दिसंबर तक जर्मनी दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। कांग्रेस ने सोमवार रात इस बातचीत का एक घंटे लंबा वीडियो जारी किया। वीडियो में राहुल ने कहा कि भाजपा राज्यों की ⏩ शेष पेज 4 पर

### राहुल विदेश जाते हैं भारत को बदनाम करते हैं: भाजपा

राहुल के बयान पर भाजपा ने मंगलवार को उन पर तीखा हमला बोला। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल विदेश जाते हैं तो भारत को बदनाम करते हैं, झूठ बोलते हैं। वे लीडर ऑफ अपोजिशन नहीं, बल्कि लीडर ऑफ प्रोपेगंडा हैं। उन्होंने जर्मनी में चीन तरक्की कर रहा है। चीन की प्रशंसा करो, भारत को बदनाम करो, यही ⏩ शेष पेज 4 पर

---

सर्व हिंदू समाज की अपील का असर

### दोपहर 2 बजे तक बंद रहा आष्टा, 4 गिरफ्तार


■ अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**सीहोर-आष्टा।** आष्टा के अलीपुर और पार्वती थाना क्षेत्र में रविवार रात हुए उपद्रव और पथराव के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। सर्व हिंदू समाज द्वारा दिए गए 48 घंटे के अल्टीमेटम के बीच पुलिस ने वीडियो फुटेज का सहारा लेकर मुख्य उपद्रवियों को चिन्हित किया है। अब तक पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। उपद्रव के विरोध में ⏩ शेष पेज 4 पर

'जल अर्पण' कार्यक्रम

### 24 घंटे पानी वाला पहला गांव कुंडीबेह बना मिसाल


■ जिला मुख्यालय से मात्र 10 किमी दूर है गांव

**राजगढ़।** जिले का एक छोटा सा गांव कुंडीबेह अब देश के जल मानचित्र पर मिसाल बनकर उभरा है। यहां पिछले एक साल से ग्रामीणों को 24 घंटे नल से पानी की सप्लाई निर्बाध होती है। विभाग का दावा है, कुंडीबेह देश का पहला ऐसा गांव है जहां ग्रामीणों को सालभर से 24 घंटे पेयजल सप्लाई हो रही है। इसी उपलब्धि को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने के लिए मंगलवार को गांव में देश का पहला जल अर्पण कार्यक्रम हुआ। जिला ⏩ शेष पेज 4 पर

सूदखोर का ऐसा दुस्साहस

### कर्ज के बदले मांग ली कर्जदार से उसकी पत्नी


■ कर्ज चुकाने के बाद भी पैसों की डिमांड

**गुना।** जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम परवरिया में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। रामस्वरूप वाल्मीकि और उनकी पत्नी रसीता बाई ने कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि गांव के ही राकेश कलावत ने कर्ज माफ करने के बदले पत्नी को घर भेजने की घिनौनी मांग की। पीड़ित दंपती का कहना है कि उन्होंने पहले लिया गया कर्ज ब्याज सहित चुका ⏩ शेष पेज 4 पर

## विहिप, बजरंग दल के अलावा मुस्लिम समाज भी सड़क पर




### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा के खिलाफ फूटा गुस्सा

**भोपाल।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रही हिंसा के विरोध में भोपाल सहित पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया गया। भोपाल के इतवारा क्षेत्र में मुस्लिम समाज ने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने इसे मानवाधिकारों का मुद्दा बताते हुए भारत सरकार से सख्त कदम और ⏩ शेष पेज 4 पर

---

मालवा एक्सप्रेस और बिलासपुर एक्सप्रेस गुजरते समय हादसा

भारी पड़ी मोबाइल से रील बनाने की सनक

## रेलवे ट्रैक पर आई दो ट्रेनें, चपेट में आने से दो युवकों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत बीराखेड़ी रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे पटरी पर रील बनाते समय बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में दो युवकों की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों की पहचान विकास नगर निवासी आलोक और शंकर नगर निवासी सन्नी के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब मालवा एक्सप्रेस इंदौर की ओर जा रही थी, जबकि बिलासपुर एक्सप्रेस देवास


इसी रेलवे ट्रैक पर हादसा हुआ

की ओर आ रही थी। इसी दौरान दोनों युवक रेलवे ट्रैक पर मोबाइल से वीडियो रील बना रहे थे, तभी अचानक ट्रेन आ जाने से वे उसकी चपेट में आ गए और दोनों की मौके पर ही मौत ⏩ शेष पेज 4 पर

---

हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल (89) चले गए

## दीवार में एक खिड़की रहती थी...खिड़की में एक जिंदगी...जिंदगी में एक किताब...उफ! जो पूरी हो गई

रायपुर एम्स अस्पताल में शाम को ली अंतिम सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल (89) चले गए। शुक्ल ने रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मंगलवार की शाम 4:48 बजे अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और अस्पताल में भर्ती थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने 1 नवंबर को ही विनोद कुमार शुक्ल से बात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। बीत माह ही ⏩ शेष पेज 4 पर

**बीते माह ही विनोद कुमार शुक्ल को हिंदी साहित्य के सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाज़ा गया था**

**पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने 1 नवंबर को शुक्ल से बात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी**

### उपन्यासों के नामों का एक 'नया व्याकरण' दिया

गद्य और पद्य का अनूठा संगम शुक्ल जी ने अपनी यात्रा 'लगभग जयहिंद' कविता-संग्रह से शुरू की, लेकिन जल्द ही वे हिन्दी साहित्य के एक ऐसे स्तंभ बन गए जिन्होंने कविता और कहानी के बीच की धुंधली रेखा को ही मिटा दिया। काव्य यात्राः 'वह ⏩ शेष पेज 4 पर


विनोद कुमार शुक्ल

### कई पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

पुरस्कारों से सुसज्जित गौरवमयी जीवन विनोद कुमार शुक्ल की लेखनी ने न केवल पाठकों का दिल जीता, बल्कि उन्हें देश के तमाम सर्वोच्च सम्मानों से भी अलंकृत किया गया। उन्हें गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, साहित्य अकादमी पुरस्कार, शिखर सम्मान, राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार और हाल ही में ज्ञानपीठ पुरस्कार जैसे गरिमामयी सम्मान प्राप्त हुए।

# 'ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025' में प्राप्त हुए 5.72 लाख के निवेश प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अब तक 9508 मेगावॉट क्षमता हासिल की जा चुकी है। भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 में 5.72 लाख के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में मध्यप्रदेश देश में छठवें स्थान पर है।

इसमें अब तक 76 हजार घरों पर 292 मेगावॉट के सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किए जा चुके हैं। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने यह बात मध्यप्रदेश सरकार के विकास और सेवा के दो वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में कही। उन्होंने कहा कि मोहन सरकार में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विगत दो वर्ष बेमिसाल रहे हैं। मंत्री शुक्ला ने कहा कि विगत दो वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा नीति-2022 एवं यथा पुनरीक्षित मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति-2025 लागू की है। मध्यप्रदेश में बॉयो-फ्यूल प्रोजेक्ट एवं पम्पड् हाइड्रो स्टोरेज को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश बॉयो-फ्यूल क्रियान्वयन स्कीम-2025, मध्यप्रदेश पम्पड् हाइड्रो स्टोरेज क्रियान्वयन स्कीम-2025 लागू की गई। प्रदेश में आगर-शाजापुर-नीमच में 1045 मेगावॉट क्षमता का सौर पार्क स्थापित किया गया है। इसके साथ ही ओंकारेश्वर में विश्व की सबसे बड़ी 278 मेगावॉट की फ्लोटिंग सोलर परियोजना स्थापित की गई। पत्रकार वार्ता में अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव और एमडी ऊर्जा विकास निगम अमनबीर सिंह बैंस ने भी पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए।

## नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला बोले- 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली' योजना में देश में छठवें स्थान पर मप्र

**खास बातें**

- अब तक 76 हजार घरों पर 292 मेगावॉट के सोलर प्रोजेक्ट लगाए
- मप्र सरकार के विकास व सेवा के दो वर्ष पूर्ण होने मंत्री शक्ला ने दी जानकारी


प्रेसवार्ता में विभाग की योजनाएं, उपलब्धियां की जानकारी देते मंत्री शुक्ला।

### प्रदेश के शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉप स्थापित करने का लक्ष्य

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसान अन्नदाता होने के साथ अब ऊजार्दाता भी बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि समस्त पात्र किसानों को आगामी 3 वर्षों में सोलर पम्प से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में 50 हजार सोलर पम्प स्थापनाधीन हैं। मंत्री शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के समस्त शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉप स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश के 47 जिलों के 1500 शासकीय भवनों पर 70 मेगावॉट क्षमता के सोलर प्रोजेक्ट स्थापित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### आगर और शाजापुर में स्थापित किए सोलर पार्क

मंत्री शुक्ला ने बताया कि आगर में 550 मेगावॉट का सोलर पार्क और शाजापुर में 450 मेगावॉट का सोलर पार्क स्थापित किया जा चुका है। नीमच में 500 मेगावॉट के सोलर पार्क की स्थापना का कार्य प्रगतिरत है। प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महा-अभियान घटक (स) अंतर्गत 14 हजार 500 मेगावॉट के 550 प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें चार हजार 500 मेगावॉट का क्रियान्वयन भी शुरू हो गया है।

### प्रथम ऊर्जा भंडारण परियोजना

मंत्री शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश में भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए ऊर्जा भण्डारण के क्षेत्र में भी कार्य किया जा रहा है। इस दिशा में मुरैना सोलर पॉवर प्लस स्टोरेज प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण है। इस प्रोजेक्ट में 440 मेगावॉट की ऊर्जा क्षमता हासिल की जाएगी। यह प्रदेश की प्रथम ऊर्जा भण्डारण परियोजना है। इसमें प्राप्त होने वाली प्रति यूनिट दर देश में सबसे कम ऐतिहासिक रूप से मात्र 2 रुपए 70 पैसे प्रति यूनिट है।

### फिल्म निर्माताओं का हब बनेगा मप्र, 450 फिल्मों की हो चुकी है शूटिंग

## मप्र में नई पर्यटन नीति से टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा, निवेशकों से 10 हजार करोड़ के विभाग को मिले प्रस्तावः मंत्री लोधी

- प्रदेश में 400 होम स्टे संचालित हैं, 1000 बनाने का लक्ष्य, ग्रामीण परिवार रोजगार से जुड़े
- भोपाल, इंदौर एवं महेश्वर को क्रिएटिव सिटी के रूप में विकसित करना सरकार की प्राथमिकता
- मध्य प्रदेश की जीडीपी में पर्यटन का योगदान बढ़ाकर 10 प्रतिशत करना सरकार का लक्ष्य

**मप्र में 3 वर्ल्ड हेरिटेज साइड हैं, 2028 तक 15 साइड ओर जुड़ेंगी**


विभाग के दो वर्ष के कार्यों की जानकारी देते मंत्री

प्रदेश सरकार मप्र के विजन के रूप में कार्य कर रही है। लगातार नवाचार हो रहे हैं। नई पर्यटन नीति से पर्यटकों को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश में निवेशकों से 10 हजार करोड़ के विभाग को प्रस्ताव मिले हैं। यह बात संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उन्होंने कहा कि पीएम श्री वायु सेवा से पर्यटन और धार्मिक स्थलों को जोड़ा गया है। इस योजना के तहत एक साल में 10 हजार लोगों ने इसका लाभ उठाया है।

श्री लोधी ने बताया कि नई फिल्म नीति से प्रदेश फिल्म निर्माताओं का हब बनेगा। 450 फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है, जबकि जल्द ही अच्छी फिल्मों की भी शूटिंग होगी। उन्होंने पीएम श्री वायुसेवा को मील का पत्थर बनाया। उन्होंने बताया कि मप्र में तीन वर्ल्ड हेरिटेज साइड हैं। सांची, खजुराहों और भीमबेटका। 2028 तक इसमें प्रदेश की 15 साइड बढ़ जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 400 होम स्टे संचालित हो रहे हैं। विभाग ने 1000 बनाने का लक्ष्य रखा है। इससे ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिल रहा है। इस योजना से एक साल में 7 करोड़ रुपए का व्यापार किया है। प्रदेश में 14 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए। यह आंकडा 25 प्रतिशत बढ़ गया है।

पत्रकारवार्ता में अपर प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड डॉ. अभय अरविंद बेडेकर, संचालक संस्कृति विभाग एनपी नामदेव तथा विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। 900 करोड़ उन्होंने बताया कि मप्र की धार्मिक परंपरा के केंद्र में 2 ज्योर्तिलिंग और 4 देवी शक्तिपीठ हैं। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 20 सांस्कृतिक एवं धार्मिक लोक का निर्माण किया जा रहा है।

**पर्यटन मंत्री लोधी ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की उपलब्धियां बताईं**

मंत्री लोधी ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 2024-25 में 20 ट्रेनों का संचालन कर 16 हजार तीर्थ यात्रियों को लाभान्वित किया है। वर्ष 2025-26 में अब तक 8 ट्रेनों का संचालन कर 6400 तीर्थ यात्रियों को लाभान्वित किया गया है। इसी तरह 25 वायुयानों से 800 यात्रियों को लाभान्वित किया गया है।

# हर घर नल से जल पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आया निर्णायक बदलाव

मप्र सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि मप्र सरकार ने पेयजल को नागरिकों का मूल अधिकार मानते हुए जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घरों में सुरक्षित, सतत और गुणवत्तापूर्ण जल पहुंचाने की दिशा में ठोस और प्रभावी कार्य किया है। पिछले दो वर्षों में विभाग ने न केवल भौतिक उपलब्धियां अर्जित की हैं, बल्कि ग्रामीण समाज के सामाजिक और आर्थिक ढांचे में भी सकारात्मक बदलाव लाया है।

मंत्री उइके ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 81 लाख 21 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन के माध्यम से प्रतिदिन शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जो कुल लक्षित परिवारों का लगभग 73 प्रतिशत है। प्रदेश के 10 हजार 440 ग्रामों को हर घर जल घोषित किया जा चुका है। भारत सरकार की ओर से बुरहानपुर जिले को देश का पहला प्रमाणित हर घर जल जिला घोषित किया जाना प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया ने दिया विभाग के दो वर्षों का लेखा-जोखा**

**पीएम गति शक्ति पोर्टल पर मध्यप्रदेश ने द्वितीय स्थान किया हासिल**


विभाग की उपलब्धियां बतातीं मंत्री उइके।

### गुणवत्ता, निगरानी और पारदर्शिता पर विशेष

मंत्री उइके ने बताया कि जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य की समस्त प्रयोगशालाओं का शत-प्रतिशत एनएबीएल प्रमाणीकरण कराया गया है, जिससे मप्र इस क्षेत्र में देश में अग्रणी बना है। प्रदेश में 10 लाख से अधिक जल नमूनों का परीक्षण किया गया है और महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रशिक्षित किया गया है। योजनाओं की निगरानी और पारदर्शिता के लिए जल रेखा मोबाइल एप, जलदर्पण पोर्टल, शत-प्रतिशत जियो टैगिंग, इन्वेंटरी मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर, ट्यूबवेल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर और ई-प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है। सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण में विभाग लगातार ग्रेड 'ए' में रहा है।

**13 लाख 69 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को नए नल कनेक्शन**

मंत्री उइके ने कहा कि दो वर्षों में 13 लाख 69 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को नए नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। पायलट आधार पर 64 ग्रामों में 24x7 जल प्रदाय की व्यवस्था लागू की गई है। प्रदेश में 15 हजार 238 नवीन हैंडपंप और नलकूप स्थापित किए गए हैं। उज्जैन संभाग के तहत आने वाले सभी जिलों में सात लाख से अधिक परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया है।

### नल से जल आया तो महिलाओं का समय बचा, बढ़ा स्वरोजगार, परिवार की आर्थिक आवश्यकताओं में सहयोग कर रही

मंत्री उइके ने कहा कि हर घर नल जल योजना ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में निर्णायक बदलाव लाया है। पहले महिलाओं को दूर-दूर से पानी लाने में दिन का बड़ा हिस्सा व्यर्थ हो जाता था, जिसके बाद घर या आजीविका से जुड़े अन्य कार्य कर पाना संभव नहीं होता था। अब घर में नल से जल उपलब्ध होने के कारण समय की बचत हो रही है और महिलाएं उस समय का उपयोग आयवर्धक गतिविधियों में कर पा रही हैं। उन्होंने बताया कि समय की बचत से महिलाएं पार्लर, सिलाई-कढ़ाई केंद्र, किराना दुकान जैसे छोटे स्वरोजगार से जुड़ रही हैं। इससे उनके लिए आजीविका के नए साधन बने हैं और वे अपने परिवार की आर्थिक आवश्यकताओं में सहयोग कर पा रही हैं।

### ग्रामीण जन के स्वास्थ्य स्तर में हुआ सुधार

मंत्री उइके ने कहा कि घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने से ग्रामीण क्षेत्रों में जलजनित बीमारियों के प्रकरणों में कमी आई है। इससे उपचार पर होने वाला अनावश्यक खर्च घटा है। परिवारों का आर्थिक पक्ष मजबूत हुआ है। बेहतर स्वास्थ्य के कारण कार्यक्षमता में वृद्धि हुई है, बच्चों की नियमित स्कूल उपस्थिति सुनिश्चित हुई है और महिलाओं को भी घरेलू एवं आजीविका से जुड़े कार्यों के लिए अधिक समय और ऊर्जा मिल रही है। शुद्ध पेयजल की सतत उपलब्धता ने स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक स्थिरता तीनों स्तरों पर ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार किया है।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया भक्तों को प्रसाद का वितरण


भक्तों को प्रसाद वितरित करते केंद्रीय मंत्री नड्डा व सीएम डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मंगलवार को प्रातः काल महाकाल मंदिर पहुंचकर महाकाल का पंचामृत अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेश और देश की जनता की सुख समृद्धि की कामना की। महाकाल मंदिर समिति की ओर से नड्डा, मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों का शॉल, श्रीफल, प्रसाद भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। बाबा महाकाल के दर्शन के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकाल अन्न क्षेत्र में भक्तजनों को प्रसाद वितरण कर स्वयं भी प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर मप्र के प्रभारी महेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

### 26 को लिए जाएंगे कई महत्वपूर्ण निर्णय

## कांग्रेस की बैठक में तैयार होगा 2026 का रोडमैप, पीएसी के बैठक में होगा एसआईआर की प्लानिंग पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- कमेटियों के गठन पर विस्तार से होगी चर्चा

प्रदेश कांग्रेस की 26 दिसंबर को पीसीसी में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) और प्रदेश कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक बुलाई गई है। बैठक में संगठन को मजबूत करने को लेकर कई अहम फैसले लिए जाएंगे। साथ में 2026 का रोडमैप भी तैयार किया जाएगा।

पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में मंडलम, मोहल्ला और गांव स्तर पर कमेटियों के गठन पर विस्तार से चर्चा होगी। पार्टी के आधार को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने की रणनीति बनाई जाएगी। वर्ष 2026 के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया जाएगा, जिसमें आगामी चुनावी चुनौतियों और पार्टी की तैयारियों पर फोकस रहेगा। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के सभी सदस्य और प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल होंगे। यह बैठक पार्टी के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि हाल के दिनों में संगठनात्मक स्तर पर कई बदलाव किए गए हैं और अब जमीनी स्तर पर मजबूती लाने का प्रयास तेज किया जा रहा है।

## पीपीपी मोड पर अस्पताल का विरोध, प्रदेश को इमारतें नहीं इंसाफ, इलाज चाहिएः जीतू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा मप्र दौरे पर हैं। उन्होंने धार और बैतूल में पीपीपी मॉडल पर बनने वाले दो नए मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन किया है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से पांच सवाल पूछे हैं। पटवारी ने एक्स पर लिखा है कि मप्र के नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में निजी भागीदारी क्यों। छिंदवाड़ा में कफ सिरप से मासूम बच्चों की मौत का जिम्मेदार कौन, इंदौर के शासकीय अस्पताल में बच्चों को चूहों द्वारा कुतरने जैसी जैसी घटनाएं क्यों। साइंस हाउस घोटाले में लाखों फर्जी जांच कर सरकारी धन की लूट कैसे। मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टर और स्टाफ की भारी कमी क्यों। पटवारी ने लिखा अगर स्वास्थ्य बजट ईमानदारी से खर्च हो, तो मेरे मध्य प्रदेश के हर नागरिक का इलाज मुफ्त हो सकता है। मोहन सरकार को अब समझना ही होगा कि मध्य प्रदेश को इमारतें नहीं, इंसाफ और इलाज चाहिए।

## दिग्विजय तय नहीं कर पा रहे कि वे भारत के नागरिक हैं या फिर पाकिस्तानीः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



कांग्रेस से राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बांग्लादेश में हिंदू और ईसाई समुदाय के साथ हो रही हिंसा पर दिए बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह 10 साल तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद रहे हैं, इसके बावजूद वे आज तक यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि वे भारत के नागरिक हैं या फिर पाकिस्तानी। वे आईएसआई के एजेंट की तरह बात कर रहे हैं। क्या दिग्विजय सिंह अलकायदा के एजेंट हैं या अंतरराष्ट्रीय आतंकियों ने उन्हें अपनी तरफ से प्रवक्ता बनने की सुपारी दे रखी है। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो अत्याचार हो रहे हैं, उसके पीछे भारत में कौन सी ऐसी घटना है, जिसका रिएक्शन वहां दिख रहा है। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि इंस्पेक्टर मोहन शर्मा कांड हो या मुंबई बम ब्लास्ट, हर बार दिग्विजय सिंह ने आतंकवादियों का ही साथ दिया। जब-जब मौका मिला, आतंकियों को 'जी' कहकर सम्मानित किया।

### ऑनलाइन ट्रेनिंग के लिए नॉट इंस्ट्रेटेड माननीय, सिर्फ 74 विधायक ही पहुंचे विधानसभा में हुए कार्यक्रम में

# विधायक ने अफसरों पर किया तंजः ऐसा लगा जैसे खाली कॉपी ले आए और उसमें पन्ना पलटना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्रवाई अब ऑनलाइन होगी। राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन के तहत मंगलवार को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में विधायकों को संसदीय कार्य मंत्रालय दिल्ली के विशेषज्ञों ने ट्रेनिंग दी। इस ट्रेनिंग में 74 विधायक ही शामिल हुए। प्रशिक्षण के बाद जौरा से कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि ट्रेनिंग में विधायकों को बुलाया, लेकिन कई विधायकों को ऐसा लगा कि जो डेटा इन्हें भरना था, वो पूरा डेटा ही नहीं था। ये विधानसभा की बहुत सामान्य चीज है। वो बता रहे थे कि ऐसा होगा। यदि पूरी तैयारी के साथ ट्रेनिंग होती तो ज्यादा सार्थक होती।

ऐसा लगा जैसे खाली कॉपी ले आए और उसमें पन्ना पलटना सिखाया। कई विधायकों के ट्रेनिंग में न आने पर जौरा विधायक ने कहा कि कांग्रेस के बड़ी संख्या में विधायक आए। सरकार के लोगों को विश्वास है या नहीं मुझे नहीं पता। उनके काम सरलता से हो रहे हैं, ये लोग चाहते ही नहीं हैं कि सदन चले। भाजपा के साथी मानसिक रूप से तैयार हैं कि सदन चलना ही नहीं हैं तो ट्रेनिंग लेने का कोई लाभ नहीं है।



प्रशिक्षण में उपस्थित विधायक।

### पेपरलेस विधानसभा से किसे, क्या होगा फायदा ?

1. विधायकों को क्या फायदा होगा?
   कागज के भारी बंडल से मुक्ति मिलेगी।
   प्रश्न और प्रस्ताव जल्दी और आसानी से भेज सकेंगे।
   पुराने सवाल, जवाब और दस्तावेज एक क्लिक पर मिलेंगे।
   मतदान और उपस्थिति में आसानी होगी।
   पर्यावरण संरक्षण (कागज की बचत) होगी।
   व्यक्तिगत विधायी रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा।
2. विधानसभा सचिवालय को क्या लाभ होगा?
   कामकाज में तेजी और सटीकता रहेगी।
   फाइल प्रबंधन और रिकॉर्ड संधारण आसान होगा। कर्मचारियों का समय और मेहनत बचेगी
   सूचना की खोज और साझा करना आसान होगा। सदन संचालन में तकनीकी दक्षता।
3. आम जनता को फायदा? विधानसभा की कार्यवाही में अधिक पारदर्शिता। प्रश्नों, विधेयकों और निर्णयों तक डिजिटल पहुंच। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ेगा।

### इन विधायकों व मंत्रियों ने प्रशिक्षण को बताया अहम

⏩ मैंने यह कहा है कि सदन की नियम प्रक्रियाओं से हटकर इसमें हमें क्या विशेष लाभ मिलेंगे। मैंने यह विषय भी रखा कि विधायक जो पत्र लिखते हैं, उन पर कब क्या कार्रवाई हुई, ये जानकारी भी इसमें मिलनी चाहिए।
**उमाकांत शर्मा, सिरोंज**

⏩ नेवा एप्लिकेशन के माध्यम से हमारी विधानसभा पेपरलेस होने जा रही है। उस संदर्भ में आज सभी विधायकों का प्रशिक्षण था। विधानसभा की कार्रवाई का संचालन अब टेबलेट के माध्यम से किया जाएगा। प्रश्न लगाने और उनके उत्तर के अलावा मत विभाजन में वोट देने की पूरी प्रक्रिया सिखाई गई। डिजिटल युग में पेपरलेस काम होना चाहिए। देश भर की 37 विधानसभाओं में इस दिशा में आगे बढ़ रही है। तो मप्र विधानसभा भी डिजिटल हो रही है। ये हमारे लिए एक बेहतर अनुभव है।
**कृष्णा गौर, राज्यमंत्री**

⏩ इस व्यवस्था के लागू होने के बाद क्या जवाब देने की प्रक्रिया ऑफलाइन भी रहेगी या सिर्फ ऑनलाइन ही रहेगी। यूपी सहित कई विधानसभाओं की कार्रवाई लाइव है। क्या हमारी भी कार्रवाई लाइव होगी। इसमें लाइव स्ट्रीमिंग कराने का ऑप्शन है।
**अभिजीत शाह, टिमरनी**

⏩ डेली कुछ नया सीखने को मिलता है। हमें रोज सीखना भी चाहिए, आज की ट्रेनिंग बहुत अच्छी रही। हम इसका भरपूर उपयोग करेंगे।
**प्रियंका मीणा, चाचौड़ा**

⏩ ये प्रजेंटेशन अधूरा है। ऐसा लग रहा है, खाली किताब रख दी गई है?
**पंकज उपाध्याय, जौरा**

7 छोटे बच्चों ने गाए कैरोल... फैंसी ड्रेस में मनमोहक...



12 सीएमएचओ ने किया कोलार अस्पताल का निरीक्षण...





एंटी फॉग डिवाइस हुई फेल
दिल्ली रूट से आने वाली ट्रेन दस घंटे तक लेट

# राजधानी साढ़े आठ, वंदेभारत पौने पांच, शताब्दी एक्सप्रेस ढाई घंटे लेट आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली तरफ और उत्तर भारत में घने कोहरे और खराब मौसम का असर लगातार पिछले दस दिनों से रेल यातायात पर देखने मिला। दिल्ली की ओर से भोपाल आने वाली कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं।

इसमें प्रीमियम श्रेणी की ट्रेनें राजधानी एक्सप्रेस व शताब्दी एक्सप्रेस पिछले कई दिनों से देरी से आ रही हैं तो वहीं लंबी दूरी की ट्रेनों पर असर साफ देखने को मिल रहा है। जिनमें 40 से 50 फीसदी ट्रेनें 3 से 4 घंटे की देरी से आ रही है। इससे यात्रियों को स्टेशन पर लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

ऐसे रेलवे की ओर एंटी फॉग डिवाइस को लेकर किए गए,बड़े-बड़े दावे फेल हो गए। मंगलवार को भोपाल आने वाली अधिकांश ट्रेनें देरी से पहुंची। प्रीमियम ट्रेनों में राजधानी साढ़े 8 घंटे तो आरकेएमपी से प्रारंभ होने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस पौने पांच घंटे की देरी से शताब्दी ढाई घंटे की देरी से पहुंची तो वहीं भोपाल एक्सप्रेस भी करीब पांच घंटे की देरी से आई।

*दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में कोहरे का असर रेल यातायात पर*

*यात्रियों को भोपाल सहित कई स्टेशनों पर करना पड़ रहा घंटों इंतजार*

## कोहरे के कारण दृश्यता घटी, एंटी फॉग डिवाइस कारगर नहीं



भोपाल स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते सैकड़ों यात्री।

रेल अधिकारियों के अनुसार, कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो गई है। हालांकि, ट्रेनों में एंटी फॉग डिवाइस लगाई गई हैं, लेकिन उनका असर उतना कारगर नहीं हो पा रहा है, जितना अपेक्षित था। इसी वजह से ट्रेनों की गति कम रखनी पड़ रही है, जिससे देरी बढ़ रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों को नियंत्रित रफ्तार से चलाया जा रहा है। मौसम साफ होते ही ट्रेन संचालन सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी जरूर लें।

## यह ट्रेनें पहुंची देरी से

- 12626 केरल एक्सप्रेस 9:50 घंटे
- 22222 हजरत निजामुद्दीन - मुम्बई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस राजधानी एक्सप्रेस 8: 22 घंटे
- 20171 वंदेभारत एक्सप्रेस 4:44 घंटे
- 22692 बंगलौर राजधानी एक्सप्रेस 4:54 घंटे
- 11078 झेलम एक्सप्रेस 0:42 घंटे
- 20424 पातालकोट 2.26 घंटे
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 3:35 घंटे
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 6:28 घंटे
- 12618 हजरत निजामुद्दीन-एनार्कुलम एक्सप्रेस 2:14 घंटे
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 4:28 घंटे
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 2.12 घंटे
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 2.38 घंटे
- 14116 प्रयागराज - डा. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 7:27 घंटे
- 12186 रीवांचल एक्सप्रेस 1:40 घंटे
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 4:58 घंटे
- 12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 4:27 घंटे
- 11072 कमायानी एक्सप्रेस 2:21 घंटे
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 4:38 घंटे
- 11271 विंध्यांचल एक्सप्रेस 3:02 घंटे
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 3:41 घंटे
- 19490 गोरखपुर - अहमदाबाद एक्सप्रेस 2:06 घंटे
- 12618 मंगला एक्सप्रेस 2:14 घंटे
- 12138 पंजाब मेल 3:30 घंटे

### एसआईआर के ड्राफ्ट रोल से मतदाताओं को नाम तलाश करने में हुई दिक्कत

# वोटर लिस्ट में गफलत, नो-मैपिंग वाले वोटर्स को मैपिंग में मिलाया... सेंटर बदलने से दो लाख मतदाता प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की सात विधानसभाओं में 22 साल बाद हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान मंगलवार को ड्राफ्ट रोल जारी कर दिया है। जिसके साथ ही मतदान केंद्रों पर बैठे बीएलओ मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और डबल एंट्री वाले मतदाताओं के दावे-आपत्ति भी दे सकते हैं। इसके साथ नए नाम जोड़ना, पता बदलवाना और अन्य संशोधन के लिए भी फार्म भरकर आवेदन किया जा सकता है।

इधर, ड्राफ्ट रोल जारी करने में नो मैपिंग वाले मतदाताओं के नाम के आगे स्टार नहीं लगाया गया है, जिससे मिक्स वोटर लिस्ट जारी हुई है। ऐसे में मैपिंग और नो मैपिंग वाले मतदाताओं को अपने नाम को लेकर गफलत हो रही है। इधर, जिले में 260 मतदान केंद्र बढ़ाने से करीब दो लाख मतदाताओं के मतदान केंद्र भी बदल दिए गए हैं, जिससे मतदाताओं को अपना नाम तलाश करने में खासी दिक्कत झेलनी पड़ी। जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं पर एसआईआर किया गया है। जिसके तहत मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और डबल एंट्री वाले चार लाख 38 हजार 875 नाम काट दिए गए हैं। जिससे जिले में अब 16 लाख 87 हजार 33 मतदाता शेष बचे हैं, जबकि एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। मंगलवार को जारी अंतिम मतदाता सूची जारी होने पर इन मतदाताओं को भी लिस्ट में शामिल किया गया है, जिससे मैपिंग वाले मतदाता अपने नाम को लेकर गफलत में आ गए हैं। इन मतदाताओं को समझ नहीं आ रहा है कि लिस्ट में शामिल सभी लोग वोटर लिस्ट में बने रहेंगे या इनमें से कुछ का नाम फाइनल लिस्ट से काट दिया जाएगा। ऐसे में अब नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस का इंतजार करना पड़ेगा।

नो मैपिंग वालों को एक हफ्ते में मिलेगा नोटिस

चार लाख 38 हजार 875 मतदाताओं के नाम काटे, अब 16 लाख 87 हजार 33 मतदाता शेष बचे

## दो लाख वोटर्स के पोलिंग बूथ बदले, इसलिए मतदाता सूची में नहीं मिला नाम



कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह कांग्रेस जिलाध्यक्ष सक्सेना को मतदात सूची सौंपते हुए।

मंगलवार को जैसे ही चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट जारी की। शहर के लोगों ने ऑनलाइन और मतदान केंद्रों पर अपना नाम तलाश करना शुरू कर दिया। लेकिन लोगों ने जैसे ही अपने पोलिंग बूथ की लिस्ट देखी तो उनका नाम नहीं मिला। जिसके बाद बीएलओ से बात करने में पता चला कि अधिकतर मतदाताओं के पोलिंग बूथ बदल दिए गए हैं। जिसको लेकर मंगलवार को अधिकतर लोगों ने बीएलओ को मोबाइल फोन पर कॉल कर अपने मतदान केंद्र के बारे में जानकारी ली।

**नए नाम जोड़ने वाले फार्म का टोटा**

*मंगलवार को स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बताया कि पोलिंग बूथों पर बैठे बीएलओ के पास फार्म 6 का स्टॉक नहीं है, जिसकी वजह से नए फार्म जमा करने वाले मतदाताओं को दिक्कत हो रही है। जिस पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि फार्म की फोटो कॉपी करके भी भरा जा सकता है। नए आवेदन के लिए आयोग को डिमांड भेज दी गई है।*

### अब ऐसी रहेगी विधानसभाओं की तस्वीर

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| बैरसिया | 125847 | 115165 | 241016 |
| उत्तर | 100269 | 98374 | 198650 |
| नरेला | 139993 | 133618 | 273619 |
| दक्षिण पश्चिम | 86252 | 84449 | 170707 |
| मध्य | 89292 | 87614 | 176941 |
| गोविंदपुरा | 155238 | 149613 | 304857 |
| हुजूर | 164473 | 156763 | 321243 |
| **कुल शेष** | **861364** | **825596** | **1687033** |

नोट - इस आंकड़े में 1 लाख 16 हजार 925 नौ मेपिंग वाले और 73 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।



### सभी पात्र मतदाताओं के जोड़ेंगे नाम

एसआईआर के ड्राफ्ट रोल में शहर के लोग अपना नाम चैक कर सकते हैं। अगर किसी का नाम इसमें शामिल नहीं है, तो वह नया आवेदन करने के साथ दावा-आपत्ति भी पेश कर सकते हैं। जिले में रहने वाले सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची मे जोड़े जाएंगे।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर**

### *सात विधानसभा में चारों कैटेगिरी में गोविंदपुरा आगे, बैरसिया क्षेत्र में सबसे कम नाम काटे*

- नरेला में 6138 वोटर मृत मिले हैं। 65 हजार 356 अन्य जगह शिफ्ट हुए हैं। 6098 एबसेंट तो 528 के नाम पहले से वोटर लिस्ट में जुड़े हुए मिले। यहां से कुल 81 हजार 235 वोटर्स के नाम हटाए गए हैं।
- गोविंदपुरा में शिफ्टिंग वाले मतदाताओं की संख्या 61 हजार 282 है। 25 हजार 590 गायब मिले, जबकि 6311 मृत पाए गए हैं। 777 मतदाताओं के नाम पहले से वोटर लिस्ट में जुड़े मिले हैं। यहां से 97 हजार 52 मतदाता के नाम हटे हैं।
- बैरसिया विधानसभा में चारों कैटेगिरी में सबसे कम आंकड़ा है। यहां मृत 2518, एबसेंट 1779, परमानेंट शिफ्ट 7816 और 718 के नाम पहले से वोटर लिस्ट में जुड़े हुए मिले। बैरसिया में सबसे कम 12 हजार 903 मतदाताओं के नाम काटे गए।
- हुजूर में भी शिफ्टिंग वाले मतदाताओं का आंकड़ा ज्यादा है। यहां 25 हजार 202 मतदाता गायब मिले। 32 हजार 78 मतदाता अन्य जगह शिफ्ट हो गए। यहां 5667 मतदाता मृत हैं तो 2302 के नाम पहले से वोटर लिस्ट में हैं।
- भोपाल मध्य में चारों कैटेगरी में 67 हजार 304 मतदाता मिले हैं।
- भोपाल दक्षिण-पश्चिम में यह आंकड़ा 63 हजार 433 हैं।
- भोपाल उत्तर में चारों कैटेगरी में 51 हजार 058 मतदाता पाए गए हैं। जिनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं।

### बस खेत में उतरते ही बच्चों में मची चीख-पुकार

# बैरसिया में स्कूल बस-कार में टक्कर कार सवार दंपती और बेटा घायल



कार और बस में इस तरह भिड़ंत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया इलाके में सोमवार सुबह एक निजी स्कूल की बस और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दंपती और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित रहे। टक्कर इतनी तेज थी कि बस और कार दोनों सड़क से उतरकर खेत में जा गिरीं। हादसे के बाद बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि बच्चों को किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई।

थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सेन ने बताया कि दा फर्स्ट स्टेप स्कूल की बस दोपहर करीब 12:20 बजे सुबह बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही कार से उसकी टक्कर हो गई। दुर्घटना में कार सवार जसवंत, उनकी पत्नी फूल बाई और बेटा अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए।



कार और स्कूल बस को जेसीबी से निकाला।

### घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं हादसे में घायल स्कूली बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में लापरवाही के संकेत मिलने पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

### शरारती तत्वों के आग लगाने की आशंका

# सतपुड़ा भवन के पास झाड़ियों में लगी आग, 8 किमी दूर से दिख रहा था धुआं



सतपुड़ा भवन में लगी आग का धुआं सावरकर सेतु से नजर आया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के सतपुड़ा भवन के पास मंगलवार को दोपहर करीब करीब दो बजे अचानक झाड़ियों में लगी आग से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आसमान से धुएं का गुबार छा गया। यह धुआं आठ किमी दूर से नजर आया। आग नजदीक स्थित वल्लभ नगर बस्ती पहुंचती इससे पहले निगम की फायर दमकलों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

गनीमत रही कि आग रिहायशी बस्ती तक नहीं पहुंची। शरारती तत्वों द्वारा यहां रखे एक दर्जन से ज्यादा ओडीएफ टायलेट में आग लगाने की हरकत से झाड़ियों में आग पकड़ने की आशंका है। आग में ये यह पूरी तरह से झुलस गए। आग की सूचना मिलने पर मंत्रालय से एक फायर दमकल मौके पर तत्काल पहुंच गई थी, जबकि दो अन्य दमकलें फतेहगढ़ से पहुंची। आग से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पंद्रह मिनट से अधिक समय तक आसमान में धुआं छाया रहा। जो आठ किमी दूर से देखा गया। अचानक लगी आग से थोडी देर के लिए लोग दहशत में आ गए, लेकिन फायर कर्मियों की मुस्तैदी से दस से पंद्रह मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। आग से कुछ पेड़ झुलस गए और ओडीएफ जल गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उक्त जगह पर अक्सर असामाजिक तत्वों का जमघट रहता है। उन्हीं की हरकत से आग पहले ओडीएफ में लगी और झाड़ियों तक फैल गई। इसके साथ ही आग का फैलाव बस्ती तक होने के पूर्व की उस पर काबू पा लिया गया।

निगम के फायर ऑफिसर सौरभ पटेल ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर निगम की फायर दमकलें और मंत्रालय से दमकलें पहुंची। बेहद आसानी से आग पर काबू पा लिया गया। किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई।

अधिक पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन कराने के दिए निर्देश

# दीनदयाल रसोई में महापौर ने लोगों से पूछा-कैसा है स्वाद?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय मंगलवार को रत्नागिरी स्थित दीनदयाल रसोई का औचक निरीक्षण करने पहुंचीं। उस दौरान बड़ी संख्या में लोग भोजन कर रहे थे। उन्होंने उनसे भोजन की क्वालिटी, स्वाद को लेकर फीड बैक लिया।

उन्होंने भोजशाला में भोजन बनाने की प्रक्रिया एवं लाभार्थियों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता भी देखी व रसोई संचालकों से भी चर्चा की। इस दौरान उन्हें संतोषजनक जवाब मिले। उन्होंने भोजन और अधिक पौष्टिक एवं स्वादिष्ट लाभार्थियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन अध्यक्ष राजेश चौकसे आदि भी मौजूद थे।



रसोई में बनी सब्जी का निरीक्षण करतीं महापौर।

# दिसंबर के अंत तक आएगी 12 ई-बसों की पहली खेप

### डिपो तैयार हुए तो नए साल के पहले माह में ही शुरू हो जाएगा बसों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की सडकों पर भले ही पूरी तरह से मार्च-26 में ई-बसों का संचालन शुरू हो, लेकिन इन बसों की पहली खेप दिसंबर के अंत तक पहुंच जाएगी। भोपाल को 12 बसें मिलेंगी। केंद्र की योजना के तहत भोपाल को 100 बसों की मंजूरी मिली है। इन बसों के लिए डिपो भी बनवाए जा रहे हैं। महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर ने बताया कि निगम प्रशासन का पूरा फोकस शहर को ई-बसों की सौगात देने पर है। दिसंबर में 12 बसों की पहली खेप भोपाल पहुंच सकती है। प्रयास किए जा रहे हैं जनवरी-26 में इन बसों का संचालन शुरू हो जाए।



### 100 पुराने बस स्टॉप का हो रहा रिनोवेशन

नई बसों की आमद को देखते हुए बीसीएलएल ने 100 पुराने बस स्टॉप के रिनोवेशन का काम शुरू कर दिया है। इसके अलावा कुछ जगह छोटे आकार के नए डिजाइन में बस स्टॉप भी तैयार करवाए गए हैं। बसों के संचालन के पूर्व कई जगहों पर छोटे और सुंदर लोगों के आकर्षण का केंद्र बनें ऐसे बस स्टॉप भी नजर आएंगे।

**महापौर दो बार कर चुकी हैं डिपो का निरीक्षण**

महापौर मालती राय नगर निगम बीसीएलएल में आने वाली 100 इलेक्ट्रिक नई बसों के लिए कस्तूरबा नगर और संत हिरदाराम नगर में नवनिर्माणाधीन इलेक्ट्रिक बस डिपो का दो बार निरीक्षण कर चुकी हैं।

### एम्स के कार्डियोथोरेसिक एवं वेस्कुलर सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने की सर्जरी

# पेट की महाधमनी में थी सूजन, सर्जरी से युवक की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने एक 35 वर्षीय युवक की सफल एब्डॉमिनल एऑर्टिक एन्यूरिज्म (पेट की मुख्य धमनी की दीवार) की सर्जरी कर उसकी जान बचाई है। हालांकि इस सर्जरी में युवक को अपनी एक किडनी गंवानी पड़ी। एम्स के कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग ने यह सर्जरी की है। चिकित्सकों ने बताया कि मरीज पिछले आठ महीनों से पेट में दर्द की समस्या से परेशान था।

जांच में मरीज की पेट की महाधमनी में गंभीर सूजन पाई गई, जिसे सुप्रा-रीनल एब्डॉमिनल एऑर्टिक एन्यूरिज्म कहा जाता है, जो आंतों और दोनों किडनियों को रक्त पहुंचाने वाली प्रमुख धमनियों तक फैल चुकी थी। साथ ही बाई किडनी ने काम करना बंद कर दिया था। विभिन्न अस्पतालों में उपचार कराने के बाद भी जब उन्हें राहत नहीं मिली, तब वे एम्स भोपाल के सीटीवीएस विभाग में पहुंचे।



सर्जरी करने वाले चिकित्सकों और उनके सहयोगियों की टीम।

### महाधमनी को हटाकर लगाई कृत्रिम रक्त नली

विशेषज्ञ टीम द्वारा पेट और छाती के हिस्से से चीरा लगाकर यह जटिल सर्जरी की गई। इस दौरान सूजनग्रस्त महाधमनी को हटाकर उसकी जगह ग्राफ्ट (कृत्रिम रक्त नली) लगाई गई तथा खराब हो चुकी बाई किडनी को भी हटाया गया। इसके साथ ही दाई ओर की किडनी एवं आंतों की प्रमुख धमनियों को भी ग्राफ्ट (कृत्रिम रक्त नली) में प्रत्यारोपित किया गया, जो एक अत्यंत जटिल प्रक्रिया है। समय रहते यह सर्जरी किए जाने से महाधमनी के फटने जैसे गंभीर खतरे को टालना संभव हो सका। सर्जरी के बाद मरीज को आईसीयू में रखा गया, जहां उनका स्वास्थ्य स्थिर रहा और बाद में उन्हें वार्ड में स्थानांतरित किया गया। वर्तमान में मरीज पूरी तरह स्वस्थ है।

### सर्जरी में यह चिकित्सक रहे शामिल

टीम में डॉ. योगेश निवारिया, डॉ. एम किशन, डॉ. सुरेंद्र सिंह यादव, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. विक्रम वट्टी और डॉ. आदित्य सिरोही, यूरोलॉजी के डॉ. माधवन और डॉ. केतन मेहरा एवं एनेस्थीसिया से डॉ. हरीश तथा सर्जिकल ऑन्कोलॉजी से डॉ. अंकित जैन ने सहयोग किया।

### यह खतरनाक क्यों?

यदि यह एन्यूरिज्म बहुत बड़ा हो जाता है, तो इसके फटने का खतरा बढ़ जाता है। भारी रक्तस्राव होता है, जिससे जान जाने का खतरा रहता है। अचानक,तेज पेट या पीठ दर्द होता है। ब्लड प्रेशर का गिरना और चक्कर आना। सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षणों से इसे पहचाना जा सकता है।

### एन्यूरिज्म के प्रमुख कारण

**धूम्रपान:** सबसे बड़ा कारण है। तंबाकू धमनियों की दीवारों को कमजोर करता है। **उम्र:** 65 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों में यह अधिक पाया जाता है। **हाई ब्लड प्रेशर:** धमनियों पर लगातार दबाव उन्हें कमजोर कर देता है। **अनुवांशिकता:** यदि परिवार में किसी को यह समस्या रही हो। **एथेरोस्क्लेरोसिस:** धमनियों में वसा और अन्य पदार्थों का जमा होना।

# एलन कोटा देगा सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नीट की निशुल्क कोचिंग

एजेंसी ▶▶ कोटा

## एलन शिक्षा संबल अभियान के तीसरे सत्र के रजिस्ट्रेशन शुरू

एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एलन शिक्षा संबल अभियान निशुल्क नीट कोचिंग के तीसरे सत्र की प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। एलन परिवार के पितृ पुरुष लक्ष्मीनारायण माहेश्वरी की पुण्यतिथि के अवसर पर यह शुरुआत की गई। एलन के निदेशक डॉ. गोविंद माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने संकल्प कैम्पस में वीडियो बटन दबाकर व पोस्टर विमोचन कर यह शुरुआत की। इच्छुक विद्यार्थी https://lnmpnyas.org/ पर आवेदन कर सकते हैं।



### निशुल्क भोजन और आवास व्यवस्था

इस योजना के तहत उत्तर भारत के हिंदी भाषी प्रदेशों के सरकारी स्कूलों के चयनित 126 विद्यार्थियों को नीट-यूजी के लिए निशुल्क कोचिंग के साथ-साथ निशुल्क आवास व भोजन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसमें 81 छात्राएं एवं 45 छात्र शामिल हैं। योजना के तहत एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की एक साल के लिए निशुल्क कोचिंग (100 प्रतिशत स्कॉलरशिप) दी जा रही है। वहीं एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से इन विद्यार्थियों के निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है। निदेशक नवीन माहेश्वरी ने बताया कि पिता एलएन माहेश्वरी जी ने हमेशा शिक्षा के लिए प्रेरित किया। वे बच्चों की पढ़ाई के प्रति बहुत सरोकार रखते थे और इसके लिए मदद भी किया करते थे। इन्हीं संस्कारों से प्रेरित होकर, उनके विचारों को आगे बढ़ाते हुए यह पहल शुरू की गई है। ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाते हुए उनके सपने सच करना ही ध्येय है।

### हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का प्रयास

*शिक्षा संबल योजना के तहत मध्य भारत के राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड राज्यों के हिन्दी माध्यम के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन की वरीयता के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की तैयारी के लिए चुना जाता है। विद्यार्थियों को एलन कोटा के बारां रोड नया नोहरा स्थित सुपथ कैंपस में निशुल्क कोचिंग दी जाती है। पहले वर्ष में 105 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा दी, जिसमें से 103 ने नीट क्वालीफाई किया। दो स्टूडेंट्स राजकीय मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत हैं। दूसरे वर्ष के विद्यार्थी नीट-2026 में प्रवेशित होंगे।*

---

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी

# चांदी की चमक के आगे फीका पड़ा सोना, इस साल कीमतों में 130 प्रतिशत से अधिक का उछाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेश के सुरक्षित विकल्प और चुनिंदा उद्योगों में मांग बढ़ने से इस साल चांदी ने रिटर्न के मामले में परंपरागत निवेश विकल्प सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह हो गई है कि सोने ने जहां करीब 70 प्रतिशत रिटर्न दिया है वहां चांदी 130 प्रतिशत से भी अधिक चढ़ी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में आगे और कटौती की उम्मीदों के बीच चांदी में अगले साल भी 15 से 20 प्रतिशत तक की तेजी बने रहने की उम्मीद है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, दिल्ली में चांदी की कीमत 2,750 रुपए बढ़कर 2,17,250 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। चांदी की कीमत इस साल एक जनवरी को 90,500 रुपए प्रति किलोग्राम थी। इस तरह चांदी में 1,24,000 रुपए यानी 137 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है।

**खास बातें**

- चांदी ने इस साल निवेश विकल्प सोना और शेयर बाजार को पीछे छोड़ दिया
- सोने ने करीब 70 प्रतिशत रिटर्न दिया तो चांदी 130 प्रतिशत से अधिक चढ़ी




### चांदी में उछाल संरचनात्मक कारकों के कारण

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, चांदी की कीमतों में उछाल सट्टेबाजी का नहीं बल्कि संरचनात्मक कारकों का नतीजा है। आपूर्ति में लगातार कमी के साथ औद्योगिक मांग बनी हुई है। कृत्रिम मेधा (एआई), ईवी तथा स्वच्छ ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों में बढ़ती मांग कीमत में वृद्धि का प्रमुख कारण है।

### ईटीएफ में निरंतर निवेश से कीमतों को समर्थन मिला

कलंत्री ने कहा, मजबूत औद्योगिक मांग के अलावा, ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) में निरंतर निवेश, भौतिक रूप से खरीद अधिक होने और निवेशकों के जिंस में निवेश बढ़ाने से भी कीमतों को समर्थन मिला है। एक और संकेत सोने-चांदी की कीमतों के अनुपात में तीव्र गिरावट है, जो जोखिम लेने की बढ़ती प्रवृत्ति को बताती है।

### चांदी की आपूर्ति में लगातार कमी आई

मांग और आपूर्ति से जुड़े सवाल के जवाब में माथुर ने चांदी उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक निकाय सिल्वर इंस्टिट्यूट के अनुमान का हवाला देते हुए कहा कि चांदी की आपूर्ति में लगातार पांचवें वर्ष लगभग 9.5 करोड़ औंस (एक औंस बराबर लगभग 31.1 ग्राम) की कमी है। आने वाले वर्षों में चांदी की कीमतों में और अधिक सकारात्मक वृद्धि का कारण यह कमी ही रहेगी।

### सौर उपकरणों व ईवी उद्योगों की मांग बढ़ने से चांदी की चमक बनी

विशेषज्ञों के मुताबिक, आर्थिक गतिविधियों और महंगाई बनी रहने के साथ सौर उपकरणों एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जैसे उद्योगों में मांग बढ़ने की संभावना ने चांदी की चमक अगले साल भी बनी रह सकती है और यह सोने की तरह सुरक्षित निवेश विकल्प बनती दिख रही है।

---

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1578
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल
ई मेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन - 0755-2553402 फैक्स-0755-2552406

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक- 620/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 17/12/2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 05-01-2026 को 17:30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD_ 461113 | बरमान घाट एवं मंदिरों का रखरखाव, पुताई एवं रंगरोगन कार्य। | नरसिंहपुर | 5.69 |
| 2. | 2025_WRD_ 464567 | उपसंभाग करेली के अनुपयोगी वाहनों / साम्रगी / मशीनरी एवं का विक्रय। | नरसिंहपुर | 1.62 |
| | | | कुल योग | 7.31 |

जी - 23192/25 स्वच्छता ही सेवा मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल

आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (एक्ट 54 का 2002) अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चो सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।
ऋणी द्वारा पूर्ण राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी, जमानतदार एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है।
ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा।
ऋणकर्ता जमानतदार / संपत्ति स्वामी का ध्यान आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधान के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम | चल एवं अचल बंधक संपत्ति का विवरण / चौहद्दी /संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक | मांग सूचना के अनुसार देय राशि |
|---|---|---|---|
| सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल | | | |
| ऋणी- **मेसर्स बालाजी ट्रेडर्स प्रोपराइटर- श्री मनीष गुरू पुत्र स्व. श्री बी.एल. गुरू** | दुकान नं. 45, अपर ग्राऊंड फ्लोर मेट्रो वॉक अर्जुन फिटनेस क्लब के पास, कमर्शियल काम्पलेक्स, ई-5, अरेरा कालोनी, हुजूर, भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 8.41 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- श्री मनीष कुमार गुरू पुत्र श्री बी.एल. गुरू चर्तुसीमाएं- उत्तर- कॉरिडोर, दक्षिण- शॉप नं. 46, पूर्व- दुकान नं. 43, पश्चिम- कॉरिडोर | 11/09/2025 / 19/12/2025 | दिनांक 11.09.25 को ₹ 19,72,746/- +दिनांक 12.09.2025 से देय ब्याज एवं खर्चे |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 19.12.2025 प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

---

**खबर संक्षेप**



### धारीवाल, ईएसडीएस, बीएलएस को आईपीओ लाने को मंजूरी

**नई दिल्ली।** निर्माण कंपनी धारीवाल बिल्डटेक, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर एवं डेटा सेंटर सेवा प्रदाता ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन और बीएलएस पॉलीमर्स को बाजार नियामक सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से मंगलवार को दी जानकारी के अनुसार, ये तीनों आईपीओ पूरी तरह से नए निर्गम पर आधारित होंगे जिसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई घटक शामिल नहीं होगा।

### एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर में किए 1,068 करोड़ खर्च

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने 2024-25 में अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल पर 1,068.03 करोड़ रुपये खर्च करने की मंगलवार को जानकारी दी। यह वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में यह 123 करोड़ रुपए अधिक है। बैंक की वार्षिक सीएसआर रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च, 2025 तक कुल मिलाकर बैंक ने सीएसआर कार्यक्रमों में 6,176 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

# सोना 1,40,850 रुपए के नए शिखर पर, चांदी का भी रिकॉर्ड

### सोने में 2650 रुपए का उछाल आया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुझानों के कारण, सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त जारी रहीं। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,40,850 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,38,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस साल अब तक, घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में 61,900 रुपए, या 78.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर, 2024 को सोने का भाव 78,950 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी में भी लगातार दूसरे दिन तेजी आई, और यह 2,750 रुपए बढ़कर 2,17,250 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में, चांदी 10,400 रुपए प्रति किलोग्राम की तेज वृद्धि दर्ज करने के बाद 2,14,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के परिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, सर्राफा कीमतों में अभूतपूर्व तेजी जारी है, जिसमें हाजिर सोना 4,500 डॉलर के स्तर के करीब एक और मील का पत्थर छू रहा है। उन्होंने कहा, तेजी का यह ताजा दौर इस उम्मीद से प्रेरित है कि फेडरल रिजर्व वर्ष 2026 में एक से ज़्यादा बार ब्याज दर में कटौती करेगा, साथ ही बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव सोने और चांदी की सुरक्षित निवेश अपील को मजबूत कर रहा है। कैलेंडर वर्ष के दौरान, चांदी की कीमतों में 31 दिसंबर, 2024 को दर्ज किए गए 89,700 रुपए प्रति किलोग्राम से 1,27,550 रुपए, या 142.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।



### चांदी पहली बार 70 डॉलर प्रति औंस के पार

*कैलेंडर वर्ष के दौरान, हाजिर सोना की कीमतों में 31 दिसंबर, 2024 को दर्ज किए गए 2,605.77 डॉलर प्रति औंस से 1,892.23 डॉलर या 72.62 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस बीच, हाजिर चांदी 1.4 प्रतिशत बढ़कर विदेशी व्यापार में पहली बार 70 डॉलर प्रति औंस के निशान को पार कर गई।*

## वर्ष 2025 में आईपीओ से रिकॉर्ड 1.76 लाख करोड़ रुपए जुटाए

### इस वर्ष लेंसकार्ट, ग्रोव मीशो जैसे 18 स्टार्टअप सार्वजनिक हुए

# आईपीओ बाजार की तेजी नए साल में भी जारी रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पर्याप्त घरेलू नकदी, मजबूत निवेशक विश्वास और सहायक वृहद आर्थिक कारकों से प्रेरित 2025 में रिकॉर्ड 1.76 लाख करोड़ रुपये जुटाकर रिकॉर्ड स्तर छूने वाले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार की यह तेजी नए साल में भी जारी रहने की उम्मीद है। वर्ष 2025 की एक बड़ी उपलब्धि स्टार्टअप का सूचीबद्ध होना रहा। इस साल लेंसकार्ट, ग्रोव, मीशो और फिजिक्सवॉला समेत 18 स्टार्टअप सार्वजनिक हुए और संयुक्त रूप से 41,000 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए।




### 2024 में स्टार्टअप ने 29,000 करोड़ रुपए जुटाए

वहीं, 2024 में स्टार्टअप ने 29,000 करोड़ रुपए जुटाए थे। साथ ही, बिक्री पेशकश (ओएफएस) धन जुटाने की गतिविधियों में प्रमुख बना रहा। इसकी 2025 में जुटाई गई कुल पूंजी में करीब 60 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। बाजार प्रतिभागी 2026 में आईपीओ गतिविधियों को लेकर आशावादी बने हुए हैं।

न्यायालय पुलिस उपायुक्त / विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट जोन 03
नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)
क्रमांक पु.उपा/भो/जोन 03/D/319/2025 दिनांक 02/12/2025
सार्वजनिक उद्धोषणा

इस न्यायालय मे थाना मंगलवारा मे जप्तशुदा वाहन 14 नग धारा 25 पुलिस एक्ट मे जप्त कर राजसात की प्रक्रिया प्रचलन मे है। पुलिस रेगुलेशन की धारा 26,27 मे 25 पुलिस एक्ट के अधिकारों का उपयोग करते हुए थाना मंगलवारा जिला भोपाल जोन 03 का प्रतिवेदन अपराध क्र 1/24 का प्रकरण प्राप्त हुआ है जिसमे कुल दो पहिया 14 नग या कुल 14 नग 25 पुलिस एक्ट मे दिनांक. 03/12/24 को विधिवत नियमानुसार जप्त किये गये हैं। जिसे इस न्यायालय द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वाहनो को राजसात करने की प्रक्रिया प्रचलन मे है। उक्त संपत्ति के राजसात करने व जप्त करने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो सूचना प्रकाशन के 21 दिवस की अवधि के भीतर कार्यालय विशेष न्यायालय जोन-03 / पुलिस उपायुक्त भोपाल मे प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होंगी। वाहनो/संपत्ति को राजसात कर आम नीलामी से शासन हित मे विक्रय किया जाएगा।

जी - 23171/25 स्वच्छा ही सेवा है।
पुलिस उपायुक्त/न्या. विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट जोन- 03 नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स
दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17) सूचना

फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग कार्यक्रम
बी/डी फार्मेसी, फार्म-डी, फार्म-डी (पीबी), एम. फार्मेसी एवं लेटरल एण्ट्री (बी. फार्मेसी)
(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/ स्ववित्तीय एवं निजी संस्थान)

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा **Miscellaneous Application D.No. 72501 of 2025** में दिनांक 19.12.2025 को दिये गये निर्णय के परिपालन में फार्मेसी पाठ्यक्रमों में संस्था स्तर की काउसंलिंग (CLC) के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश हेतु पंजीयन एवं प्रवेश तिथि निम्नानुसार रहेगी।

| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय |
|---|---|
| संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये | |
| 24.12.2025 से 27.12.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 26.12.2025 एवं 27.12.2025 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक |
| उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये | |
| 28.12.2025 से 30.12.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 30.12.2025 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक |
| उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये | |
| 31.12.2025 दोपहर 12:00 बजे तक | 31.12.2025 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जा सकेंगे।
- संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441**
  **ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/123626/2025 अतिरिक्त संचालक

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग विदिशा म.प्र.
प्रारूप- 'क'
(नियम 4 देखिए)

क्रमांक 18417/अ-82/2025-26/ विदिशा, दिनांक : 23.12.2025

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में नगरीय स्तर पर यथास्थिति संबंधित नगर पालिका के परामर्श से भिन्न भूमियों का अर्जन करना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा-4 के प्रावधानों अनुसार किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| (1) | परियोजना विकासक का नाम | संभागीय प्रबंधक म.प्र. सड़क विकास निगम भोपाल |
| (2) | भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन | अरिहंत विहार से बंटीनगर तक आर.ओ. बी. का निर्माण |
| (3) | अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण | 1. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विदिशा<br>2. रोड डेटा सिस्टम इंजी. म.प्र. सड़क विकास निगम भोपाल<br>3. मुख्य नगर पालिका अधिकारी विदिशा<br>4. नायब तहसीलदार, तहसील विदिशा<br>5. पार्षद (अरिहंत विहार) नगर पालिका परिषद विदिशा<br>6. पार्षद (बंटी नगर) नगर पालिका परिषद विदिशा |
| **(4)** | **भूमि का विवरण** | |
| (क) | जिला | विदिशा |
| (ख) | तहसील | विदिशा |
| (ग) | ग्राम/नगर | कस्बा विदिशा |
| (घ) | कुल प्रभावित क्षेत्र | 0.155 हेक्टेयर |
| (ड) | अर्जित होने वाला क्षेत्र | 0.155 हेक्टेयर |
| **(5)** | **प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण** | विदिशा-सागर मार्ग के अंतर्गत सेतु बंधन योजना के तहत विदिशा शहर के बंटीनगर से अरिहंत विहार नगर तक रेलवे क्रॉसिंग पर रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण |
| (6) | परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र | 0.155 हेक्टेयर |
| (7) | क्या ग्रामसभाओं और या/भूमिधारकों की सहमति अपेक्षित है | हॉ |
| (8) | समाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख | अधिसूचना प्रकाशन के 06 माह के भीतर |

म.प्र. माध्यम/123637/2025
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला-विदिशा (म.प्र.)

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/897/25 दिनांक:- 18/12/2025

ई-निविदा सूचना

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दशार्ये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | थाना कोहेफिजा में पेवर्स ब्लाक, उर्जा डेस्क एवं अन्य मरम्मत कार्य | 1,000/- | 3,33,486/- | 10,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी।
2. निविदा शुल्क एवं ईएमडी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders .gov.in सें निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती हैं। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अनुसूची-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 20/12/2025 के 12.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 20/12/2025 के 12.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 03/01 / 2026 के 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 05/01/2026 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 26/12/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

जी - 23208/25 स्वच्छता ही सेवा
पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस, भोपाल

## चिंतन

# बांग्लादेश संकट को भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाए

बांग्लादेश इस समय हिंसा, अराजकता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। वहां हिंदू समुदाय पर लगातार बढ़ते अत्याचार भारत की चिंताओं को बढ़ा रहे हैं। मंदिरों पर पथराव और हिंदुओं के घरों में आगजनी जैसी घटनाएं हिंदू समाज के बीच दहशत पैदा कर रही हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में सत्ता की बागडोर संभालने वाले मुहम्मद यूनुस बुरी तरह विफल साबित हुए हैं। यहां हिंदू समुदाय पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। मंदिरों पर पथराव, घरों में आगजनी, महिलाओं पर अत्याचार जैसी घटनाएं अब रोजमर्रा की हकीकत बन चुकी है। ऐसे समय में भारत को इस मामले को लेकर कूटनीतिक कदम उठाने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया जाना चाहिए। भारत ने बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पड़ोसी देश में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि वहां 'लोकतंत्र का स्थान भीड़तंत्र ने ले लिया है। वहीं, अब भारत में भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। कोलकाता और नई दिल्ली में बांग्लादेशी उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी है। इससे घबराए बांग्लादेश मिशन ने नई दिल्ली और अगरतला में अपने सभी काउंसलर और वीजा सर्विस को बंद कर दिया। कोलकाता में भी वीजा के लिए आवेदन केंद्र को बंद करने का फैसला लिया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने राजनयिक मिशनों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया और और उन्हें नई दिल्ली, कोलकाता और अगरतला स्थित बांग्लादेशी उच्चायोग की सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी ली। हालांकि देखा जाए तो यह संकट कोई नया नहीं है। 1947 के बंटवारे के समय बंगाल के पूर्वी हिस्से में हिंदू अल्पसंख्यक सुरक्षित थे, लेकिन पाकिस्तान बनने के बाद उत्पीड़न शुरू हो गया। 1971 के युद्ध में भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को हराकर बांग्लादेश को आजादी दिलाई। इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता ने करोड़ों हिंदुओं को बचाया, लेकिन आजादी के बाद की सरकारों ने हिंदुओं को अधिकारों से वंचित रखा। वक्फ कानून के तहत उनकी जमीनें हड़पी गईं। आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू आबादी कभी 22 प्रतिशत थी, जो आज घटकर महज 8 प्रतिशत रह गई है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद भी इस समुदाय पर अत्याचार जारी रहा। शेख हसीना ने कुछ सुरक्षा दी, लेकिन उनके खिलाफ भड़के आक्रोश ने अल्पसंख्यकों को और असुरक्षित कर दिया। आज वहां कट्टरपंथी ताकतें हावी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त 2024 से नवंबर 2025 तक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,000 से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं। इन हालातों ने पूरे दक्षिण एशिया की सुरक्षा और मानवीय मूल्यों पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। कट्टरपंथी ताकतों के बेकाबू होने, भीड़ हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी और कानून-व्यवस्था के चरमराने से सबसे अधिक असुरक्षा का वातावरण अल्पसंख्यकों में है। चटगांव की हृदयविदारक घटना ने इस सच्चाई को और भी निर्मम रूप में उजागर कर दिया, जहां मामूली विवाद को धार्मिक रंग देकर एक निर्दोष व्यक्ति को भीड़ के हवाले कर दिया गया और उसे पेड़ से बांधकर जिंदा जला दिया गया। यह घटना केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है कि जब कट्टरता को खुली छूट मिलती है तो मानवता सबसे पहले मरती है।




बांग्लादेश हिंसा
योगेंद्र माथुर

बांग्लादेश के ताजा हालात के पीछे भी षड्यंत्र की बू आ रही है। पाकिस्तान के नए नवेले चीफ ऑफ डिफेंस फॉर्स आसिम मुनीर के मार्गदर्शन में आईएसआई व बांग्लादेश की जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के साथ चीन और कुछ अन्य देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भारत विरोधी षडयंत्र का जाल बुनने में भूमिका निभा रहे हैं। भारत के विकास की राह को बाधित कर भारत को रूस की तरह लंबे युद्ध में उलझाने के प्रयास हो रहे हैं। इसके बावजूद बांग्लादेश पर कार्रवाई न करने के पीछे संभवतः भारत की यह सोच भी काम कर रही है कि पड़ोस में एक ओर शत्रु बनाना उचित नहीं है। भारत कोई जल्दबाजी या हड़बड़ाहट न दिखाते हुए कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है और धैर्यपूर्वक इस स्थिति से निपटने पर मंथन कर रहा है।

# भारत के धैर्य और कूटनीति की परीक्षा

बांग्लादेश हिंसा की आग में धधक रहा है। सड़कों पर उपद्रवियों का कब्जा है और चारों तरफ अराजकता का माहौल दिखाई दे रहा है। गत वर्ष अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद यह दूसरा अवसर है जब समूचा बांग्लादेश अनियंत्रित उपद्रवियों के कब्जे में आ गया दिखता है।

ताजा हिंसा का कारण छात्र नेता व इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी को 12 दिसंबर को गोली मारने और 18 दिसंबर को सिंगापुर में उनकी मौत होना बताया जा रहा है। उस्मान हादी गत वर्ष जुलाई में शेख हसीना सरकार के विरुद्ध हुए आंदोलन व तख्तापलट के सूत्रधार नेताओं में प्रमुख नेता थे। उस्मान हादी ने ही भारत विरोधी बयान देते हुए भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर क्षेत्र को काटकर सेवन सिस्टर्स ( पूर्वोत्तर के 7 राज्य-अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड व त्रिपुरा) को बांग्लादेश में मिलाने और ग्रेटर बांग्लादेश या सल्तनत-ए-बांग्ला बनाने की बात कही थी। हादी ने इस सिराजुद्दौला साम्राज्य प्लान का एक नक्शा और वीडियो भी जारी किए थे। हादी के नेतृत्व में ही अगस्त 2024 में शेख हसीना के कथित छात्र विरोधी निर्णय के विरोध और संविधान में संशोधन की मांग को लेकर शुरू हुआ छात्र आंदोलन पहले कथित जेन जी आंदोलन में बदला था। जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के लिए देश में शरीयत का कानून लागू करने के मंसूबों को अंजाम देने का यह सुनहरा अवसर मालूम हुआ था और वे भी इस हिंसा व अराजकता फैलाने वालों की उन्मादी भीड़ में चेहरे छुपाकर शामिल हो गए थे। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के निवास सहित सरकारी इमारतों, स्मृति चिन्हों व नेताओं को निशाना बनाया था। प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से त्यागपत्र देकर देश छोड़कर भारत में शरण लेना पड़ी थी। उस समय सेना व कुछ विपक्षी नेताओं के दखल के बाद आंदोलन समाप्त हुआ और नोबेल पुरस्कार प्राप्त मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार सत्ता पर काबिज हुई थी। यूनुस का रवैया सदैव भारत विरोधी ही देखा गया है, लेकिन सब कुछ जानते-समझते हुए भी भारत द्वारा यूनुस सरकार से मधुर संबंध बनाने की कवायदें बीते समय में की जाती रहीं। लेकिन यूनुस के व्यवहार में बदलाव नजर नहीं आया। उनके शासन में भारत विरोधी षडयंत्र व प्रयास होते रहे। गत नवंबर माह में ही शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई गई थी और उसके बाद यूनुस ने भारत से हसीना को वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की थी। शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद बांग्लादेश के हालत और भारत के साथ संबंधों को लेकर विगत दिनों विदेश मामलों की संसद की स्थायी समिति भी चिंता जता चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समिति ने कई देशों का दौरा किया था। बाद में संसद में पेश रिपोर्ट में समिति ने चेतावनी दी कि बांग्लादेश की बदलती राजनीतिक स्थिति भारत के लिए 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद सबसे गंभीर रणनीतिक चुनौती बन गई है। बांग्लादेश में हुई विगत वर्ष व ताजा, दोनों दौर की हिंसा के पीछे मुख्य निशाना भारत ही रहा है। वहां दुष्प्रचार किया जा रहा है कि उस्मान हादी की हत्या के पीछे भारत दोषी है और उनके हत्यारे भी भारत के सहयोग से भागने में सफल रहे



हैं या भारत में छुपे हुए हैं। हालांकि भारत इस बात को खारिज कर चुका है, लेकिन वहां सक्रिय जमाते इस्लामी के कट्टरपंथी, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और अन्य भारत विरोधी विदेशी शक्तियां इस आग को भड़काने में लगी हैं। पूरी तरह से अगस्त 2024 की हिंसा व अराजकता का दोहराव होता हुआ दिख रहा है।

बांग्लादेश की इस स्थिति पर मोहम्मद यूनुस ने अब तक किसी प्रकार का खेद नहीं जताया है। स्पष्ट मालूम पड़ता है कि मोहम्मद यूनुस कट्टरपंथियों के साथ-साथ भारत विरोधी विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं। इधर प्रश्न उठाया जा रहा है कि भारत हस्तक्षेप क्यों नहीं कर रहा? इसका जवाब पाने के लिए हमें समझना बहुत जरूरी है कि भारत आज दुनिया की एक तेजी से उभरती आर्थिक शक्ति है। दुनिया की कई महाशक्तियां, पड़ोस में बैठे दुश्मन और कट्टरपंथी भारत के तेजी से हो रहे उभार को पचा नहीं पा रहे हैं और भारत को विकास की राह से डिगाने के षडयंत्र रचे जा रहे हैं। बांग्लादेश के ताजा हालात के पीछे भी षडयंत्र की बू आ रही है। यहां पाकिस्तान के नए नवेले चीफ ऑफ डिफेंस फॉर्स आसिम मुनीर के मार्गदर्शन में आईएसआई व बांग्लादेश की जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के साथ चीन और कुछ अन्य देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भारत विरोधी षडयंत्र का जाल बुनने में भूमिका निभा रहे हैं। भारत के विकास की राह को बाधित कर भारत को रूस की तरह लंबे युद्ध में उलझाने के प्रयास हो रहे हैं। हादी की मौत पर जिस प्रकार अमेरिका सहित विभिन्न देशों ने शोक जताया है, उससे आसानी से समझा जा सकता है कि भारत विरोधी षड्यंत्रकारियों के तार कहां-कहां जुड़े हुए हैं। दूसरी बात यह समझने की है कि बांग्लादेश हमारा परंपरागत शत्रु नहीं है बल्कि उसके साथ हमारे संबंध हर तरह से मधुर व सहयोगपूर्ण ही रहे हैं। हमारे ही सैन्य हस्तक्षेप व सहायता से पूर्वी पाकिस्तान सन 1971 में बांग्लादेश के रूप में अस्तित्व में आया है। शेख हसीना को अपदस्थ करने के पीछे भारत से निकटता भी एक वजह मानी गई है। हालांकि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार भी वहां सत्ता में आने पर बांग्लादेश से हमारे संबंध दोस्ताना भले ही नहीं रहे हों, शत्रुतापूर्ण भी नहीं रहे हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत ने बांग्लादेश को समय-समय पर सहयोग व सहायता ही दी है। संभवतः इसीलिए पड़ोसी देश के हालात भारत के लिए चिंताजनक होते हुए भी भारत, बांग्लादेश में यथासंभव सैन्य हस्तक्षेप करने व संघर्ष जैसी अन्य अप्रिय स्थिति से बचने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश पर कोई सख्त कार्रवाई न करने के पीछे संभवतः भारत की यह सोच भी काम कर रही है कि पड़ोस में एक ओर शत्रु बनाना भारत की सुरक्षा व हितों के मान से उचित नहीं है। हालांकि भारतीय राजनयिकों व बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के संदर्भ में भारत ने वहां की सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज करा दिया है और इन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। दूसरी ओर स्थिति पर भारत पैनी दृष्टि लगाए हुए है और समयोचित सतर्कता व सुरक्षा उपायों की समीक्षा भी लगातार की जा रही है।

देखा जाए तो यह समय भारत की सुरक्षा के साथ विदेश नीति व कूटनीति की परीक्षा का समय है। समझा जा सकता है कि भारत इस संवेदनशील स्थिति में कोई जल्दबाजी या हड़बड़ाहट न दिखाते हुए कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है और धैर्यपूर्वक इस स्थिति से निपटने या भारत के हितों के अनुकूल समाधान के लिए कूटनीतिक व अन्य वैकल्पिक उपायों पर मंथन किया जा रहा है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में सोच समझ कर कदम उठाने में ही भारत का हित है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती

डॉ. सुशील टाया



# विश्व कल्याण के अग्रदूत रहे स्वामी ब्रह्मानंद

देश-विदेश में समाज सुधार के लिए अनेक समाज-सुधारक, सन्त-महात्मा व भक्त हुए हैं। जिस प्रकार सूर्य की रोशनी को एक सीमा में नहीं बांध सकते, इसी प्रकार संत की विचारधारा को सीमाएं रोक नहीं सकती। सन्त ब्रह्मानन्द ने समाज की बुराइयों, विसंगतियों, कुरीतियों, अंधविश्वासों एवं पाखण्डों के प्रति जनसामान्य को जागरूक किया। 24 दिसम्बर, 1908 ई. दिन वीरवार को चूहड़ मुनि की पावन धरा गांव चूहड़माजरा में संत ब्रह्मानन्द सरस्वती का जन्म चौधरी बदामा के घर हुआ था। इनकी माता का नाम रामी था। स्वामी ब्रह्मानन्द ने वैदिक संस्कृति का प्रचार-प्रसार करते हुए समाज सुधार, मादक द्रव्यों के सेवन का निषेध, गो-रक्षा, पर्यावरण रक्षा, शिक्षा का प्रचार-प्रसार, पशु-पक्षियों के कल्याण का काम किया। उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना पर बल दिया, क्योंकि वे मूलतः एक मानवतावादी सन्त थे। सन्त ब्रह्मानन्द ने मानव कल्याण के लिए पंचरंगे झंडे का निर्माण किया। जिस प्रकार शरीर पांच तत्वों-आकाश, वायु, तेज, जल और पृथ्वी से निर्मित है, उसी प्रकार यह पंचरंगा ध्वज भी पांच रंगों से बना है। ध्वज के मध्य ओम आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार इन पांच विकारों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। संत ब्रह्मानन्द कहते थे कि वृद्धजन परिवार का मुख्य सतम्भ होते हैं। जो व्यक्ति अपने वृद्धजनों की सेवा करते हैं उनकी आयु दीर्घ होती है। संत ब्रह्मानन्द ने गांव-गांव जाकर शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया। खासतौर पर उन्होंने नारी शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने




इसके लिए पाठशालाओं, गुरुकुलों और आश्रमों की स्थापना की। वे पर्यावरण के बड़े संरक्षक थे। वे प्रत्येक घर में तुलसी का पौधा लगाने का उपदेश देते थे। इसके साथ वातावरण शुद्धि के लिए लोगों को यज्ञ करने के लिए प्रेरित किया तथा स्वयं लगभग 200 अखिल विश्व कल्याणकारी शान्ति महायज्ञ किए। संत ब्रह्मानन्द जनसामान्य को सदाचारी बनाना चाहते थे। उनका मानना था कि सदाचार से बढ़कर कोई शास्त्र नहीं है। मनुष्य को सदैव ऊंचे आचरण का ही अनुकरण करना चाहिए। स्वामी ब्रह्मानन्द ने सदाचार की महत्ता बताते हुए कहा कि सांसारिक व्यवहार शास्त्रानुकूल होना चाहिए। कहते थे कि आधुनिक युग में मनुष्य में नैतिक मूल्यों का अवमूल्यन हो रहा है। सामाजिक अस्तित्व के लिए नैतिक आचरण आवश्यक है। उन्होंने समाज उत्थान व विकास के लिए नैतिक मूल्यों पर विशेष रूप से बल दिया। उन्होंने जनसामान्य को प्रेरित किया कि प्रत्येक व्यक्ति नैतिक आचरण को अपनाकर अपना जीवन सुखमय बनाएं।

आधुनिक युग की इस चकाचौंध में प्रत्येक व्यक्ति एक-दूसरे से आगे निकलना चाहता है, इसलिए लोगों में पारस्परिक सद्भाव की भावना खत्म हो रही है, क्योंकि स्वयं आगे निकलने के लिए अपने सहयोगी का नुकसान भी करने से परहेज नहीं कर रहा है। आज परिवार में भाई-भाई तथा माता-पिता में पारस्परिक सदभावना की भावना कम हो रही है। संत ब्रह्मानन्द सरस्वती ने जनसामान्य को जागरूक किया तथा पारस्परिक सदभावना के लिए प्रेरित किया। संत ब्रह्मानन्द सात्विक प्रकृति के सन्त थे। उनका आहार- विहार भी सात्विक था। वे जनसामान्य को सात्विक आहार लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहते थे, कि सात्विक आहार आयु, बुद्धि, सुख, आरोग्य व बल को बढ़ाता है और चटपटा आहार रोग को बढ़ाता है। आधुनिक युग में मांसाहार और मादक द्रव्यों का सेवन ते बड़ी तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण समाज में अराजकता, भ्रष्टाचार, अपराध-वृत्ति बढ़ रही है। अधिक संख्या में इसके शिकार नौजवान हो रहे हैं। संत ब्रह्मानन्द ने जनसामान्य को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। आधुनिक युग में जिस तरह से टूटते परिवार, आपसी मन मुटाव, जाति पाति का भेदभाव, बढ़ती पर्यावरण की समस्या, वृद्धजनों के सम्मान व अतिथि सत्कार में कमी, अशिक्षा, सदाचार की कमी, कम होती नैतिकता, घटा पारस्परिक सद्भाव व मादक द्रव्यों का बढ़ता प्रचलन समाज में हावी हो रहा है, उसे देखते साफ तौर पर कहा जा सकता है कि आधुनिक युग में आज भी ब्रह्मानन्द की विचारधारा की प्रासंगिकता है। सन्त ब्रह्मानन्द ने समाज के उत्थान के लिए जो संदेश दिया था, वह आज भी जनसामान्य का मागदर्शन कर रहा है। वर्तमान समय में जरूरत है ऐसे संतो की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने की, जिससे सामाजिक समरसता बढ़ सके और मानव कल्याण की भावना को बल मिले।

( लेखक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
दर्शन

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

# हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## सटाका




## आज की पाती

### देश-समाज को जगाने वालों पर सवाल क्यों?

किसी भी जीवंत समाज की पहचान यह नहीं होती कि वह कितनी परंपराओं का पालन करता है, बल्कि यह होती है कि वह परंपराओं को कितनी विवेकपूर्ण दृष्टि से देखता है। इतिहास गवाह है कि जिन समाजों ने प्रश्न पूछने वालों को सम्मान दिया, वही आगे बढ़े, और जिन्होंने उन्हें दबाने की कोशिश की, वे जड़ता और पतन का शिकार हुए। आज जब कोई व्यक्ति, संगठन या विचारक अंधविश्वास, पाखंड और झूठ के खिलाफ आवाज़ उठाता है, तो उसके इरादों पर सवाल खड़े कर दिए जाते हैं। उसे धर्म-विरोधी, संस्कृति विरोधी या समाज विरोधी ठहराने की कोशिश की जाती है। यह प्रवृत्ति स्वयं में एक गंभीर प्रश्न है- आखिर समाज को जगाने वालों पर सवाल क्यों? आस्था और अंधविश्वास का फर्क समझना जरूरी है।

*- विवेक उपाध्याय, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### अत्यंत दुःख हुआ



ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन से अत्यंत दुःख हुआ है। हिन्दी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चौधरी चरण सिंह को नमन



देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें सादर नमन। यह दिन राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में उस विचारधारा का स्मरण है, जिसने किसान को नीति और राष्ट्र के केंद्र में रखा।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### देश हित में वीबी-जी राम जी



'यह कानून देश हित में उपयोगी है, क्योंकि यह खेती करने वाले समुदाय को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है। जहां 'वीबी-जी राम जी' मजदूरों के उत्थान का पूरा ध्यान रखता है, वहीं यह किसानों पर भी ध्यान केंद्रित करता है और सुनिश्चित करता है कि खेती के लिए पर्याप्त मजदूर मिलें। -शिवराज सिंह चौहान, कृषि मंत्री

### किसान दिवस की बधाई



किसानों, गरीबों एवं वंचितों के मसीहा कहे जाने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। देश के सभी किसान भाइयों को किसान दिवस की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर


# सूडान के पीएम का अमेरिका से संघर्ष विराम का आग्रह



सूडान के प्रधानमंत्री ने प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के साथ लगभग 1,000 दिनों से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए सोमवार को एक शांति पहल का प्रस्ताव रखा लेकिन अमेरिका ने दोनों पक्षों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तत्काल मानवीय संघर्षविराम के आह्वान को स्वीकार करने का आग्रह किया। सूडान की असैन्य सरकार का नेतृत्व कर रहे कामिल इदरीस ने सुरक्षा परिषद को बताया कि उनकी योजना में संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ और अरब लीग की निगरानी में संघर्षविराम, अर्धसैनिक बलों की उनके कब्जे वाले सभी इलाकों से वापसी, उन्हें निगरानी वाले शिविरों में रखा जाना और उनका निरस्त्रीकरण शामिल है। अप्रैल 2023 में सूडान में उस समय अराजकता पैदा हो गई थी जब सेना और शक्तिशाली अर्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' के बीच सत्ता संघर्ष खुली लड़ाई में बदल गया और इस दौरान बड़े पैमाने पर हत्या एवं बलात्कार की घटनाएं हुईं तथा जातीय आधार पर हिंसा हुई। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों के अनुसार यह युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध की श्रेणी में आता है। यह असंभव प्रतीत होता है कि 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव का समर्थन करेगी क्योंकि इस प्रस्ताव से सरकारी बलों को मूलतः जीत मिल जाएगी।

## ऑफ बीट

# आपदा के समय घरेलू बैटरियां हो सकती हैं बेहद उपयोगी



आमतौर पर लोग घरेलू बैटरियों का इस्तेमाल बिजली बिल घटाने के लिए करते हैं। दिन में सौर ऊर्जा या सस्ती ग्रिड बिजली को जमा कर ऐसे समय पर उपयोग किया जाता है जब बिजली आपूर्ति महंगी या कठिन हो रही हो। केंद्र सरकार की 'चीपर होम बैटरीज़ प्रोग्राम' के तहत पांच महीनों में 1.46 लाख से अधिक बैटरियां लग चुकी हैं। लक्ष्य 2030 तक 10 लाख नई बैटरियां लगाने का है और हाल में कार्यक्रम का बजट बढ़ाया गया है। 2017 में प्यूर्टो रिको में आए तूफान मारिया के बाद सौर ऊर्जा और बैटरी की संयुक्त प्रणाली से बच्चों के एक अस्पताल में बिजली बहाल की गई थी। कैलिफोर्निया में 2025 की भीषण जंगल की आग के दौरान बैटरी समर्थित माइक्रोग्रिड ने जरूरी सेवाओं को चालू रखा। चक्रवात अल्फ्रेड के समय दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में कुछ इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों ने अपनी कारों से घर के जरूरी उपकरण चलाए। ये उदाहरण दिखाते हैं कि घरेलू बैटरियां और स्थानीय ऊर्जा भंडारण समुदायों के लिए जीवनरेखा बन सकते हैं। बैटरियां 'आइलैंडिंग' मोड में ग्रिड से कटकर आवश्यक घरेलू उपकरण चला सकती हैं। कुछ प्रणालियां आपदा के समय राहत शिविरों या अस्थायी आवासों में रोशनी, रेफ्रिजरेशन और संचार जैसी जरूरतें भी पूरी कर सकते हैं।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

इंदौर के कांग्रेस नेता गोलू के खिलाफ ईडी ने पेश किया चालान

# अवैध डब्बा व्यापार और ऑनलाइन सट्टेबाजी से कमाए 404 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर कांग्रेस नेता विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंदौर कोर्ट में मंगलवार को चालान पेश कर दिया है। उनके करीबी तरुण श्रीवास्तव के खिलाफ भी चालान दाखिल किया है। यह चालान इंदौर स्थित ईडी की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश हुआ है।

मामला अवैध डब्बा व्यापार और ऑनलाइन सट्टेबाजी के गिरोह से जुड़ा है, जिसकी गतिविधियां इंदौर, मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई और दुबई तक फैली थीं। पूरे नेटवर्क से करीब 404 करोड़ रुपए की कमाई की थी। ईडी की जांच में सामने आया कि विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री इस नेटवर्क का मुख्य संचालक था, जबकि तरुण श्रीवास्तव मदद करता था। तरुण दिन-प्रतिदिन के वित्तीय संचालन और फर्जी खातों को संभालता था। नेटवर्क में श्रीनिवासन रामासामी ने फर्जी ट्रेडिंग और एमएसटी सर्वरों को कॉन्फिगर किया था। समानांतर सट्टेबाजी नेटवर्क में धवल देवराज जैन ने भूमिगत प्लेटफॉर्म से संचालन किया। धर्मेश रजनीकांत त्रिवेदी ने ऑफशोर इकाई का प्रबंधन किया, जबकि निधि चंदनानी ने दुबई स्थित संरचनाओं के माध्यम से कैश फ्लो और हेर-फेर में सहायता की। हेरफेर किए गए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों और अनियमित व्हाइट-लेबल एप्लिकेशन से 404.46 करोड़ रुपए की आपराधिक आय का पता चला है।

### 34.26 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

ईडी ने 34.26 करोड़ रुपए की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की थी। इसमें 28.60 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां, 3.83 करोड़ रुपए की चल संपत्तियां, 1.83 करोड़ रुपए बैंक और डीमैट खातों में शामिल हैं।

### ईडी ने 4.77 करोड़ की लग्जरी घड़ियां जब्त की

तलाशी के दौरान 5.21 करोड़ रुपए से अधिक नगद, 59.9 किलोग्राम चांदी की छड़ें और 100 ग्राम सोने की छड़ जब्त की गई। इसके अलावा 1.94 करोड़ रुपए के आभूषण और 4.77 करोड़ रुपए की लग्जरी घड़ियां भी जब्त की गईं। 41 लाख रुपए से अधिक की क्रिप्टोकरेंसी होल्डिंग्स को फ्रीज किया गया। ये सभी संपत्तियां गिरोह की अवैध गतिविधियों से अर्जित बताई गई हैं।

### दिसंबर 2024 में गोलू के यहां पड़ा था छापा

ईडी मुंबई ने जुलाई 2025 में डिब्बा कारोबारियों और ऑनलाइन सट्टेबाजों पर छापेमारी की थी, जिसकी कड़ी इंदौर के कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री से जुड़ी पाई गई। इससे पहले दिसंबर 2024 में इंदौर में गोलू के ठिकानों पर ईडी ने छापे मारे थे। इसके बाद 9 जनवरी 2025 को लसूडिया थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसी छापे और एफआईआर के आधार पर मुंबई में कार्रवाई की गई।

ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बच्चों ने मनाया क्रिसमस उत्सव

# छोटे बच्चों ने गाए कैरोल... फैंसी ड्रेस में मनमोहक प्रस्तुति देकर जीता लोगों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज


क्रिसमस उत्सव के दौरान नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे।

ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, ओबेदुल्लागंज के प्रांगण में क्रिसमस का पावन पर्व उल्लास, उमंग एवं आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रेम, करुणा, सद्भावना एवं मानवीय मूल्यों की भावना को सुदृढ़ करना था।

समारोह का शुभारंभ मधुर क्रिसमस कैरोल गायन से हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण सांता क्लॉज़ का आगमन रहा, जिनकी उपस्थिति से बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सांता ने विद्यार्थियों को उपहार एवं टॉफियां वितरित कर आनंद की अनुभूति कराई। फैंसी ड्रेस प्रस्तुति में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी सांता, देवदूत एवं अन्य क्रिसमस पात्रों के रूप में सुसज्जित होकर समारोह की शोभा बढ़ाते नजर आए। समारोह का समापन हर्ष, उल्लास एवं आत्मीयता के वातावरण में हुआ।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक के ट्रांसफर होने पर दी विदाई, किया सम्मान

**नजीराबाद**। मंगलवार को शा. माध्यमिक शाला कोलूखेड़ी खुर्द में शिक्षक राजू दांगी, मांगीलाल दांगी, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा के ट्रांसफर होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षकों को पुष्पमाला एवं शॉल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्लॉक सह समन्वयक बृजेंद्र गुर्जर, विनेश गुर्जर, जुगल किशोर सक्सेना, योगेश सक्सेना, मुकेश सेन, जन शिक्षक लक्ष्मण सिंह गुर्जर, भैया लाल गुर्जर, भारत सिंह अहिरवार, देवेंद्र बघेल, नीरज वास्तव आदि लोग मौजूद थे।

### नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव के लिए मुकेश सक्रिय



**औबेदुल्लागंज**। राकेश कहार, रामकृष्ण कहार, सुरेश केवट कहार, गणेश कहार, समाज के अध्यक्ष बबलू कहार आदि ने मांग की है कि कहार समाज काफी तादाद में भाजपा समर्पित है, इसीलिए पूर्व पार्षद मुकेश कहार को नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव के लिए सक्रिय हुए हैं। मुकेश कहार विधायक सुरेंद्र पटवा के करीबी है।

### अध्यक्ष अग्रवाल का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज**। नगर में मंगलवार को केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल का जन्मदिन व्यापार महासंघ ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उनके छोटे भाई अंकित अग्रवाल ने केक काट कर खिलाया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा, केशव पचौरी, राजेश खटीक, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, दिनेश सेन, रवि कमल, संजय अग्रवाल आदि ने बधाई दी

### 9 साल पुराना इनामी फरार आरोपी गिरफ्तार



**मंडीदीप**। नूरगंज पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर से सूचना पर इनामी 9 साल से फरारी काट रहा आरोपी मुकेश पिता जैतराम भिलाला (42) निवासी ग्राम बावड़िया कलां को ढाबला के जंगल के पास घेराबंदी कर खेत से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।


**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |

राजधानी के राजाभोज एयरपोर्ट पर की मॉक ड्रिल

# एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना से मचा हड़कंप, चंद मिनटों में किया निष्क्रिय


बम की सूचना पर एयर पोर्ट खाली कराते हुए।


बम की जांच करते हुए।


बम की सूचना पर पहुंचा पुलिस बल।

» *पुलिस टीम ने डॉग स्क्वॉड के साथ मिलकर पूरी तलाशी ली*

» *इलाके को खाली करा कर यात्रियों को सुरक्षित निकाला*

» *तलाशी अभियान में संदिग्ध बैग मिलने पर स्टेट पुलिस बीडीडीएस टीम ने सुरक्षित तरीके से निपटाया काम*

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ संतनगर

राजा भोज एयरपोर्ट पर सालाना बम थ्रेट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य बम के खतरे की किसी भी इमरजेंसी के दौरान सभी स्टेकहोल्डर एर्जेसियों की तैयारी, रिस्पॉन्स मैकेनिज्म और कोऑर्डिनेशन का आकलन करना था। मॉक एक्सरसाइज सीआईएसएफ कंट्रोल रूम में एक नकली बम थ्रेट कॉल मिलने के साथ शुरू हुई। सूचना मिलते ही इसकी सूचना सभी संबंधित एर्जेसियों को दी गई और बम थ्रेट असेसमेंट कमेटी को तुरंत फिजिकली और वर्चुअली, एयरपोर्ट टर्मिनल मैनेजर के ऑफिस में बुलाया गया।

एजेंसी के बीच कोऑर्डिनेशन बनाया गया और टर्मिनल बिल्डिंग को स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के हिसाब से खाली कराया गया, क्योंकि थ्रेट कॉल में खास इनपुट थे, इसलिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के हिसाब से थ्रेट का आकलन किया गया और उसे खास घोषित किया गया।

एक्सरसाइज के दौरान, टर्मिनल बिल्डिंग के अराइवल बेसमेंट एरिया में एक संदिग्ध बैग की पहचान की गई। बैग की डॉग स्क्वाड और बीडीडीएस टीम ने जांच की और उसे पॉजिटिव बताया गया, जिसके बाद इलाके की घेराबंदी कर खाली करा लिया गया। यात्रियों और स्टाफ को निकालने का काम आसानी से, सुरक्षित और सही तरीके से पूरा हुआ।

प्रभावित इलाकों को ठीक से सुरक्षित किया गया। साथ ही खतरे को खत्म करने के लिए, स्टेट पुलिस टीम ने डॉग स्क्वॉड के साथ मिलकर पूरी तलाशी ली। इसके बाद, संदिग्ध बैग को स्टेट पुलिस बीडीडीएस टीम ने सुरक्षित तरीके से निपटाया। एसओपी के मुताबिक बम कूलिंग पिट में शिफ्ट कर दिया।

पूरी तरह से क्लियरेंस के बाद, सभी इलाकों को सुरक्षित घोषित कर दिया गया। इसके बाद मॉक ड्रिल को औपचारिक रूप से खत्म कर दिया गया।

इसके बाद डीब्रीफिंग सेशन हुआ। इस मॉक ड्रिल को भोपाल एयरपोर्ट के डायरेक्टर रामजी अवस्थी, सीआईएसएफ के कमांडेंट अतुल भनोत्रा और जोन-4 के डिप्टी कमिश्नर मयंक खंडेलवाल ने करीब से मॉनिटरिंग और रिव्यू किया।

नगर पालिका मंडीदीप के वार्ड 10 शांति नगर का मामला

# सेवानिवृत पुलिस उपनिरीक्षक की दबंगई: सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर ईंट की दीवार खड़ी की

## पड़ोसी के विरोध करने पर आर्म्स एक्ट में जेल भेजने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ मंडीदीप

शहर में सेवानिवृत पुलिस उपनिरीक्षक द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का विरोध करने पर जेल भेजने की धमकी देने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि सेवानिवृत पुलिस उपनिरीक्षक छेदी लाल वर्मा वार्ड 10, शांति नगर, महादेव आटा चक्की के पास अपने घर के सामने खाली पड़ी सरकारी जमीन पर दीवार खड़ी कर निर्माण कार्य करवा रहे हैं। पड़ोस में रहने वाले मनोज मैथिल ने इसका विरोध किया तो वर्मा ने उन्हें बुलाकर धमकी दी कि मैं सेवानिवृत जरूर हो गया हूं, लेकिन एक फोन एसडीओपी शीला सुराणा को करके तुझ पर आर्म्स एक्ट लगवा दूंगा और जेल में डलवा दूंगा।

मनोज मैथिल ने बताया कि वर्मा द्वारा किए गए अतिक्रमण के पीछे उनकी बिजली का मीटर भी दब गया है। उन्होंने इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन को शिकायत की, सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।


मकान के बगल से खाली जमीन पर बनी अवैध दीवार।

मनोज ने बताया, हम बहुत गरीब लोग हैं। वर्मा लगातार दबाव बना रहे हैं कि मैं अपनी शिकायत वापस ले लूं। अगर मैंने विरोध किया तो वे मुझे जेल भिजवा देंगे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सेवानिवृत पुलिस अधिकारी होने के कारण वर्मा प्रशासनिक दबाव का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे आम नागरिक की आवाज दब रही है। इस संबंध में जब हरिभूमि के संवाददाता ने वर्मा के मोबाइल नम्बर पर कॉल कर बात करना चाही तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

**मैं वर्मा को नहीं जानती**

*मै किसी छेदीलाल वर्मा को नहीं जानती हूं, अगर वह मेरा नाम लेकर किसी को डरा रहा है, तो मैं इस मामले में फरियादी को बुलाकर बयान लुंगी और मामला पुष्ट होने पर धमकी देने वाले के खिलाफ विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी।*

**शीला सुराणा**, एसडीओपी

**नपा इस पर कार्रवाई करेगी**

*अतिक्रमण की जानकारी मेरे संज्ञान में नहीं है, अगर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है, तो नपा इस पर कार्रवाई करेगी।*

**प्रशांत जैन**, नपा सीएमओ

## एसआईआर सूची में नाम जुड़वाने फार्म 6 भरें मतदाता

**संतनगर**। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर चलाया गया था, उसकी मतदाता सूची सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध हो गई है। भाजपा नेता मनीष बागवानी ने बताया कि 2003 का रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण जिन मतदाताओं का सूची में नाम नहीं आया हो उन मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाना है या जिनकी उम्र 18 साल हो गई है उन सभी नए मतदाताओं को फॉर्म 6 भरना है एवं अपना मतदान केंद्र परिवर्तित करवाना है या एड्रेस चेंज करवाना है वह फार्म 8 भरकर दे सकते है।

एसडीम ने बैठक में दी एसआईआर की जानकारी

# भोजपुर विस क्षेत्र में 22,104 फर्जी मतदताओं के नाम काटे

**मंडीदीप में करीब 12,000 मतदाताओं के नाम काटे**

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ औबेदुल्लागंज

एसआईआर को लेकर एसडीम ने मंगलवार को बैठक आयोजित कर सभी राजनीतिक दलों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भोजपुर विधानसभा में 22,104 फर्जी मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जिसमें सबसे ज्यादा मंडीदीप में करीब 12,000 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जो की भोजपुर क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा है। इसके बाद तीन से 4000 मृत मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। बाड़ी में करीब 3000 मतदाता के नाम काटे हैं। उन्होंने बताया कि आज नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया चालू हो गई है। सभी बीएलओ अपने पोलिंग बूथ पर जाकर नाम जोड़ने का कार्य करें। बैठक में एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार निलेश सरवटे, भाजपा के माधव यादव, कांग्रेस के हरजीत सिंह मंगू, परेश नागर, राजेश खटीक आदि लोग उपस्थित थे।


बैठक में जानकारी देते एसडीएम

नगर परिषद नर्मदा पाइपलाइन और नाली के ऊपर बना रहा था अवैध दुकानें

# निर्माण के लिए तकनीकी स्वीकृति नहीं लेने पर पीआईसी ने निर्माण कार्य पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ औबेदुल्लागंज

खबर का असर

नगर परिषद द्वारा नर्मदा पाइपलाइन और नाली के ऊपर बनाई जा रही अवैध दुकानों को लेकर हरिभूमि ने 6, 7 और 17 दिसंबर को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने पर नगरीय प्रशासन भोपाल ने इसकी जानकारी मांगी।

पार्षदों ने बताया कि दुकान निर्माण के मामले में नगर परिषद के प्रेसिडेंट ऑफ काउंसलिंग जल्दबाजी में यह दुकाने बनाने का फैसला लिया। इन दुकानों के निर्माण के लिए तकनीकी स्वीकृति नहीं दी गई। पीआईसी ने निर्माण कार्य पर रोक लगी है। सीएमओ किरण रंहगडाले ने मंगलवार को बताया कि दुकान निर्माण कार्य की तकनीकी स्वीकृति नहीं ली गई है, इसीलिए कार्य रोक दिया गया है।

नगर परिषद औबेदुल्लागंज के इंजीनियर मुकेश जैन ने बताया कि नर्मदा पाइपलाइन के ऊपर हो रहे निर्माण की स्वीकृति नहीं ली गई।

8 पार्षदों ने बताया कि यह मामला नगरीय प्रशासन भोपाल में गंभीरता से लेते हुए 18 दिसंबर को ही रोक लगा दी थी, सभी पार्षदों ने हरिभूमि की खबर की प्रशंसा की है।


नर्मदा पाइपलाइन और नाली के ऊपर दुकान बनाते कर्मचरी।


हरिभूमि
पार्षद खटीक ने लगाया आरोप, नगर परिषद में चल रहा खटराग
नाली एवं नर्मदा पाइपलाइन के ऊपर अवैध तरीके से बनाई जा रही अस्थाई दुकानें, घटिया मटेरियल का हो रहा उपयोग
हरिभूमि ने प्रकाशित किया था खबर।

## शिक्षकों का सम्मान करें, इसमें सफलता की कुंजी: दादलानी



**संतनगर**। दीपमाला संस्कार पब्लिक विद्यालय में मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, पं. जय शर्मा, भाजपा नेता विनय दादलानी, रवि आसवानी, विक्की सीरवानी बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए उपस्थित हुए और एक हजार बच्चों के साथ स्वरबद्ध हनुमान चालीसा का पाठ किया। भाजपा नेता विनय दादलानी ने कहा कि मुझे आपके विद्यालय में आकर खुशी महसूस हो रही है मैं भी इसी स्कूल से पढ़ा हुआ हूं, आप सभी बच्चों से मैं एक ही बात कहना चाहूंगा कि आप लोग शिक्षकों का सम्मान करें वह आपके सर्वांगीण विकास करने में सहयोग प्रदान करते है, मैं बहुत सारे स्कूलों में जाता रहता हूं पर आज मुझे जो इस स्कूल में देखने को मिला वो अन्य स्कूलों में नहीं देखा है।

औबेदुल्लागंज कृषि उपज मंडी दूसरे दिन भी रही बंद, दूर-दराज से आए किसान हुए परेशान

मंडी प्रशासन और कंपनियों की मिली भगत से किसानों को हो रहा नुकसान

# 300 हम्मालों ने हड़ताल जारी रख मंडी के सामने की जमकर नारेबाजी... मंडी सचिव ने हम्मालों से की चर्चा, नहीं बनी बात

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ औबेदुल्लागंज

कृषि उपज मंडी दूसरे दिन भी बंद रही। मंगलवार को 300 हम्मालों ने हड़ताल जारी रखते हुए जमकर नारेबाजी की। हम्मालों ने मांग की है कि हमें 22 रुपए प्रति क्विंटल धान तुलाई का मेहनताना चाहिए। मंडी सचिव केलाश चंद बामलिया ने हम्मालों से चर्चा की, लेकिन हम्माल अपनी मांगों पर अड़े रहे।

मंडी व्यापारियों ने बताया कि जब से सागर कंपनी, रेवती रमन कंपनी एवं बंशीधर कंपनी के डायरेक्ट ने धान तुलाई चालू किया है तब से व्यापारियों के सामने समस्या खड़ी हो गई। व्यापारियों ने बताया कि हमने लाखों रुपए खर्च करके लाइसेंस बनवाया एवं करोड़ों रुपए लगाकर व्यवसाय प्रारंभ किया है। कृषि उपज मंडी में धान की फसल के समय ही धान की खरीदी का कार्य होता है। गेहूं तो सरकार खरीद लेती है, इसीलिए धान खरीदी में व्यापारी सक्रिय रहते हैं, मगर जब से कृषि मंडी प्रशासन और कंपनियों की मिली भगत से धान खरीद एवं तुलाई हो रही है, तब से किसानों और व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।


मंडी प्रशासक तहसीलदार निलेश सरवटे से चर्चा करते किसान।

### मंडी प्रशासन हम्मलों को प्रति क्विंटल 15 रुपए ही देने पर अड़ा

किसान नेता डॉ. नंदू नागर, उमेश नागर, सचिन यादव, दशरथ सिंह गुर्जर, बने सिंह परमार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर, हरजीत सिंह मंगू आदि ने बताया कि कृषि उपज मंडी प्रशासन कंपनियों का एजेंट की तरह काम कर रहा है। औबेदुल्लागंज मंडी प्रशासन किसानों, व्यापारियों और हम्मालों की चिंता किए बिना ही काम कर रहा है। मंडी प्रशासन हम्मलों को प्रति क्विंटल 15 रुपए ही देने के लिए अड़ा है, जबकि किसानों ने मांग की है कि हमें 22 रुपए प्रति क्विंटल मेहनताना दिया जाए। साथ ही किसानों ने मांग की है कि मंडी के धर्म कांटे पर ही धान की तुलाई हो एवं नगद भुगतान हो। व्यापारियों ने बताया कि कंपनी वाले किसानों से सस्ती दर पर धान खरीदी कर रहे हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### हड़ताल का समाधान निकाले मंडी प्रशासन

व्यापारियों ने कहा कि मंडी प्रशासन को शीघ्र ही हम्मालों की हड़ताल का समाधान निकालना चाहिए। मंडी प्रशासन ने बताया की आसपास की मंडियो में हमारे दर कम हैं। औबेदुल्लागंज में ही सबसे ज्यादा हम्मलों को 15 रुपए दिया जा रहा हैं। मंडी प्रशासक तहसीलदार निलेश सरवटे ने बताया कि हम्मलों, किसानों एवं व्यापारियों से चर्चा जारी है, शीघ्र ही समाधान होने की संभावना है। देर शाम प्रशासक मंडी निलेश सरवटे ने फोन पर बताया कि बुधवार को हम्मालों, किसानों एवं व्यापारियों की संयुक्त बैठक बुलाई है।

### कंकाली मंदिर में 'हिंदू सम्मेलन' आज



**औबेदुल्लागंज**। जिला भाजपा उपाध्यक्ष ओम प्रकाश मीणा, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, युवा नेता जीतू नंदवंशी ने बताया कि हिंदू समाज की अखंड एकता, सांस्कृतिक चेतना एवं सनातन धार्मिक परंपराओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'हिंदू सम्मेलन' का आयोजन बुधवार 24 दिसंबर सुबह 1 बजे, मां कंकाली माता परिसर, गुदावल में किया जा रहा है। विधायक सुरेंद्र पटवा ने सभी से आग्रह किया कि इस पावन आयोजन में अपने परिवार सहित सहभागिता कर सम्मेलन की गरिमा बढ़ाएं। विधायक सुरेंद्र पटवा हिंदू सम्मेलन में शामिल होंगे।



शहर की बेकरी दुकानों पर दिनभर रही चहल-पहल

# इस क्रिसमस पर चलेंगे 'धुरंधर' के केक जबरदस्त डिमांड, रम केक जीत रहा दिल

*200 रुपए से 1500 रुपए तक के केक की हुई जमकर बिक्री, जरूरत और साइज के अनुसार तय हैं कीमतें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्रिसमस के त्योहार पर इस बार राजधानी भोपाल में उल्लास और उमंग का माहौल नजर आया। चर्चों से लेकर बाजारों और बेकरी दुकानों तक रौनक बनी रही। खासतौर पर केक की दुकानों पर सुबह से देर रात तक लोगों की भीड़ देखने को मिली। क्रिसमस के अवसर पर लोगों ने अपने घरों, चर्च और मित्रों के साथ उत्सव मनाने के लिए केक की जमकर खरीदारी की। इस बार बाजार में 'धुरंधर' केक लोगों की पहली पसंद बनकर उभरा। इसकी अनोखी सजावट, खास फ्लेवर और आकर्षक डिजाइन के चलते युवाओं और बच्चों में इसका खास क्रेज देखा गया। कई बेकरी दुकानों पर धुरंधर केक पहले ही प्री-ऑर्डर में बुक हो गए थे।



दुकानों पर तरह-तरह के केक बिक्री के लिए आए हुए हैं, जो लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

## वेज केक, ड्राई फ्रूट केक और फ्रूट्स केक की भी है अच्छी मांग

क्रिसमस की पहचान माने जाने वाले रम केक की मांग इस बार भी सबसे अधिक रही। बेकरी संचालकों के अनुसार, हर साल की तरह इस बार भी रम केक की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही। रम केक के साथ-साथ वेज केक, ड्राई फ्रूट केक और फ्रूट्स केक की भी अच्छी मांग रही, खासकर उन ग्राहकों में जो पारंपरिक स्वाद के साथ हेल्दी विकल्प पसंद करते हैं। शहर की विभिन्न बेकरी दुकानों पर केक की कीमतें ग्राहकों की जरूरत और साइज के अनुसार 200 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक रहीं। छोटे केक जहां बच्चों और छोटे परिवारों की पसंद बने, वहीं बड़े और थीम बेस्ड केक पार्टियों और चर्च कार्यक्रमों के लिए खरीदे गए। केक विक्रेताओं का कहना है कि इस बार क्रिसमस पर बिक्री उम्मीद से बेहतर रही। एक बेकरी संचालक ने बताया कि 'रम केक की मांग हर साल बनी रहती है, लेकिन इस बार धुरंधर केक ने भी बाजार में अलग पहचान बनाई है।'



बेकरी की दुकानों में रखा केक।

## केक के बिना अधूरा क्रिसमस

ग्राहकों का कहना है कि क्रिसमस केक के बिना अधूरा लगता है और हर साल रम केक खास तौर पर खरीदा जाता है।कुल मिलाकर, क्रिसमस के त्योहार ने शहर के बाजारों में मिठास और रौनक भर दी। केक की खुशबू, सजे-धजे काउंटर और ग्राहकों की मुस्कान ने यह साबित कर दिया कि भोपाल में क्रिसमस का जश्न पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाया गया।

## मेले से व्यापार के साथ ही आयुर्वेद को भी दे रहे बढ़ावा: मंत्री अहिरवार

## मंत्री डॉ. शाह बोले- मेलों और बॉयर-सेलर मीट से वनवासियों को बिचौलियों से बचा रही सरकार

# वन मेले का समापन, 7 दिन में बिक गए 2.5 करोड़ रुपए के हर्बल उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के लाल परेड मैदान पर चल रहे 11वें अंतरराष्ट्रीय वन मेले का समापन मंगलवार को हुआ। अंतराष्ट्रीय वन मेले में 7 दिन में 2.5 करोड़ रुपए की जड़ी-बूटियों और वन उत्पाद बेचे गए।

मेले में बॉयर-सेलर मीट में भी कुल 5 करोड़ रुपए के सौदे हुए। मेले का समापन मंगलवार शाम को जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह और वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि वन मेले और वहां आयोजित बॉयर-सेलर मीट वनवासियों को बिचौलियों के शोषण से बचा कर उत्पादों का सीधा लाभ दिला रहे हैं।

**बॉयर-सेलर मीट में 5 करोड़ के सौदे**



## ओपीडी में हजारों ने लिया नाड़ी वैद्यों से परामर्श

*इस अवसर पर राज्य मंत्री अहिरवार ने बताया कि मेले में वन उत्पादों के व्यापार के साथ ही आयुर्वेद को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय वन मेले के अंतिम 7वें दिन सैलानियों ने जड़ी-बूटियों और वन-उत्पादों की जमकर खरीद की। आखिरी दिन को मिला कर वन मेले में तीन लाख सैलानी आए। मेले में आयुर्वेदिक चिकित्सकों और पारम्परिक नाड़ी वैद्यों की ओपीडी भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। ओपीडी में हजारों मरीजों ने निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। वन मेले में कुल 350 स्टॉल लगाए गए, जिनमें 102 सरकारी संस्थाओं के थे।*

### डायनोसोर की प्रदर्शनी ने बच्चों को किया आकर्षित

*मेले में विशेष प्रदर्शनियां भी लगागई गई थीं। इनमें डायनोसोर की प्रदर्शनी बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। मेले के छठे दिन आयुर्वेदिक चिकित्सकों और पारम्परिक नाड़ी वैद्यों की कार्यशाला का आयोजन किया गया।*

### 350 स्टॉलों में दिखी विविधता



मेले के स्टॉल पर जानकारी लेते लोग।

*मेले में कुल 350 स्टॉल लगाए गए, जिनमें 10 शासकीय 24 अन्य राज्यों के स्टॉल 16 प्रदर्शनी स्टॉल 136, निजी 26, फूड स्टॉल 50, ओपीडी स्टॉल एक और विशेष किड्स जोन शामिल रहा। फूड स्टॉलों में आलीराजपुर का प्रसिद्ध दालपुनिया और बांधवगढ़ के गोंडी व्यंजनों ने खास आकर्षण बनाया।*

### कलाकारों ने दी प्रस्तुति



सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

*मेले के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समापन दिवस पर झाबुआ से आए झाबुआ के आदिवासी कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य और संगीत की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।*

### आयुर्वेदाचार्यों और संस्थाओं का सम्मान




आयुर्वेदाचारों को सम्मान देते हुए अतिथि।


*मंत्रीद्वय ने मेले में भाग लेने वाली संस्थाओं को विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत किया गया। मंत्रीद्वय ने ओपीडी में निःशुल्क परामर्श देने वाले आयुर्वेदिक चिकित्सकों और पारम्परिक नाड़ी वैद्यों का भी सम्मान किया।*

भारत भवन के रूपंकर कला प्रभाग में आयोजन

## बीएचयू से जुड़े 10 प्रतिष्ठित युवा कलाकारों की चित्र प्रदर्शनी शुरू




प्रदर्शन देखते हुए लोग।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन के रूपंकर कला प्रभाग में मंगलवार से कला-संवेदनाओं और रचनात्मक अभिव्यक्तियों का जीवंत संगम देखने को मिल रहा है। रूपाभ श्रृंखला के अंतर्गत बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से जुड़े 10 प्रतिष्ठित एवं युवा कलाकारों की सामूहिक चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। यह पहला अवसर है जब बीएचयू के कलाकारों की समूह प्रदर्शनी भारत भवन की रंगदर्शनी दीर्घा में आयोजित की गई है।



### मातृत्व, आत्मनिर्भरता और पारंपरिक चित्रण की झलक



प्रोफेसर सरोज वर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में 45 से अधिक कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं, जिनमें समकालीन सामाजिक विषयों, महिला संवेदना, मातृत्व, आत्मनिर्भरता और पारंपरिक चित्रण तकनीकों की प्रभावी झलक देखने को मिलती है। महिला चेतना और मातृत्व के भावप्रदर्शनी में 21वीं सदी की महिलाओं की स्वतंत्रता, संघर्ष और सामाजिक भूमिका को कठपुतली शैली के प्रतीकात्मक चित्रों में प्रस्तुत किया है। मातृत्व और महिलाओं के कंफर्ट ज़ोन को राइस पेपर पर ड्राइंग के माध्यम से संवेदनशीलता के साथ उकेरा है।

डॉ. के आलम खान ने लिखी है पुस्तक

## पुस्तक 'इंडियन फॉर टूरिस्टः फूड फ्लेवर एंड फेमस प्लेसेस' का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



डॉ. के आलम खान ने अपनी नई पुस्तक 'इंडियन फार टूरिस्टः फूड फ्लेवर एंड फेमस प्लेसेस' के माध्यम से भारतीय पर्यटन साहित्य में एक नया आयाम जोड़ा है। यह पुस्तक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों को भारत के स्वाद, संस्कृति और जीवनशैली से परिचित कराने के उद्देश्य से लिखी गई है। डॉ. के आलम ने पुस्तक के लोकर्पण अवसर पर कहा कि यह पुस्तक भारत की विविधता को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करती है। इसमें देश के सभी राज्यों की भौगोलिक और जलवायु संबंधी जानकारी, यात्रा के लिए सर्वोत्तम समय और प्रमुख पर्यटन स्थलों का विस्तृत विवरण शामिल है। प्रत्येक पर्यटन स्थल के साथ वहां के प्रसिद्ध स्थानीय व्यंजनों की कहानी, उनका इतिहास और सांस्कृतिक महत्व भी बताया गया है। पुस्तक की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें पर्यटकों के लिए घर पर आजमाए जा सकने वाले व्यंजनों की रेसिपी, पोषण संबंधी जानकारी और स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों के उपयोगी सुझाव दिए गए हैं।

*आश्रम के बुजुर्गों को गर्म वस्त्र वितरित किए*

## आसरा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाया सेवा दिवस, की पुष्प वर्षा



वृद्धाश्रम में बुजुर्ग वृद्धजनों का जन्मदिन मनाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेवा संकल्प युवा संगठन के द्वारा आज शाहजहानाबाद स्थित आसरा वृद्धाश्रम में बुजुर्ग वृद्धजनों के साथ सदस्य का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया और भजन एवं गीत गाए, सभी 85 बुजुर्गों शीत लहर को देखते हुए, गर्म वस्त्र, टोपे, मोजे, एवं स्वल्पाहार कराया एवं फूल माला पुष्प एवं श्रीफल से स्वागत किया। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि बुजुर्गों ने युवाओं को पूजा के बारे की बताया।

पुस्तक पख़वाड़ा -2026 का शुभंकर हिंदी भवन में लोकार्पित

## लघुकथा शोध केंद्र ने पुस्तक पखवाड़े के आयोजन को वैश्विक पहचान दीः डॉ. विकास दवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुस्तकों एवं पाठकों के बीच कृति केंद्रित विमर्श एक सेतु का कार्य करता है। लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले पुस्तक पखवाड़े में जिस तरह से देश और प्रदेश ही नहीं विदेशों में बसे हिंदी सेवियों की कृतियों पर जो विमर्श किया जाता है उसने इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय बना दिया है।

यह उदगार हैं डॉ. विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश के जो लघुकथा शोध केंद्र समिति द्वारा आगामी 1 से 18 जनवरी, 2026 तक आयोजित किए जाने वाले पुस्तक पखवाड़े के शुभंकर (लोगो ) का हिंदी भवन के नरेश मेहता गोष्ठी कक्ष में लोकार्पण कर रहे थे । इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. नुसरत मेहदी,निदेशक उर्दू अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद ने लघुकथा शोध केंद्र द्वारा समय समय पर लघुकथा उन्नयन के लिए किए जा रहे विविध नवाचारों की सराहना करते हुए, केंद्र के साथ मिलकर कार्य करने का आश्वासन दिया।




पुस्तक पखवाड़े के दौरान पुस्तक का विमोचन करते हुए।

आयोजन में स्वागत उदबोधन के बाद आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा केंद्र की निदेशक कांता रॉय ने प्रस्तुत की। कार्यकम का संचालन केंद्र के महासचिव घनश्याम मैथिल अमृत ने किया। इस आयोजन के दूसरे चरण में एक लघुकथा गोष्ठी हुईं जिसमें गोकुल सोनी, चरणजीत सिंह कुकरेजा, विनोद कुमार जैन, मेघा मैथिल, मृदुल त्यागी, सरिता बाघेला, मुज़फ्फर इक़बाल सिद्दीकी, राजकुमार बरुआ, घनश्याम मैथिल, कांता रॉय, मधुलिका सक्सेना, शेफालिका श्रीवास्तव, डॉ. गिरजेश सक्सेना, सुनीता प्रकाश, ज्योति करनजगाँवकर ने अपनी अपनी श्रेष्ठ लघुकथाओं का पाठ किया।

**पंडित नंदकिशोर शर्मा स्मृति संगीत समारोह का भव्य समापन**

# स्वरों की यात्रा में संतूर, कथक, गायन और दुर्लभ वाद्यों का अद्भुत संगम



**भोपाल।** मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग एवं उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय पंडित नंदकिशोर शर्मा स्मृति संगीत समारोह का मंगलवार की शाम भावपूर्ण और रसमय प्रस्तुतियों के साथ समापन हुआ। समारोह का अंतिम दिन गायन, वादन और नृत्य को समर्पित रहा, जिसमें शास्त्रीय संगीत की विविध विधाओं की सशक्त प्रस्तुति देखने को मिली।




कलाकार निनाद अधिकारी ने संतूर वादन की प्रस्तुति देते हुए।

### ठुमरी और तराना ने बांधा समां

प्रेरणा देशपांडे ने सुप्रसिद्ध ठुमरी जमुना किनारे मेरो गांव, सावरे नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसमें कृष्ण-विरह में डूबी ग्राम्य नारी की भावनाएं सजीव हो उठीं। कला और कलाकार का सौंदर्य इस प्रस्तुति में स्पष्ट दिखाई दिया। अंत में उन्होंने राग कलावती में तराना प्रस्तुत किया। यह बंदिश विदुषी कुमुदिनी काटदरे की रचना है।

### संतूर वादन से हुई अंतिम दिवस की शुरुआत

समारोह की पहली संगीत सभा में भोपाल के युवा एवं प्रतिभाशाली कलाकार निनाद अधिकारी ने संतूर वादन प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने वादन का शुभारंभ राग झिंझोटी से किया। यह राग कोमलता, मधुरता और लोक-रस से जुड़ा हुआ है, जिसमें श्रृंगार और करुणा भाव सहज रूप से अभिव्यक्त होता है। निनाद ने आलाप, जोड़ और झाला के माध्यम से राग का सुंदर विस्तार किया। उन्होंने विलंबित रचना तीन ताल में प्रस्तुत की, इसके बाद मध्य लय की रचना एक ताल में तथा द्रुत रचना तीन ताल में प्रस्तुत कर अपनी प्रस्तुति को विश्राम दिया। तबले पर शशांक मिश्रा ने संगत कर प्रस्तुति को सशक्त बनाया।

### रचनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया

अगली प्रस्तुति सुप्रसिद्ध गायक रघुनंदन पांशीकर के गायन की रही। इसके पश्चात समारोह की अंतिम प्रस्तुति वाद्यवृंद की रही, जिसे सोनाली रैदास एवं साथियों ने प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में उस्ताद अलाउद्दीन खां द्वारा रचित सेनिया घराने की दुर्लभ रचनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। दुर्लभ वाद्यों पर सेनिया घराने की रचना की प्रस्तुति में सर्वप्रथम हेम हिंडोल प्रस्तुत किया गया।

### कथक नृत्य में भक्ति और भाव का समन्वय

इसके पश्चात पुणे की सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना प्रेरणा देशपांडे ने अपनी मनोहारी कथक प्रस्तुति दी। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत शिव वंदना से की, जो उनकी गुरु पं. रोहिणी भाटे की रचना है। इस प्रस्तुति में भगवान शिव की स्तुति को सौंदर्यपूर्ण भाव-भंगिमाओं के साथ प्रस्तुत किया गया। इसके बाद प्रेरणा ने अपनी शिष्याओं के साथ तीन ताल में पारंपरिक बंदिशें प्रस्तुत कीं, जो नटवरी, पखावज और तबले के बोलों से समृद्ध रहीं।



नत्य की प्रस्तुति देतीं कलाकार।

## भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने पटना में किया रोड शो

# राहुल पार्ट टाइम नेता, राजनीति में कोई शॉर्टकट नहीं होता: नबीन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार कहा कि राजनीति में कोई शॉर्टकट नहीं होता। दीर्घकालिक सफलता के लिए धैर्य और प्रतिबद्धता के साथ काम करना पड़ता है। राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद बिहार के अपने पहले दौरे पर नितिन ने कहा कि राहुल गांधी जैसे पार्ट टाइम राजनीतिक नेता चुनाव के दौरान बिहार आते हैं और चुनाव खत्म होते ही विदेश चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और बिहार का विकास करेंगे। नितिन नबीन ने 15 दिसंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद मंगलवार को पटना में रोड शो का नेतृत्व किया।

■ कहा, हम जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे



### राजनीति लॉन्ग रन का काम, शॉर्ट-कट के लिए कोई जगह नहीं

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि आज मैं अपने पिताजी स्व. नबीन किशोर प्रसाद सिन्हा जी को जरूर याद करना चाहूंगा। चूंकि राजनीति उन्होंने मुझे जरूर विरासत में दी, लेकिन जिस वटवृक्ष के तहत उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ जोड़ा, मैं हमेशा कहता हूं कि मुझे उंगली पकड़कर कार्यकर्ताओं ने सिखाया, इसलिए मैं उन सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कहता हूं कि राजनीति में शॉर्ट-कट के लिए कोई जगह नहीं है, राजनीति लॉन्ग रन का काम है। इसलिए धैर्यपूर्वक काम करिए, निश्चित रूप से भाजपा आपको बूथ से उठाकर केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचा देगी। आप बस अपने काम पर विश्वास कीजिए।

#### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें

उन्होंने कहा कि जिस तरह बिहार से हमें मैंडेट मिला है, तो हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। ये जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का समय है। इसलिए हम सभी को मेहनत करनी पड़ेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पंचायत से पार्लियामेंट तक हमें परचम लहराना है। इसलिए बिहार के पंचायत चुनाव के लिए हमें अभी से ही लग जाना है और बिहार को विकसित बिहार बनाना है।

#### राहुल ने भारत का अपमान किया

नितिन नबीन ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल ने जर्मनी की यात्रा के दौरान भारत का अपमान किया। पार्टी के एक नेता ने बताया कि रोड शो पटना हवाई अड्डे के पास अरण्य भवन से शुरू हुआ और बिरचंद पटेल मार्ग पर स्थित राज्य भाजपा मुख्यालय के नजदीक मिलर हाई स्कूल के मैदान में समाप्त हुआ। नबीन एक फूल से सजी गाड़ी पर खड़े थे, जिस पर भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल के कटआउट लगे थे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी भी थे।

#### भगवा हर जगह लहराएगा

उन्होंने कहा कि आज के इस व्यापक कार्यक्रम के लिए एक-एक कार्यकर्ता को मैं तहेदिल से प्रणाम करता हूं, आप सभी को नमन करता हूं। आप लोगों ने बिहार को प्रचंड जीत दी है और पीएम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के करिश्माई नेतृत्व ने जो परचम लहराया, उस जीत के प्रकाश से बिहार आगे बढ़ रहा है। इस जीत का ही नतीजा है कि जो अभी अन्य राज्यों में चुनाव हुए हैं, चाहे महाराष्ट्र का चुनाव हो, चाहे अरुणाचल का चुनाव हो, गोवा का चुनाव हो, उन सभी चुनावों में भाजपा का परचम लहरा रहा है। अब ये जीत बंगाल से लेकर केरल तक जाएगी, भगवा हर जगह लहराएगा।

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्रियों में लगेंगे ताले सिर्फ डीटीसी की चलेंगी बसें



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि प्रदूषण को खत्म करने और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। दिल्ली के अंदर डीटीसी की बस ही चलेंगी। वहीं, प्रदूषण फैलाने वाली 800 से अधिक इंडस्ट्रीज को बंद करने का आदेश दिया गया है।

### योगेश को एआईसीटीई अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के उपाध्यक्ष डॉ. अभय जेरे और सदस्य सचिव प्रोफेसर श्यामा रथ की मौजूदगी में प्रोफेसर सिंह ने नई दिल्ली में स्थित मुख्यालय में अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। कुलपति के रूप में कार्यरत योगेश सिंह के पास एक लंबा अनुभव है।

### अखलाक मॉब लिंचिंग केस में अर्जी निरस्त



**नई दिल्ली।** अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापस लेने के मामले में सुनवाई हुई। मामले में फास्ट-ट्रैक अदालत ने अभियोजन पक्ष की ओर से केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दिया। कोर्टने दोनों पक्षों को सुना। मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी।

### बाड़मेर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी



**बाड़मेर।** राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर के कलेक्ट्रेट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से अलर्ट हो गई हैं। कलेक्ट्रेट के सरकारी ईमेल पर धमकी भरा मेल मिलने की सूचना के बाद पुलिस ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को खाली करवाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में देश भर में भारी विरोध

# बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विहिप ने किया उग्र प्रदर्शन, यूनुस के पुतले को किया आग के हवाले

*दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की भरसक कोशिश भी की*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया गया। विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रही। विश्व हिंदू परिषद ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा और अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर मंगलवार सुबह 11 बजे से शांतिपूर्ण प्रदर्शन का ऐलान किया था। बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन उग्र हो गया है। बताया जा रहा कि इस दौरान कई लोगों ने पविरोधस्वरूप मोहम्मद यूनुस के पुतले को जूतों को कुचला और फिर आग के हवाले किया गया। पुलिस प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी देखने को मिली है। बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जुटकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में 27 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

*विहिप ने पीड़ित परिवार को न्याय की गुहार लगाई*

*देशभर में बांग्लादेश के खिलाफ लोगों में भारी उबाल*



दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन करते लोग, जनाक्रोश दिखा

### हैदराबाद, कोलकाता, सूरत, पटना में भी लोग सड़कों पर उतरे

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग के खिलाफ देशभर में गुस्सा और नाराजगी है। यही वजह है कि दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, सूरत, पटना समेत देश के कई शहरों में लोग बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और इसके साथ ही मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका।



### भीड़ ने पीटकर की थी हत्या

दीपू चंद्र दास पर कथित तौर पर ईशनिंदा का आरोप लगाकर भीड़ ने हमला किया था। आरोप है कि युवक को पहले बेरहमी से पीटा गया, फिर उसके शव को पेड़ से लटकाकर आग लगा दी गई। इस अमानवीय घटना ने पूरे देश में आक्रोश फैला दिया।

### अत्याचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

कोलकाता में बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में सैकड़ों लोगों ने मार्च निकाला। कोलकाता में 'बोंगियो हिंदू जागरण' के बैनर तले सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने 'हिंदू हुंकार पदयात्रा' निकाली। भगवा झंडे लिए प्रदर्शनकारी सियालदह से बांग्लादेश उप उच्चायोग की ओर बढ़ रहे थे, जिन्हें बेकबागान इलाके में भारी पुलिस बल ने रोक दिया।

### पुलिस ने किया लाठीचार्ज

जब प्रदर्शनकारियों ने उप उच्चायोग के करीब जाने के लिए पुलिस बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और हाल ही में हुई एक हिंदू युवक की लिंचिंग के खिलाफ नारेबाजी कर रहे

### जम्मू में भी विरोध प्रदर्शन

जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की कि या तो हिंदुओं को भारत लाया जाए या वहां उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। वकीलों ने यह भी मांग की कि अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों को जम्मू से निकाला जाए।

### विहिप के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

इस बीच कार्यकर्ता बैरिकेडिंग हटाने लगे, जिस वजह से दिल्ली पुलिस ने कार्यकर्ताओं को खदेड़ने की कोशिश की। पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। दिल्ली में कार्यकर्ताओं ने मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंक दिया। बांग्लादेश में फंसे भारतीय नागरिकों, खासकर मेडिकल छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता गहराती जा रही है।

### ढाका में भी दिखी उग्रता

#### बांग्लादेश में भी दीपू के लिए न्याय की मांग

22 दिसंबर 2025 को बांग्लादेश में दीपू की हत्या के खिलाफ ढाका के नेशनल प्रेस क्लब के सामने हिंदू संगठनों और अल्पसंख्यक समूहों ने विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दीपू निर्दोष था। उस पर झूठा आरोप लगाया गया कि उसने ईशनिंदा की है। इसके बाद कट्टरपंथियों ने उसे बुरी तरह पीटा, पेड़ से लटका दिया और फिर जिंदा जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में हालात लगातार खराब हो रहे हैं। उनका दावा है कि इस साल जनवरी से अब तक 50 से ज्यादा गैर-मुस्लिमों की हत्या हो चुकी है और कई लोगों पर ईशनिंदा के झूठे मामले दर्ज किए गए हैं। बांग्लादेश के भालुका में धार्मिक अपमान के झूठे आरोप में गारमेंट वर्कर दीपू चंद्र दास की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को जला दिया। जांच में उस पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने समय पर सूचना नहीं दी, जिससे दीपू की जान नहीं बचाई जा सकी।

## ईसी की मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी

# *छत्तीसगढ़, केरल, मप्र के साथ अंडमान में 93 लाख वोटर्स के नाम हटे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 4 राज्यों- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और केरल में निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन कर दिया गया है। इस पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य फर्जीवाड़े को रोकना और मृत, शिफ्टेड या डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाकर सूची को शुद्ध बनाना था। इस प्रक्रिया में चार राज्यों से लाखों मतदाताओं के नाम सूची से बाहर हो गए हैं। चारों राज्यों में निर्वाचन आयोग ने उन मतदाताओं को मौका दिया है जिनके नाम गलती से कट गए हैं। दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 22 जनवरी 2026 तय की गई है। स्क्रूटनी और सुधार के बाद 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।



### छत्तीसगढ़: 27,34,817 नाम कटे

छत्तीसगढ़ में 2003 के विशेष अभियान के बाद अब तक कुल 27,34,817 नाम हटाए गए हैं। इनमें से 19 लाख से ज्यादा मतदाता अपने पुराने पते से स्थायी रूप से शिफ्ट हो चुके हैं, जबकि 6.42 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। 1.79 लाख नाम 'दोहरी प्रविष्टि' से हटाए गए हैं।

### केरल: 24 लाख मतदाता सूची से बाहर

केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू. केलकर ने जानकारी दी कि राज्य में ड्राफ्ट सूची से 24 लाख से अधिक मतदाताओं को बाहर किया गया है। केरल में भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग पाए गए जो अब संबंधित बूथों

### अंडमान में 79.38% फार्म जमा

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में चलाए गए एससृआईआर अभियान के बाद मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन कर दिया गया है। कुल गणना फॉर्म्स तीन लाख 10 हजार 404 में से 79.38 फीसदी यानी 2 लाख 46 हजार 390 गणना फॉर्म वापस मिले।

## मसूद के बयान पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा, शहजाद ने किया हमला

# सहयोगी व परिवार को भी अब राहुल पर भरोसा नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश मसले पर मीडिया से बात करते हुए इमरान मसूद ने प्रियंका गांधी को पीएम बनाने की वकालत की थी। उन्होंने कहा कि प्रियंका को प्रधानमंत्री बना दीजिए, इंदिरा गांधी जैसा जवाब मिलेगा। अब मसूद के बयान को भाजपा ने आधार बना दावा किया है कि खुद गांधी परिवार राहुल के हाथों में कमान पर सहमत नहीं है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मसूद ने तो साफ-साफ कह दिया कि अब उनको राहुल पर कोई भरोसा नहीं बचा है। अब राहुल हटाओ, प्रियंका जी को लाओ। उन्होंने कहा कि इस बात का समर्थन रॉबर्ट वाड्रा ने भी किया है। इसका मतलब जनमत तो राहुल से गया ही, उनके पास सहयोगियों का समर्थन भी नहीं है और न ही जनपथ का समर्थन मिल रहा है।

इमरान ने की थी राहुल को पीएम बनाने की वकालत, अब वे बात से पलटे

'अब राहुल हटाओ, प्रियंका जी को लाओ' चल रहा





### प्रियंका को आगे आना चाहिए, सब कह रहे: वाड्रा



प्रियंका के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि सब की मांग होती है, सब कहते हैं कि प्रियंका को आना चाहिए। उन्होंने खुद के राजनीति में आने के सवाल पर कहा कि लोगों की ओर से ऐसी मांगें जरूर आती हैं, लेकिन फिलहाल सबसे जरूरी है कि असल मुद्दों पर ध्यान दिया जाए।

### कांग्रेस कह चुकी राहुल और खरगे को हटाना चाहिए

*पूनावाला ने कहा कि कुछ दिन पहले, ओडिशा कांग्रेस नेता मोहम्मद मोकिम ने भी कहा था कि राहुल और मल्लिकार्जुन खरगे को उनके नेतृत्व पदों से हटा देना चाहिए और उनकी जगह प्रियंका को लाना चाहिए। उन्हें तुरंत पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया। इससे ज्यादा साफ नहीं हो सकता कि किसी को भी राहुल पर भरोसा नहीं है।*

## उप्र का उन्नाव रेप केस: पूर्व विधायक सेंगर को जमानत

# इंडिया गेट के साथ मां के साथ पीड़िता धरने पर बैठी, पुलिस ने जबरन उठाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उन्नाव रेप केस में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी है।

अदालत ने चार शर्तों के साथ सेंगर को रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ रेप पीड़िता, उसकी मां और एक्टिविस्ट योगिता भयाना मंगलवार की शाम इंडिया गेट के सामने धरने पर बैठ गईं। आधी रात



पुलिस इंडिया गेट पहुंच गई। पुलिस ने उन्हें वहां से हटने के लिए कहा। आखिरकार तीनों को जबरन इंडिया गेट से हटा दिया गया। महिला सिपाही पीड़िता और उसकी मां को उठाकर अपने साथ ले गई। पुलिस तीनों को लेकर कहां गई है, इसका पता नहीं चल सका है। एक्टिविस्ट योगिता भयाना ने पुलिस पर सवाल उठाए हैं। एक्स पर उन्होंने कहा कि एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है? उसकी यही गलती है कि न्याय की मांग कर रही है? ये कैसा न्याय है?

## 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' पुस्तक का विमोचन किया

# अटल बिहारी वाजपेयी व्यक्ति नहीं, एक संस्था थे: उपराष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति निवास में 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी हैं। उपराष्ट्रपति ने पुस्तक के लेखन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह कृति अत्यंत सामयिक और महत्वपूर्ण है, विशेषकर ऐसे समय में जब देश पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी मना रहा है।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि अपने आप में एक संस्था थे, जिनका संपूर्ण जीवन सिद्धांतों, मूल्यों और राष्ट्रसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि अटलजी का नेतृत्व भारतीय लोकतंत्र और सुशासन की एक प्रेरक मिसाल है।

### अटलजी से जुड़े निजी संस्मरण साझा




उपराष्ट्रपति ने अटल बिहारी वाजपेयी के साथ अपनी व्यक्तिगत निकटता और संस्मरणों को साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए 12वीं और 13वीं लोकसभा के दौरान उन्हें अटलजी से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। उन्होंने जनसंघ काल की यादों का उल्लेख करते हुए बताया कि आपातकाल से पहले कोयंबटूर में अटलजी की एक विशाल जनसभा के आयोजन का अनुभव उनके जीवन पर गहरी छाप छोड़ गया।

### नए राज्यों का गठन और समावेशी विकास

उपराष्ट्रपति ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने क्षेत्रीय आकांक्षाओं को गहराई से समझते हुए छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड जैसे नए राज्यों का गठन किया। यह निर्णय विकेंद्रीकरण और संवेदनशील शासन की दिशा में एक बड़ा कदम था। उन्होंने जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय की स्थापना को भी अटलजी की दूरदर्शिता का उदाहरण बताया। झारखंड के राज्यपाल के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इन निर्णयों के दूरगामी सकारात्मक प्रभाव आज भी स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं।

### पोखरण परमाणु परीक्षण ने दिखाई सशक्त भारत की तस्वीर

उपराष्ट्रपति ने राष्ट्र निर्माण में अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने कई क्षेत्रों में ऐतिहासिक प्रगति की। उन्होंने मई 1998 में ऑपरेशन शक्ति के तहत पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षणों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस निर्णायक कदम ने वैश्विक मंच पर भारत के आत्मविश्वास, संकल्प और सामर्थ्य को प्रदर्शित किया। उन्होंने अटलजी के प्रसिद्ध नारे 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' को उद्धृत करते हुए कहा कि यह नारा उनके समग्र और संतुलित राष्ट्रीय दृष्टिकोण को दर्शाता है।

### सुशासन की विरासत

उपराष्ट्रपति ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा सुशासन पर विशेष जोर दिया, इसी कारण उनकी जयंती को आज सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, गोल्डन क्वाड्रिलैटरल परियोजना, और बिजली क्षेत्र में किए गए सुधारों को अटलजी की दूरदृष्टि का परिणाम बताया, जिनसे भारत के विकास की मजबूत नींव पड़ी।

### गणमान्य लोग रहे उपस्थित

इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष एवं पुस्तक के लेखक वासुदेव देवनानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बॉक्सिंग डे मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान, कमिंस बाहर, मर्फी करेंगे टेस्ट डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट में विश्राम दिया जाएगा जबकि चोटिल नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में शामिल किया गया है। मर्फी बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) मैच में ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैट कुहनेमैन और कोरी रोकिचिओली पर प्राथमिकता दी गई है। ऑस्ट्रेलिया एडिलेड ने तीसरा टेस्ट मैच जीतकर पहले ही एशेज अपने पास बरकरार रह चुका है। जून से पीठ दर्द के कारण परेशान रहे कमिंस ने एडिलेड टेस्ट में वापसी की थी लेकिन अगले मैच के लिए उन्हें विश्राम दिया जाएगा। कमिंस ने एडिलेड में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 82 रन की जीत के बाद कहा था कि उनका एमसीजी में खेलना मुश्किल है।






**ऑस्ट्रेलिया टीम:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर।

## टी20 विश्व कप में कमिंस का खेलना संदिग्ध

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस का अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह पीठ की चोट से अभी तक पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं। कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के पहले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट में वापसी की और छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कमिंस अब इस श्रृंखला के बाकी बचे दो मैच में नहीं खेल पाएंगे और यहां तक कि उनका टी20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। ऑलराउंडर मिचेल मार्श टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, 'विश्व कप का बेसब्री से इंतजार है। वह (कमिंस) इस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल होंगे या नहीं, मैं अभी इस बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कर सकता।

## स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

स्टीव स्मिथ अस्वस्थ होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे लेकिन अब उनके ठीक होने की उम्मीद है। कमिंस की अनुपस्थिति में वह एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन टीम में वापस बुलाए जाने के बाद चार साल से अधिक समय में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए दावेदार हैं। तीसरे टेस्ट के अंतिम दिन चौका बचाने के लिए डाइव लगाते समय लियोन की हैमस्ट्रिंग में मोच आ गई। 38 वर्षीय लियोन अपने टेस्ट करियर में अधिकतर समय चोटों से मुक्त रहे। इससे पहले उन्हें एक बार 2023 में पिंडली की चोट के कारण एशेज टेस्ट मैच से बाहर होना पड़ा था। इंग्लैंड में खेली गई इस श्रृंखला में लियोन के चोटिल होने के बाद मर्फी ने दो टेस्ट खेले थे, जिसमें उन्होंने ओवल में छह विकेट लिए थे। एशेज श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### हरमनप्रीत और सविता को सूरमा हॉकी क्लब की कमान



**नई दिल्ली।** स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर सविता आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में फिर से सूरमा हॉकी क्लब की पुरुष और महिला टीमों की कमान संभालेंगे। मिडफील्डर सलीमा टेटे को महिला टीम की उप कप्तान नियुक्त किया गया है। भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'इस टीम का नेतृत्व करना विशेष होता है। पिछले सत्र में तीसरे स्थान पर रहने से हमारी क्षमता का पता चलता है और इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिला है। मेरा मानना है कि हमारे पास सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती देने के लिए सही संयोजन है।' महिला टीम पिछले साल उपविजेता रही थी, जिसमें सविता और सलीमा ने अहम भूमिका निभाई थी।

### स्ट्राइकर नेमार की हुई सर्जरी खेल सकते हैं विश्व कप

**साओ पाउलो।** स्टार स्ट्राइकर नेमार के बाएं घुटने की सर्जरी हुई है



लेकिन उन्हें अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में खेलने और ब्राजील की तरफ से फाइनल में गोल करने की उम्मीद है। नेमार के क्लब सैंटोस ने बताया कि इस 33 वर्षीय खिलाड़ी के बाएं घुटने की मामूली सर्जरी हुई है। इस चोट के कारण वह इस साल लंबे समय तक बाहर रहे। उनकी आर्थोस्कोपी सर्जरी रोड्रिगो लास्मार ने की, जो ब्राजील टीम से भी जुड़े हुए हैं।

### कोच के रूप में भविष्य नियंत्रण में नहीं : मैकुलम

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ऑस्ट्रेलिया के हाथों



एशेज श्रृंखला में हार के बावजूद अपने पद पर बने रहना चाहते हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में उनका भविष्य अब उनके नियंत्रण में नहीं है। इंग्लैंड ने पहले तीन टेस्ट मैचों के अंदर ही एशेज को 3-0 से गंवा दिया, जिसके बाद मैकुलम की भूमिका पर सवाल उठने लग गए हैं।

---

### आज सुबह 9 बजे से बेंगलुरु में घरेलू वनडे, खेलेंगे दिग्गज खिलाड़ी

# सितारों की मौजूदगी से दमकी विजय हजारे ट्रॉफी, कोहली-रोहित-गिल से बढ़ा रोमांच

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित कई शीर्ष भारतीय क्रिकेटरों की उपस्थिति से 24 दिसंबर से शुरू होने वाले विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की चमक बढ़ गई है, जिसमें इन दिग्गज खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलेगा। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने वाले स्टार खिलाड़ियों की कतार में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे नाम शामिल हैं, लेकिन कोहली और रोहित जितनी सुर्खियां किसी और को नहीं मिलतीं।

## घरेलू ट्रॉफी के दो मैच में खेलना अनिवार्य

कोहली और रोहित को इसलिए घरेलू टूर्नामेंट में खेलना पड़ रहा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी भारतीय क्रिकेटरों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैच में खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। कोहली 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। उनका और रोहित का इस टूर्नामेंट में खेलने का सीधा मतलब है कि यह दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में विकसित हो रहे शक्ति समीकरणों से अछूते नहीं हैं। यह दोनों खिलाड़ी अभी क्रिकेट जगत के स्टार हैं लेकिन क्रिकेट परिदृश्य में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसका असर इन दोनों पर पड़ना लाजमी है।




## टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे पंत

खिलाड़ियों में पंत भी शामिल है, जो टेस्ट क्रिकेट की टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे हैं। पंत विजय हजारे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अगस्त 2024 के बाद से वनडे या टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है।

## गिल करेंगे लय हासिल करने की कोशिश

गिल आगामी टी20 विश्व कप के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद लय हासिल करने कोशिश करेंगे। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज पंजाब के लिए खेलते हुए अपनी निराशा को दूर करने का प्रयास करेगा। गिल के लिए यह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले एक अच्छा अभ्यास होगा, जिसमें वह भारत की कप्तानी करेंगे।

## तेज गेंदबाजों पर चयनकर्ताओं की निगाह

इस टूर्नामेंट में चयनकर्ताओं की निगाह तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन पर भी टिकी रहेगी। कुछ साल पहले मोहम्मद सिराज के रणजी ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद से कोई भी अन्य तेज गेंदबाज ऐसा करने में सफल नहीं रहा है। भारतीय टीम में शामिल तेज गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और आकाश दीप के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इस संदर्भ में गुरजपनीत सिंह (तमिलनाडु), गुरनूर बरार (पंजाब), युद्धवीर सिंह (जम्मू कश्मीर), अनुज ठकराल (हरियाणा) और साकिब हुसैन (बिहार) आदि खिलाड़ियों में चयनकर्ताओं की विशेष रुचि होगी।

**मुंबई की तरफ से खेलेंगे रोहित**

रोहित ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे। कोहली ने मुंबई में भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ अभ्यास किया। उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह दिल्ली के लिए कौन से दो या तीन मैच खेलेंगे। दिल्ली एलीट ग्रुप डी में बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। यह मैच बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस (सीओई) में खेला जाएगा क्योंकि कर्नाटक सरकार ने सुरक्षा कारणों से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैचों के आयोजन को अनुमति नहीं दी। दिल्ली का अगला मुकाबला गुजरात से होगा।

---

### आईसीसी रैंकिंग

# दुनिया की नंबर-1 गेंदबाज बनीं दीप्ति, मंधाना से छिना ताज

एजेंसी ▶▶ दुबई

स्टार भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अपने करियर में पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं। विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 28 साल की ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 20 रन देकर एक विकेट चटकाया और इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गईं। दीप्ति ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पांच स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर हैं जबकि स्पिनर श्री चरणी 19 स्थान की लंबी छलांग के साथ 69वें स्थान पर पहुंच गईं। स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं।

- ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर दीप्ति




## जेमिमा पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर

विशाखापत्तनम में 44 गेंद में नाबाद 69 रन बनाकर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं जेमिमा रोड्रिग्स पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर हैं। भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं। शेफाली वर्मा एक स्थान नीचे खिसककर 10वें स्थान पर हैं।

## वोलवार्ट ने स्मृति पर बनाई नौ अंक की बढ़त

आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दूसरे और तीसरे मैच में 124 और नाबाद 100 रन बनाकर लगातार दो शतक जड़ने वाली वोलवार्ट ने स्मृति पर नौ अंक की बढ़त बना ली। वोलवार्ट ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 820 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस 45 और 64 रन की पारियों के बाद चार स्थान ऊपर 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उनकी टीम की साथी ऐमी हंटर 31वें से 28वें स्थान पर पहुंच गईं जबकि दक्षिण अफ्रीका की सुने लुस (सात स्थान ऊपर 34वें स्थान पर) और डेन वैन नीकर्क (24 स्थान ऊपर 95वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।

---

### शहीद हेमू कालाणी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

# मध्यप्रदेश में खेल का एक सशक्त कल्चर विकसित हो रहा हैः रामेश्वर

35 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

हुजूर विधानसभा के संत हिरदाराम नगर स्थित शहीद हेमू कालाणी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव में क्षेत्र के 35 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक विद्यालय ने 3 से 4 खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जहां विद्यार्थियों ने पूरे दम-खम के साथ खेलों का आनंद लिया।

प्रतियोगिताओं के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सिल्वर एवं गोल्ड मेडल तथा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल



महोत्सव में भोपाल के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा, सेज ग्रुप के चेयरमैन संजीव अग्रवाल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजनों से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच मिल रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि खेल को करियर के रूप में अपनाने वाले युवाओं को हरसंभव प्रोत्साहन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

---

### भारत ने श्रीलंका को 20 ओवर में नौ विकेट पर 128 रन के स्कोर पर रोका

# भारत ने श्रीलंका को सात विकेट से हराया शेफाली का पचासा, सीरीज में 2-0 की बढ़त ली

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

भारत ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के नाबाद अर्धशतक की मदद से श्रीलंका को दूसरे टी20 मैच में सात विकेट से हराया। भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 20 ओवर में नौ विकेट पर 128 रन के स्कोर पर रोका। जवाब में भारत ने 11.5 ओवर में तीन विकेट पर 129 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत ने इस तरह पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली है। भारत के लिए शेफाली वर्मा ने 34 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 69 रन बनाए। वहीं, ऋचा घोष एक रन बनाकर नाबाद रहीं।




## जेमिमा-शेफाली की साझेदारी

*भारत के लिए शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पारी की शुरुआत की, लेकिन ये साझेदारी ज्यादा देर नहीं टिक सकी। कविष्का ने मंधाना को आउट कर भारत को पहला झटका दिया जो 11 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 14 रन बनाकर आउट हुईं। हालांकि, इसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स और शेफाली वर्मा ने शानदार साझेदारी की। जेमिमा और शेफाली ने आक्रामक बल्लेबाजी की जिससे भारत का स्कोर आठवें ओवर में ही 80 रन के पार पहुंच गया। काव्या काविंदी ने जेमिमा रोड्रिग्स को आउट कर भारत को दूसरा झटका दिया। जेमिमा हालांकि 15 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर आउट हुईं जिससे इस साझेदारी का अंत हुआ। जेमिमा और शेफाली ने दूसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर 12 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हुईं। श्रीलंका की ओर से माल्की मदारा, काव्या काविंदी और कविशा दिलहारी को एक-एक विकेट मिले।*

---

### स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप

# राफेल एकादश ने डॉ. रजा एकादश को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल संभाग क्रिकेट संघ और पब्लिक वाणी द्वारा आयोजित स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता में राफेल एकादश की टीम विजयी हुई हैं। स्थानीय ओल्ड कैम्पियन खेल मैदान पर आयोजित इस प्रतियोगिता में आज का मैच राफेल एकादश और डॉ. रज़ा एकादश की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें डॉ. रज़ा एकादश ने 155/7 रन बनाए, जिसमें रिज़वान ने 42, डॉ. सैयद बासित अली ने 36 और कप्तान लोकेश मालवीय ने 26 बनाए। गेंदबाज़ी करते हुए राफेल एकादश की ओर से जितेन्द्र सिंह डोडवे ने 2 विकेट, जबकि सुशील पटेल और शिखर नवल ने क्रमशः 1-1 विकेट लिए। जवाब में राफेल एकादश ने 19.4 ओवरों मैं 156/9 रन बनाकर मैच को एक विकेट से जीत लिया।





कप्तान मानव ने 35, प्रशांत ने 24, अंकित गुप्ता ने 22 और जितेंद्र सिंह डोडवे ने 20 रन बनाए। डॉ. रज़ा एकादश की ओर से सलमान, रिजवान, दीपक मालवीय ने 2-2 विकेट लिए, जबकि शिवा सिंह और सुमित सिंह ने 1-1 विकेट लिए। मैच में दोहरे प्रदर्शन के लिए जितेन्द्र सिंह डोडवे को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीडीसीए उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सिंह ठाकुर और वरिष्ठ क्रिकेटर राजेंद्र राव और पीयूष सिंह बघेल द्वारा प्रदान किया गया।

---

### सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट

# रेलवे यूथ को हराकर विश्वास सारंग अकादमी फाइनल में

**भोपाल।** विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में आयोजित सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को दो दिनी सेमी फाइनल खेले गए, जिसमें पहला विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी और रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। विश्वास सारंग अकादमी ने रेलवे यूथ का एक विकेट पहले ही दिन आउट कर दिया था और दूसरा दिन खत्म होते हुए सारंग अकादमी ने रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी को 104 रनों पर ऑल आउट करके फाइनल में प्रवेश कर लिया। जिसमें वंश बॉथम और सत्यम पाण्डेय ने 2-2 विकेट लिए और विनम्र, समर, दक्ष, विद्यांश, कबीर ने 1 1 विकेट लिया। विनम्र समुद्रे को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



## अकीरा क्रिकेट अकादमी फाइनल में, वीएस अकादमी से होगा मुकाबला

आज का दूसरा सेमी फाइनल अरेरा और अकीरा क्रिकेट अकादमी के बीच था, जिसमें पहली पारी के बढ़त के बाद अरेरा क्रिकेट अकादमी 215 रनों पर ऑल आउट हो गई, जिसमें विवान ने 62 और युवराज ने 50 रन बनाए। आदित्य परमार ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अकीरा की टीम 104 रन ही बना पाई। इस तरह अकीरा क्रिकेट अकादमी ने यह मैच पहली पारी के बढ़त से जीत लिया। अकीरा के वेदांत ने 50 रन बनाए। तेजस सिंह ने 4 विकेट लिए। अकीरा के विवान द्विवेदी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मैच विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी और अरेरा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा।

---

# पत्नी हिमानी के साथ नीरज चोपड़ा ने की पीएम मोदी से मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। नीरज के साथ इस दौरान पत्नी हिमानी मोर भी मौजूद रहीं। नीरज ने इस साल पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी से शादी की थी और वह फिलहाल ब्रेक पर चल रहे हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर नीरज के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा, 'नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोरी के साथ आज सात, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। हमने इस दौरान खेल सहित विभिन्न मुद्दों पर बात की।'



हरियाणा के जेवलिन थ्रोअर ओलिंपिक मेडलिस्ट गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा की 25 दिसंबर को रिसेप्शन पार्टी रखी गई है। करनाल के द ईडन और जन्नत हॉल में 2 अलग-अलग प्रोग्राम रखे गए हैं। 27 दिसंबर को दिल्ली में लीला होटल में भी रिसेप्शन पार्टी रखी गई है। इसमें वीआईपी गेस्ट शामिल होंगे। इसकी पुष्टि खुद नीरज के चाचा भीम चोपड़ा ने की है।




### सीएमएचओ कार्यालय में हुई सार्थक एप की समीक्षा में हुआ खुलासा

# हद है... मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के डॉक्टर ने 500 किमी दूर से 'सार्थक एप' पर लगा दी हाजिरी

**भोपाल में अलग-अलग चेहरों से लग रही सरकारी कर्मचारी की अटेंडेंस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में पदस्थ कुछ चिकित्सकों ने नियमों को ताक पर रखकर ड्यूटी से गैरहाजिर रहते हुए 'सार्थक एप' पर उपस्थिति दर्ज कराई।

हैरानी की बात यह रही कि एक डॉक्टर ने कार्यस्थल से 500 किलोमीटर दूर से अटेंडेंस लगा दी। जबकि दूसरे मामले में एक ही चिकित्सक की हाजिरी में अलग-अलग चेहरों की तस्वीरें सामने आईं। यह खुलासा सीएमएचओ कार्यालय में हुई सार्थक एप की समीक्षा के दौरान हुआ। मामला सामने आते ही सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता और विभागीय दायित्वों के विपरीत मानते हुए तत्काल कार्रवाई की। संजीवनी क्लीनिक के दो चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और संतोषजनक जवाब न मिलने पर कठोरतम वैधानिक कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं।

### ऐसे सामने आई उपस्थिति में गड़बड़ी

भोपाल सीएमएचओ कार्यालय द्वारा सार्थक एप पर दर्ज की जा रही उपस्थिति की निगरानी शुरू की गई। इसी प्रक्रिया में जब हालिया डेटा की जांच की गई, तो कुछ एंट्री असामान्य पाई गईं। एप में दर्ज लोकेशन और फोटो वेरिफिकेशन ने स्पष्ट संकेत दिए कि कुछ चिकित्सक वास्तविक कार्यस्थल पर मौजूद नहीं थे, बावजूद इसके उनकी उपस्थिति दर्ज हो रही थी। यह न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है। दूसरा मामला मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक बाग मुंगालिया से जुड़ा है। यहां पदस्थ चिकित्सक डॉ. मिनहाज की उपस्थिति जांच के दौरान और भी चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। सार्थक एप पर दर्ज हाजिरी में अलग-अलग लोगों के चेहरे दिखाई दिए। इससे यह संदेह गहराया की या तो एप का दुरुपयोग किया गया या फिर किसी अन्य व्यक्ति से उपस्थिति दर्ज करवाई गई। यह मामला केवल अनुपस्थिति का नहीं, बल्कि तकनीकी से छेड़छाड़ की ओर इशारा करता है।

**डॉ. संजीव सिंह रोजाना लगा रहे थे 11 किलोमीटर दूर से अपनी हाजिरी**

जांच में सामने आया कि मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक, गौतम नगर में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव सिंह ने विगत दिनों कार्यस्थल से लगभग 500 से 600 किलोमीटर की दूरी से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इतना ही नहीं, रोजमर्रा की उपस्थिति भी लगभग 11 किलोमीटर दूर की लोकेशन से लगाई जा रही थी।

**अनुशासनहीनता है**

सरकारी सेवा में रहते हुए उपस्थिति में हेरफेर करना गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसका सीधा असर मरीजों के उपचार पर पड़ता है। संजीवनी क्लीनिक का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिकों को सुलभ और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ

### सीएमएचओ डॉ. मनीष के निरीक्षण से डॉक्टर और कर्मचारियों में मचा हड़कंप

## सीएमएचओ ने किया कोलार अस्पताल का निरीक्षणः शिशु रोग वार्ड को 24*7 संचालित करने के दिए निर्देश



सार्थक एप की समीक्षा करते डॉ. शर्मा।

कोलार अस्पताल में मंगलवार को बिना सूचना दिए निरीक्षण करने पहुंचे सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा को देखकर डॉक्टरों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में अस्पताल प्रबंधक व्यवस्थाएं दुरूस्त करते हुए नजर आए।

डॉ. मनीष शर्मा ने सबसे पहले प्रसूति वार्ड, ओपीडी, शिशु रोग वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा ने निर्देश दिए कि अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना की जा चुकी है और 24*7 संचालित करने निर्देश दिए। सीएमएचओ ने चिकित्सकों और स्टाफ की बैठक लेकर निर्देश दिए कि अस्पताल में चिकित्सक से लेकर सभी स्टाफ निर्धारित समय पर ओपीडी में उपस्थित रहे और सार्थक एप पर ही अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

### बैरसिया में सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई चोरी की घटना

# हार्डवेयर शोरूम के काउंटर में रखा साढ़े 8 लाख कैश लेकर भागा चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बैरसिया के विदिशा रोड स्थित हार्डवेयर शोरूम में चोरी की बड़ी वारदात को बदमाशों ने अंजाम दिया है। छत के रास्ते घुसकर चोरों ने करीब साढ़े 8 लाख रुपए नगद लेकर भाग निकले। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि युवक शोरूम के कैश काउंटर तक पहुंचा। काउंटर पर रखा नगदी से भरा बैग लेकर फरार हो गय। करीब 20 सेकंड के अंदर युवक ने दुकान के भीतर घुसकर वारदात को अंजाम दिया। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी का चेहरा और गतिविधियां रिकॉर्ड हो गई है। बैरसिया पुलिस को फरियादी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि जब सुबह दुकान के भीतर अंदर जाकर देखा तो काउंटर में रखा हुआ कैश से भरा बैग गायब है। आसपास और दुकान के भीतर सीसीटीवी कैमरे देखने पर दो कमरों में एक युवक और उसका साथी नजर आ रहा है। दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में वह छत के रास्ते से अंदर घुस गया, जिसके बाद उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

**कर्मचारियों से भी हो रही पूछताछ**

पुलिस दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है, क्योंकि घटना इतने संजीदा अंदाज में हुई कि जैसे सब कुछ पता था कि कहां पर पैसा रखा हुआ था, क्योंकि घटना में इस बात का उल्लेख किया गया है कि बहुत ही साफ-सफाई से घटना को अंजाम दिया गया। दुकान के भीतर कई फिंगरप्रिंट को भी पुलिस ने कलेक्ट करके जांच में भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस आगे आरोपियों के डेटा बेस को भी खंगालने की कोशिश करेगी।

## बीएड की आज होने वाली परीक्षा स्थगित अगली तारीख जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**बीयू ने बीएड और एम.एड. की जारी समय-सारिणी को स्थगित करने जारी किए आदेश**

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव परीक्षा ने आदेश जारी कर आज 24 दिसंबर को होने वाली बीएड की परीक्षा निरस्त की है। जारी आदेश के अनुसार बीयू की परीक्षाएं जो पूर्व में प्रसारित समस्त अधिसूचना (दिनांक 09/12/2025) जो बी.एड./ एमएड की परीक्षाएं आयोजित होना थी, उन्हें अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। उक्त परीक्षाओं की अगली तारीख निर्देशानुसार उपरोक्त सभी संकायों के साथ घोषित की जाएगी। बीएड की जो परीक्षाएं 24 दिसंबर 2025 और एमएड की परीक्षाएं 30 दिसंबर 2025 को शुरू होना थीं, उन्हें स्थगित किया गया है।

## एनसीआईएसएमः अब अतिथियों को नहीं दे सकेंगे उपहार व स्मृति चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

आयुर्वेद, सिद्धा, सोवा-रिग्पा, यूनानी कॉलेजों को मान्यता प्रदान करने संबंधित निरीक्षण से लेकर पाठ्यक्रम निर्धारण आदि के लिए नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) के तहत मेडिकल असिस्मेंट एण्ड रेटिंग बोर्ड फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (मार्बिज्म) से संबंधित कार्यों के लिए नियम सख्त कर दिए हैं। एनसीआईएसएम के सचिव सच्चिदानंद प्रसाद द्वारा जारी पत्र के अनुसार अब बिना अपॉइंटमेंट के मार्बिज्म के अध्यक्ष से नहीं मिला सकता है। अगर जरूरी मिलना भी है तो संबंधित प्रिंसिपल की पहले अनुमति लेकर एनसीआईएसएम से विधिवत अपॉइंटमेंट के बाद ही मिल सकते हैं। प्रोटोकॉल के अनुसार अधिकारियों से मिलने पर मुलाकातों व बैठकों के दौरान गुलदस्ते, उपहार, स्मृति चिन्ह या ऐसी कोई भी वस्तु भेंट करना वर्जित कर दिया गया है।

**भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए सराहनीय कदमः डॉ. पाण्डेय**

आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने कहा कि अब एनसीआईएसएम ने आयुष कॉलेजों के प्राचार्यों को और ज्यादा सम्मान देकर किसी न किसी रूप में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की दिशा में कार्य किया है। पहले बिना अपॉइंटमेंट के ही लोग सीधे एनसीआईएसएम ऑफिस में जाकर अधिकारियों से मिलने जाते रहे हैं, जिससे आयोग का कार्य भी प्रभावित होता था और जहां संस्था में स्टाफ काम करता था, वहां भी दिक्कतें होतीं थीं। ऑफिस टाइम में उपहार, स्मृति चिन्ह देना आदि भी कानूनन उचित नहीं है।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

## ऑटो चालक ने नाबालिग छात्रा का किया शारीरिक शोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ऑटो चालक ने 14 वर्षीय नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर शारीरिक शोषण किया। पुलिस ने नाबालिग को राजस्थान से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया और आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

ऐशबाग पुलिस के अनुसार, 12 दिसंबर को सूचना मिली कि 11 दिसंबर को सुबह स्कूल जाने के बहाने घर से निकली 14 वर्षीय किशोरी शाम 4.30 बजे तक घर नहीं लौटी। किशोरी की मां ने स्कूल की शिक्षिका से संपर्क किया, जिन्होंने बताया कि बच्ची पिछले एक सप्ताह से स्कूल नहीं आ रही है। किशोरी के माता-पिता ने संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली, जिससे संदेही की पहचान हो गई। इसके बाद पुलिस पाली जिले के लिए रवाना हुई। संदेही युवक के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करने पर टीम शिवनाथ सिंह के खेत के टपरे तक पहुंची, जहां नाबालिग भी मिली।

### ऑटो में हुई थी पहचान

पुलिस ने इसी लोकेशन से साहिल नामक युवक को भी गिरफ्तार किया, जिसने नाबालिग को साथ लाया था। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि साहिल खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और कई दिनों से शारीरिक शोषण कर रहा था। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी भोपाल में ऑटो चलाता था और इसी दौरान उसकी पहचान नाबालिग से हुई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## देवास लोकायुक्त की कार्रवाईः महिला परामर्श केंद्र में रिश्वत लेते महिला आरक्षक को रंगे हाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवास में लोकायुक्त पुलिस ने महिला परामर्श केंद्र में पदस्थ महिला आरक्षण को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा है। 19 दिसंबर को आवेदक विशाल परमार ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी।

शिकायत में बताया गया कि उसकी पत्नी अर्चना ने महिला थाना देवास में मारपीट एवं दहेज प्रताड़ना को केस दर्ज कराया है। शिकायत पर कार्रवाई न करने के एवज में प्रधान आरक्षक शाहीन खान की ओर से 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत की जांच निरीक्षक दीपक के. सेजवार द्वारा की गई, जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन आनंद यादव के निर्देश पर महिला थाना की प्रधान आरक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। महिला थाना देवास में पदस्थ प्रधान आरक्षक 771 शाहीन खान को आवेदक विशाल परमार से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त ट्रैप दल ने पकड़ा है। लोकायुक्त थाना प्रभारी दीपक सेजवार ने बताया कि लोकायुक्त टीम द्वारा ट्रैप दल का गठन कर कार्रवाई की गई। योजना के तहत महिला प्रधान आरक्षक को रिश्वत लेते समय रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

## भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4209 रुपए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। मंगलवार 23 दिसंबर को 4209 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है, जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार की ओर से दी जा रही है।

सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए, 22 नवंबर को 4285 रुपए, 28 नवंबर को 4260 रुपए और 30 नवंबर को 4237 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था। इसी तरह 1 दिसंबर को 4239 रुपए, 2 दिसंबर को 4235 रुपए, 3 दिसंबर को 4240 रुपए, 4 दिसंबर को 4235 रुपए, 5 दिसंबर को 4230 रुपए, 6 दिसंबर को 4217 रुपए, 7 दिसंबर को 4222 रुपए, 8 दिसंबर को 4219 रुपए, 9 दिसंबर को 4217 रुपए और 10 दिसंबर को 4210 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

### निगम प्रशासन के एक साथ जारी किए तीन आदेश, की बड़ी प्रशासनिक सर्जरी...

# 64 उप यंत्रियों के प्रभार में बदलाव, कई प्रभारी सहायक यंत्रियों के जोन भी छिने

3 सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों के भी जोन बदले, सिविल, जलकार्य, सीवेज, गार्डन सेक्शन, एचएफए सहित कई विभागों में इंजीनियरों के कम किए प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम प्रशासन ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 64 उप यंत्रियों के प्रभार बदल दिए हैं। निगम प्रशासन ने एक साथ तीन आदेश जारी किए। इनमें कई प्रभारी सहायक यंत्रियों से उनके जोन वापस ले लिए गए हैं, जबकि 8 कार्यपालन यंत्रियों के विभागों में बदलाव किया गया है। 3 सहायक स्वास्थ्य स्वास्थ्य अधिकारियों के जोन बदले गए हैं। जबकि 2 नए अधिकारियों को जो स्वच्छता निरीक्षक और निरीक्षक का जिम्मा संभाल रहे थे, उन्हें प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बनाया गया है।

यह फेरबदल सिविल, जलकार्य, सीवेज, गार्डन सेक्शन, एचएफए सहित कई विभागों में किया गया है। कई इंजीनियरों के प्रभार कम किए गए हैं, वहीं कुछ उप उपयंत्रियों के जोन बढ़ाकर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों के भी जोन बदले गए हैं। इस तरह के बडे फेरबदल के कयास पहले से ही लगाए जा रहे थे, क्योंकि टीएल की बैठक में इंजीनियर निगम आयुक्त को चाही गई जानकारी नहीं दे पा रहे थे। निगम आयुक्त इंजीनियरों के कामों से नाखुश थीं।

**खास बातें**

- 8 कार्यपालन यंत्रियों के विभाग बदले
- इंजीनियरों के कामों से नाखुश निगम आयुक्त की नाराजगी के बाद से बदलाव के लगाए जा रहे थे कयास

**अच्छा काम करने वालों को एक से पांच जोन का प्रभार**

यांत्रिकी और जलकार्य में सहायक यंत्री और उपयंत्रियों का कद बढ़ाते हुए अच्छा काम करने वालों को एक से पांच जोन तक का प्रभार दिया गया है। जबकि स्वास्थ्य विभाग में खाली हुए दो जोन में नए कर्मचारियों की नियुक्ति के साथ फेरबदल किया गया। देर रात जारी हुए आदेश में विधानसभा स्तर पर डिप्टी सिटी इंजीनियरों को जिम्मेदारी दी गई है। प्रमोद मालवीय को सिविल के साथ झील संरक्षण और शहर में बनने वाले प्रवेश द्वार का डिप्टी सिटी इंजीनियर बनाया है। वहीं बृजेश कौशल को सिर्फ गोविंदपुरा, अनिल टटवाडे को मध्य और उत्तर विधानसभा, एसके राजेश को दक्षिण-पश्चिम और हुजूर, एके साहनी को नरेला दिया गया है जबकि टटवाडे से अतिक्रमण लेकर राजा राम अहिरवार को दिया गया है। विद्युत में आशीष श्रीवास्तव से नरेला लिया है, बाकी विभाग इनके पास रहेंगे। जेडए खान से एचएफए वापस ले लिया है। वह जलकार्य देखेंगे।

**निगम में 64 उपयंत्रियों के बदले गए जोन**

निगम में 64 उपयंत्रियों के जोन बदलते हुए नई जिम्मेदारी दी गई है। जोन 13 भेजी गई भावना पटेरिया को जोन 6 में प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बनाया गया है। जोन 6 के अंकित गौतम को जोन 7 में, जोन 16 के संदीप मंडलेकर को जोन 13, मनोज भूमरकर को जोन 16 और विजय शाक्य को जोन 14 भेजा गया है।

**जहां काम नहीं हुआ, वहां अधिकारी बदले**

जहां काम नहीं हुआ, जैसे झील संरक्षण, वहां अधिकारी बदल दिया गया। जहां काम की गति बढ़ानी है, वहां भरोसेमंद फील्ड अफसरों को एक साथ पांच जोनों की कमान देकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर निगम में पहली बार एक साथ यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग में थोकबंद तबादले किए हैं। जारी आदेश के अनुसार डिप्टी सिटी इंजीनियर प्रमोद मालवीय को झील संरक्षण वापस मिल गया है। चार महीने पहले मालवीय से झील लेकर बृजेश कौशल को दिया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930